पौष मास, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 11, अंक 328, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 5 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की


वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - अपने उद्देश्य में कितने सफल हैं राहुल



अन्दर : पांड्या का बड़ा बयान
मैच हारने में समस्या नहीं

# सुप्रीम कोर्ट से यूपी सरकार को राहत

## निकाय चुनाव से जुड़े इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, 27 दिसंबर को दिया था आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए राहत भरी खबर आई। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से नियुक्त पैनल को तीन महीने में राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस दौरान स्थानीय निकायों का प्रशासन बाधित न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कार्यकाल समाप्त होने के बाद

**फैसला**

**उत्तर प्रदेश सरकार ने बनाया है ओबीसी आयोग**

**हाईकोर्ट ने दिया था चुनाव कराने का आदेश**

अधिकारों को प्रत्यायोजित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिन प्रशासकों को उनकी शक्तियां सौंपी जाएंगी, वे बड़े नीतिगत फैसले नहीं लेंगे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर



जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर संज्ञान लिया। पीठ ने निर्देश दिया कि आयोग को 31 मार्च तक स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर फैसला करना होगा।

इससे पहले स्थानीय निकाय चुनाव मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया था। मामले चार जनवरी को सुनवाई तय की गई थी। दरअसल, शहरी स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में निकाय चुनावों पर सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द कर दिया था।

राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा था कि उच्च न्यायालय पांच दिसंबर की मसौदा अधिसूचना को रद्द नहीं कर सकता है, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अलावा अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए शहरी निकाय चुनावों में सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड रुचिरा गोयल के माध्यम से दायर अपील में कहा गया था कि ओबीसी संवैधानिक रूप से संरक्षित वर्ग है और उच्च न्यायालय ने मसौदा अधिसूचना को रद्द करने में गलती की है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए सभी मुद्दों पर विचार करने के लिए पांच सदस्यीय आयोग नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच दिसंबर को निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी की थी। इसके इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कहा गया कि यूपी सरकार ने आरक्षण तय करने में सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ले का पालन नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने आरक्षण की अधिसूचना रद्द करते हुए यूपी सरकार को तत्काल प्रभाव से बिना ओबीसी आरक्षण लागू किए नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला दे दिया था।

# सोनिया गांधी अस्वस्थ अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जैसे ही इस बात की जानकारी मीडिया में आई तमाम कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने उनके स्वास्थ्य के लिए चिंता जताई। सोनिया गांधी को श्वसन संबंधी वायरल इन्फेक्शन था और अपने रूटीन चेक अप के लिए वो अस्पताल पहुंची थीं। इस बात को लेकर बाद में अस्पताल प्रशासन ने एक बयान भी जारी किया। अस्पताल प्रशासन ने जारी किए गए बयान में बताया कि सोनिया गांधी को क्यों हॉस्टपिटलाइज्ड करना पड़ा।



सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को हमारे

**चिंता**

**अस्पताल ने कहा, उन्हें है इन्फेक्शन, प्रियंका भी साथ में**

अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्हें वायरल रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन की निगरानी और इलाज के लिए उन्हें चेस्ट मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा उनके साथ अस्पताल गईं। सोनिया गांधी सांस संबंधी संक्रमण से जूझ रही हैं। सूत्रों की मानें तो वह मंगलवार से ही अस्वस्थ हैं, यही वजह है कि राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा मंगलवार शाम उप्र में प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो यात्रा में सात किमी पैदल चलकर दिल्ली लौट आए थे।




# क्रिकेटर ऋषभ पंत मुंबई एयरलिफ्ट किए गए

**मुंबई।** टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को 4 जनवरी 2023 को देहरादून के मैक्स अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। उन्हें आगे के इलाज के लिए मुंबई एयरलिफ्ट किया गया। वह कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट में भर्ती होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जानकारी दी है कि लिगामेंट इंजरी के लिए पंत की सर्जरी होगी। ऐसे में वह अनिश्चित काल के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर हो गए हैं।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस रिलीज में कहा कि ऋषभ पंत को देहरादून के एक अस्पताल से एयरएंबुलेंस में मुंबई ले जाया गया है, जहां घुटने और टखने के लिगामेंट की चोट के लिए उनका उपचार होगा।

**होगी सर्जरी**

**स्पोर्ट्स ऑॅथोर्पेडिक सर्जन दिनशॉ परदीवाला करेंगे इलाज**

बीसीसीआई ने ऋषभ पंत को एयर एंबुलेंस से मुंबई ले जाने का फैसला किया क्योंकि वह किसी व्यावसायिक एयरलाइन से उड़ान भरने की स्थिति में नहीं थे। इससे पहले समाचार एजेंसी पीटीआई ने पहले ही जानकारी दी थी ऋषभ पंत का इलाज प्रसिद्ध स्पोर्ट्स ऑॅथोर्पेडिक सर्जन दिनशॉ परदीवाला करेंगे। जय शाह ने बताया कि ऋषभ पंत को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया जाएगा। डॉ. दिनशॉ परदीवाला की निगरानी में उनका इलाज होगा।

### कौशांबी में भी छात्रा को 200 मीटर कार से घसीटा

**कौशांबी।** कौशांबी में भी दिल्ली जैसी घटना हुई है। यहां एक कार ने कंप्यूटर की क्लास करके घर वापस आ रही छात्रा को 200 मीटर तक घसीटा। इस घटना में छात्रा का हाथ और कूल्हा टूट गया है, जबकि पैर तीन जगह से फ्रैक्चर हुआ है। पीठ और कमर पर चोट लगी है। साथ ही चेहरा भी बुरी तरह छिल गया है। सीने पर भी गहरे घाव हैं। कार से छात्रा को घसीटता देख आस पास के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद कार एक गड्ढे में जाकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह छात्रा को कार के नीचे से निकाला। फिर अस्पताल में भर्ती करवाया। इस मामले को पुलिस सड़क हादसा बता रही है। केस भी सड़क दुर्घटना और लापरवाही से गाड़ी चलाने में दर्ज किया गया है। घटना के समय कार में 4 लोग सवार थे। कार मालिक राम नरेश को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसको भी हल्की चोटें आई थीं, जिसको इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। कार में सवार बाकी तीन लोग मौके से फरार हो गए थे।

# अंजलि के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में नशे की पुष्टि नहीं

## कंझावाला कांड में मृत लड़की अंजलि की सहेली निधि के दावों पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली।** कंझावाला एक्सीडेंट केस में जिस युवती की दर्दनाक मौत हुई, उसकी सहेली निधि के बयानों पर सवाल उठ रहे हैं। कथित हादसे के वक्त अंजलि के साथ वह भी स्कूटी पर सवार थी। शराब के नशे में हुड़दंगियों ने कार से अंजलि की स्कूटी को ठोकर मार दी। वह कार के पहिए में फंस गई। निधि बच गई। उसका दावा है कि उसने शोर मचाया।

कार में बैठे आरोपियों को भी यह बात पता चल गई कि पहिए में लड़की फंसी हुई है लेकिन वे दरिंदे 10 किलोमीटर तक अंजलि की घसीटते रहे। निधि से मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की। दिनभर टीवी चैनलों पर उसके बयान चलते रहे लेकिन उसके दावों पर सवाल उठ रहे हैं। उसने दावा किया कि अंजलि नशे में धुत थी। उससे स्कूटी चल भी नहीं पा रही थी। लेकिन

**कंझावाला एक्सीडेंट**

**निधि के घर पहुंचने के सीसीटीवी फुटेज में उसके हाव-भाव बढ़ा रहे हैं और सस्पेंस**

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से उसके दावों पर सवाल उठे हैं। उस दिन उसके घर पहुंचने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुका है जिसमें उसके हाव-भाव और सस्पेंस बढ़ा रहे हैं। क्या निधि झूठ बोल रही है? क्या ये सिंपल हिट ऐंड रन का नहीं बल्कि मर्डर का केस है, जैसा अंजलि के परिवार का दावा है? ऐसे तमाम सवाल उठ रहे हैं। जब पहली बार निधि के घर पहुंचने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया तो उस पर दर्ज समय को लेकर सवाल उठे। फुटेज पर रात के 1 बजकर 36 मिनट



दर्ज था जबकि हादसा रात दो-ढाई बजे के करीब हुआ था। ऐसे में सवाल उठने लगे कि जब हादसे से पहले ही वह घर पहुंच गई थी तो मौके पर मौजूद होने का उसका दावा झूठा है? लेकिन सीसीटीवी का टाइम स्टैंप करीब 45 मिनट स्लो था, इसलिए ये सवाल खारिज हो गए।

निधि जब इस जानलेवा हादसे के बाद आधी रात घर पहुंची, तो पड़ोस के मकान में एक सीसीटीवी कैमरे में वह कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में निधि पिंक कलर की जैकेट पहने दिखाई दे रही है। फुटेज में निधि के हाव-भाव से इस बात का जरा भी पता नहीं लग रहा कि वह एक ऐसे हादसे से बचकर लौटी है, जिसमें उसकी सहेली की जान चली गई है।

# आजम खां को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, सपा नेता ने एक याचिका दायर कर सर्वोच्च न्यायालय से अपील की थी कि उनके खिलाफ यूपी में दर्ज कुछ केसों को दूसरे राज्यों में ट्रांसफर कर दिया जाए। कोर्ट ने उनकी इस मांग को नकारते हुए उन्हें हाईकोर्ट जाने के लिए कहा और निर्देश दिए कि उनकी याचिका पर जल्दी सुनवाई की जा सकती है। वकील कपिल सिब्बल के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए आजम खां ने कहा, ₹मुझे राज्य में न्याय नहीं मिलेगा। मुझे जबरदस्ती सताया जा रहा है। यह कोई जज नहीं, बल्कि राज्य कर रहा है। एक राज्य के अंदर हर जगह स्थिति एक जैसी ही रहेगी।₹ इस पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एसए नजीर की बेंच ने कहा कि आजम खां के खिलाफ आपराधिक केसों को ट्रांसफर करने के लिए और पुख्ता वजहें चाहिए होंगी। बेंच ने कहा कि जब हम किसी केस को ट्रांसफर करते हैं तो हमें ज्यादा बड़ी वजहों को देखना होता है। हम आपको इलाहबाद हाईकोर्ट जाने की स्वायत्ता देते हैं। आजम के खिलाफ यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और हाल ही में एक केस में दोषी पाए जाने पर उनकी विधानसभा सदस्यता भी जा चुकी है।

**यूपी से बाहर केस ट्रांसफर करने की मांग खारिज**

# नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी

## केंद्र सरकार को आठ लाख करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**बैठक**

**पीएम मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई योजनाओं को स्वीकृति दी गयी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को 19,744 करोड़ रुपये के व्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी। इस पहल का मकसद कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के साथ देश को ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत के उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दे दी है। इससे हरित हाइड्रोजन से जुड़े क्षेत्रों में आठ लाख करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए ठाकुर ने कहा कि देश में अगले पांच साल में सालाना 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य है। प्रोत्साहन मिलने से इसकी लागत को कम करने में मदद मिलेगी। हरित हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में वाहनों और तेल रिफाइनरी तथा इस्पात संयंत्र जैसे उद्योगों में ऊर्जा स्रोत के रूप में होता है। इसका उत्पादन इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के जरिये पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित कर किया जाता है। मिशन के लिये शुरूआती खर्च 19,744 करोड़ रुपये है।




### दूरदर्शन, आकाशवाणी के कायाकल्प को ढाई हजार करोड़ रुपये मंजूर

नई दिल्ली। सरकार ने दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के बुनियादी ढांचे को बदल कर अगले 20 साल के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ढांचा तैयार करने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की एक महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गयी।

### बीएसपी सांसद की फैक्टरी से मिली हार्ड डिस्क, खुलेंगे बड़े राज

लखनऊ। सहारनपुर में बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान के लिंक रोड स्थित आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान आवास के बाहर आईटीबीपी के जवान तैनात हैं। बताया गया कि सांसद के एक आवास पर ताला लगा हुआ है, जबकि सांसद के दूसरे आवास पर आयकर विभाग के अधिकारी जांच पड़ताल में लगे हैं। मंगलवार सुबह करीब 11:00 बजे आयकर विभाग की पांच टीमों ने आइटीबीपी के जवानों के साथ छापे की कार्रवाई शुरू की थी, जो दूसरे दिन भी जारी है। आयकर विभाग की टीमें हरियाणा और दिल्ली से आई हैं। बसपा सांसद की हरोड़ा स्थित फैक्टरी और ऑफिस पर छापे की कार्रवाई चल रहा है। वहीं जिन स्थानों पर आयकर विभाग की टीमें कार्रवाई में जुटी हैं उसे पूरे क्षेत्र को आईटीबीपी के जवानों ने घेरा हुआ है। आवास व फैक्टरी की छतों पर भी हथियारों से लैस जवान तैनात हैं। बताया गया कि दूसरे दिन भी दिल्ली और देहरादून से आई आयकर विभाग की टीम उनके तीन आवास, दफ्तर और फैक्टरी पर डेरा डाले हुए हैं।

# यूपी में ठंड ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## मौसम विभाग ने वाराणसी सहित 35 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया

**मौसम बदला**

**राजधानी लखनऊ में रिकॉर्ड टूटा, 2 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शीतलहर का कहर जारी है। यूपी के कई शहरों में अचानक तापमान में गिरावट देखते हुए मौसम विभाग ने 35 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब यह है कि जिन 35 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है, वहां तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यूपी में ठंड अपने पूरे शबाब पर है।

बुधवार को मौसम विभाग ने 35 जिलों पर भीषण ठंड पड़ने को लेकर अलर्ट जारी किया है। इससे पहले कानपुर में मंगलवार रात ठंड का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां पारा 2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, राजधानी लखनऊ में मंगलवार को 12 साल बाद दिन में भीषण सर्दी पड़ी है।



राजघाट पुल का नजारा

### इन जिलों में रेड अलर्ट जारी

वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर और श्रावस्ती में रेड अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर और झांसी के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।

यहां अधिकतम तापमान 10 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को प्रदेश के 35 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। यानी इन जिलों में न्यूनतम पारा 2 से 4 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसके अलावा कई जिलों में बर्फीली हवाएं चलेंगी। बरेली में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री, झांसी में 6 डिग्री और मेरठ में 6.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह की जमीन पर राहुल गांधी का कदमताल

## बड़ौत पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, सियासी गलियारे में-सर्दी में गर्मी का अहसास, जाट लैंड में शानदार इस्तकबाल

**बागपत।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की यूपी में दूसरे दिन बागपत के मवीकलां से शुरूआत हुई। यहां राहुल गांधी सरूरपुर के गुफा वाला मंदिर के पास रुके। इसके बाद वह पैदल ही यात्रा के साथ खेड़की गांव पहुंचे। यात्रा में राहुल गांधी के साथ हजारों समर्थकों की भीड़ है। वहीं कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बागपत के सरूरपुर गांव से निकलकर खेड़की पहुंची। यहां ग्रामीणों ने यात्रा के दौरान राहुल गांधी का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। बताया गया कि कुछ समय बाद यात्रा ट्योढी गांव पहुंचेगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट की मुख्य प्रवक्ता पंखुड़ी पाठक ने कहा कि भाजपा देश में नफरत की प्रयोगशाला चला रही है। उसे डर है कि यदि यह प्रयोगशाला और परीक्षण बन्द हो गए तो

**यूपी में यात्रा**

**जनसैलाब देख गदगद हुए राहुल, कार्यकर्ताओं में उत्साह**

**चीन को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे सरकारः खुर्शीद**

**देश में भाजपा नफरत की प्रयोगशाला चला रही : पंखुड़ी**

**कांग्रेस ने किसानों के लिए काम किए, इसलिए समर्थन : भाकियू**

उनके वोटबैंक का क्या होगा?

वह भी बुधवार को बागपत में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में बेरोजगारी बढ़ाई, महिलाओं के लिए असुरक्षा का माहौल पैदा किया, किसानों की कमर



तोड़ने का काम किया। यदि भाजपा देश में अच्छे दिन लाने की बात करती है और वादा भी करती तो फिर देश में नफरत की प्रयोगशाला क्यों चल रही हैं? क्यों किसान, मजदूर, छात्र, युवा समय-समय पर आंदोलन क्यों करते? भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह से सफल है और आगे भी इसी तरह से यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार लगातार मिल रहा है जिससे भाजपा की बौखलाहट बढ़ गई है। भाजपा अब राहुल गांधी की चप्पल, टीशर्ट पर भी कमेंट कर रही है, इसी से पता चलता है कि वह देश विकास में कम और राहुल गांधी पर ज्यादा ध्यान दे रही है। भारत जोड़ो यात्रा में बागपत



पहुंचे कांग्रेस के पूर्व विदेश मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि भाजपा कांग्रेस को नहीं बल्कि देश को बदनाम कर रही है। भाजपा देश के सामने चीन को लेकर स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट करें। बागपत में पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। चीन से फंडिंग मिलने के आरोपों पर पलटवार करते हुए सलमान खुर्शीद ने कहा कि जिन बातों के कोई सुबूत नहीं है, उनपर भाजपा सवाल करती है। इसके उलट चीन देश की जमीन पर घुसपैठ करता रहता है, कब्जा करता है, उसके सुबूत तो सबको पता है फिर भी भाजपा चुप है।

देश में चीन की घुसपैठ के विषय में सच्चाई और स्थिति को स्पष्ट करें भाजपा और बताए कि इस प्रकरण में देश को क्यों गुमराह किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि भाजपा हमपर और इस यात्रा पर सवाल उठाने के बजाय इससे बड़ी यात्रा निकालकर दिखाए। सलमान खुर्शीद ने कहा कि हम इस समय बागपत की पावन धरा पर हैं जिसे चौधरी चरणसिंह की कर्मभूमि कहा जाता है, इस पावन धरा को बार बार नमन करते हैं। मवीकलां में भारत जोड़ो यात्रा में पश्चिमी यूपी के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान कई किसान ट्रैक्टर ट्रॉली में फूल भरकर यात्रा के स्वागत के लिए पहुंचे।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जहां रालोद ने समर्थन दिया है, वहीं भाकियू पहले ही यात्रा में साथ रहने का ऐलान कर चुकी है। भाकियू नेताओं ने यात्रा में साथ रहने का कारण बताया कि कांग्रेस ने किसानों के लिए काफी काम किए हैं, इसलिए वे उनके साथ यात्रा में जुड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त यात्रा का जगह-जगह भाकियू नेता द्वारा स्वागत भी किया गया। वहीं, किसानों के दूसरे संगठन भाकियू भानू गुट ने भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल उठाए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस यात्रा से कोई वोट मांगने नहीं आया है। बल्कि इसका मकसद नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो की अपील करना है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय उर्फ लल्लू ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक जाएगी। कई राज्यों में कांग्रेस की सरकार हैं, लेकिन वहां के किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कांग्रेस ने राजस्थान में किसानों का दस दिन में कर्ज माफ करने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान


**दुखद**

## जीवन से निराश होकर गले में फंदा डाला

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भेलुपुर थाना क्षेत्र के नेवादा इलाके में स्थित रिद्धि सिद्धी गेस्ट हाउस में सोमवार को बजरडीहा चौकी क्षेत्र का रहने वाला विवेकानंद सिन्हा 35 वर्षीय आकर रुका था। मंगलवार दिन में किसी समय फांसी लगाकर जान दे दी।

काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर गेस्ट हाउस कर्मचारियों ने खिड़की से झांकर देखा तो मामले जानकारी हुई। सूचना मिलने पर फॉरेनसिक टीम के साथ चौकी प्रभारी खोजवां पहुंचे। दरवाजा को तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।



मृतक के पास से सुसाइड नोट्स मिला। जिंदगी से निराशा मिलने के कारण जान देने का कारण बताया। चौकी प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि मृतक के पिता विजय कुमार मां शांति देवी पहुंची थी।

मृतक की शादी हुई थी लेकिन तलाश हो गया था। मृतक प्राइवेट नौकरी करता था। जो पिछले कुछ समय से नौकरी छोड़ दिया था।

### आग से वृद्ध झुलसा, अस्पताल में मौत

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव में मंगलवार की भोर में बिस्तर में आग पकड़ने से वृद्ध गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शिवनाथ गोड़ मंगलवार को देर रात खाना खाने के बाद सोने चला गया । घर वालों की माने तो शिवनाथ बीड़ी पीने का आदी था। तड़के तीन बजे बीड़ी की चिंगारी से आग पकड़ ली। आग की चपेट में आने से शिवनाथ गंभीर रूप से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे कबीरचौरा अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस को बगैर सूचना दिए शव का दाह संस्कार कर दिया।

## रिटायर्ड रेलकर्मी के साथ 40 हजार की उचक्कागिरी

**रामनगर।** रामनगर चौक में स्थित पुलिस बूथ से महज पचास मीटर की दूरी पर 70 वर्षीय बुजुर्ग और रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ 40 हजार की उच्चकागिरी हो गई। जानकारी के अनुसार रामेश्वरम पुरी पंचवटी निवासी रेलवे के सेवानिवृत्त महेंद्र नाथ चौबे ने बुधवार को तीन बजे मीरजापुर रोड पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पेंशन के 40 हजार निकाला और बैग में रख कर घर के लिए चले। जैसे ही वह भांग वाली गली में घुसे तभी किसी उचक्के ने उनके कपड़े पर गंदगी फेंक दिया और बोला आपके पीछे गंदा लगा हुआ है। महेन्द्र चौबे ने चौक पिकेट से मात्र पचास मीटर दूरी पर स्थित एक दुकान पर बैग और पालीथीन रखकर गंदगी साफ करने लगे, तभी उचक्कों ने उनका बैग उड़ा दिया। बुजुर्ग ने जब गन्दगी साफ कर मुड़ कर देखा तो बैग गायब था। बुजुर्ग ने पुलिस बूथ पर तैनात सिपाहियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक का सीसीटीवी खंगालने का आश्वासन देकर महेन्द्र चौबे को वापस घर भेज दिया।

# महंत बालक दास और संतोष दास का सरेंडर

**अन्याय प्रतिकार यात्रा बवाल**

### मिली अंतरिम जमानत, रिहा किए गए

**वाराणसी।** अवनीश गौतम (एमपी-एमएलए) की अदालत में बुधवार को सात साल पुरानी अन्याय प्रतिकार यात्रा के मामले में महंत बालक दास और महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने सरेंडर किया। कोर्ट ने महंत बालक दास और महंत संतोष दास की अंतरिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। उनकी नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने पांच जनवरी की तिथि तय की है।

5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन के टाउनहाल से गोदौलिया तक अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली थी। 4:30 बजे गोदौलिया चौराहे पर खड़ा एक सांड भड़क गया और गिरजाघर चौराहे की ओर भागा। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ देख चौक से गोदौलिया की ओर बढ़ रही अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल लोग भी भागने लगे। उन्हें लगा कि पुलिस ने यात्रा रोकी है और लाठीचार्ज कर दिया है। उसी बीच मौका पाकर उपद्रवियों ने पहले पुलिस बूथ फिर एक सरकारी जीप में आग लगा दी। मजिस्ट्रेट की जीप, फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस की वैन और लगभग दो दर्जन बाइक आग के हवाले कर दी गईं। उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पहले लाठियां पटकीं।

इस घटना को लेकर दशाश्वमेध थाने में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, सतुआ बाबा आश्रम के महंत संतोष दास, पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास, पूर्व विधायक अजय राय, मंडुवाडीह थाने के हिस्ट्रीशीटर पंकज सिंह उर्फ डब्ल्यू राय, अरुण पाठक, अजय चौबे, अमरनाथ यादव उर्फ डब्बल और असित दास समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**सारनाथ।** घुरिपुर स्थित एक मकान में हुई ओम प्रकाश सोनी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुन्नी देवी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। हत्या के आरोपी कृष्णा उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। उधर लगभग 72 घंटे बाद पुलिस ने ओम प्रकाश सोनी के शव का पोस्टमार्टम भी करवाया।



बीते शुक्रवार को घुरिपुर स्थित मुन्नी देवी के मकान में पुत्र कृष्णा ने मोहनसराय निवासी ओम प्रकाश सोनी के ऊपर रॉड से हमला कर दिया। रॉड से सिर में चोट लगने की वजह से मोहनसराय निवासी ओम प्रकाश सोनी की मौत हो गई। लगभग 24 घंटे तक कृष्णा ने मृतक ओम प्रकाश सोनी के शव को कमरे में छुपाए रखा। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक सारनाथ धर्मपाल सिंह ने बताया कि कई दिन तक मृतक के परिजन की तलाश की गई। किसी भी व्यक्ति के सामने न आने पर हत्या के आरोपी कृष्णा की माँ ने अपने पुत्र के खिलाफ ही तहरीर दे दी। बताया कि तहरीर में उन्होंने लिखा है कि विगत चार साल से ओम प्रकाश सोनी का हमारे यहां आना जाना था।

वह परिवार के सदस्य के रूप में हो गए थे। शुक्रवार की रात शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर दोनों में लड़ाई हो गई। इसके बाद कृष्णा ने रॉड से मार दिया। बताया कि मुन्नी देवी की तहरीर पर आरोपी कृष्णा के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

**कार्रवाई**

### 72 घंटे बाद पुलिस ने शव का कराया पोस्टमॉर्टम

## जनरल टिकट पर मजदूरों से दस रुपए वसूली

**वाराणसी।** निदेशक की सख्ती के बावजूद कैंट स्टेशन पर पब्लिक डीलिंग से जुड़े कर्मचारी अपना पैंतरा अजमाने से बाज नही आ रहे। बुधवार को भी अवैध वसूली से संबंधित एक मामला प्रकाश में आया। वीडियो के जरिए मजदूरों ने काउंटर पर तैनात लिपीक टिकट दर से दस -दस रुपए ज्यादा लेने का आरोप लगाया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने वीडियो की सत्यता परखने के बाद कार्रवाई का अश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों का एक तबका वाराणसी से सकरी (बिहार) जा रहा था। पूर्वाह्न 11.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के लिए यात्री आश्रय हॉल स्थित कांउटर से जनरल टिकट लिया। टिकट पर 160 रुपए दर्ज थे। आरोप है कि काउन्टर पर तैनात लिपिक ने जबरन दस रुपए अतिरिक्त लिया। यात्रियों को वाराणसी से सकरा जाने के लिए 170 रुपए चुकाने पड़े। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने कहा कि वीडियो की सत्यता परखी जा रही है। आरोप पुष्ट होने पर जांच और कार्रवाई भी की जाएगी। बताया कि कांउटर का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

# पर्सनल आईडी पर टिकट बनाने वाला दलाल अरेस्ट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल आरपीएफ के सीआईबी शाखा ने आईआरसीटीसी के पसर्नल आईडी पर टिकट बनाकर बेचने वाले दलाल का गिरफ्तार किया।

सीआईबी प्रभारी अभय कुमार राय ने बताया कि टिकट दललों के प्रति लगतार जांच अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिली कि चोलापुर पलहीपट्टी क्षेत्र स्थित सहज जन सेवा केंद्र चलाने वाला विकास अवैध ई-टिकटिंग के धंधे में लिप्त है, इस आधार पर छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया गया।

बताया कि विकास गुप्ता पुत्र मरलीधर गुप्ता आईआरसीटीसी के अपने पसर्नल आईडी पर ई-टिकट बनाकर लोगों को बढ़ी कीमत पर बेचता था। ई-टिकट के अवैध कारोबार के जुर्म में उसे गिरफ्तार किया गया है उसके पास से 10 ई झटिकट भी बरामद किया गया है जिसकी कीमत 12 हजार रुपये हैं, इसके साथ ही मोबाइल, सीपीयू, मॉनीटर, प्रिन्टर, कीबोर्ड, माउस और सम्बन्धित एसेसरीज बरामद किया गया है, इस टीम में वाराणसी सिटी आरपीएफ के सुधीर राय, सीआईबी के हरिश्चंद्र व जनार्दन यादव, कमलेश कुमार पांडेय, विनय स्वरूप निषाद,रमेश यादव, राकेश सिंह शामिल रहें।



आरोपी के साथ आरपीएफ के अधिकारी

## संक्षेप

### मालवाहक चोरी में पुलिस ने दर्ज किया केस

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के आपी गांव से 31 दिसबंर देर रात घर के सामने खड़ी मालवाहक वाहन चोरी के मामले में काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार जंसा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ही लिया। हालांकि पीड़ित को इस मामले में कई दिनों तक थाने का चक्कर लगाना पड़ा था। आरोप है कि जंसा पुलिस ने इस मामले लीपापोती कि कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। किशन कुमार गुप्ता घर पर मालवाहक ऑटो खड़ी किया था। 31 दिसंबर की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित ने घटना की सूचना 112 पर फोन कर पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया कर वापस लौट गई थी और मुकदमा दर्ज करने के बजाए तरह-तरह की पाठ पीड़ित को पढ़ा रही थी। फिलहाल पुलिस ने बुधवार को धारा 379 के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### मोबाइल छीनकर भाग रहा बदमाश गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड भूतनाथ भैंसा स्टेशन के पास बुधवार की सुबह 11 बजे मोबाइल पर बात करते हुए जा रही छात्रा ज्योति सिंह का बाइक सवार दो बदमाश ने झपट्टा मार मोबाइल छीन लिया। ज्योति कछवां मीरजापुर निवासी है और उसने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस बदमाशों का पीछे कर के कछवांरोड सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से छात्रा का मोबाइल बरामद हुआ दोनो बदमाश मीरजापुर जनपद के दिहापुर निवासी निरहू व राजू शर्मा बताए गए। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है। छात्रा का मोबाइल मिल गया है उसे सौंप दिया जायेगा।

### कार की टक्कर से टैंपो सवार छात्राएं चोटिल

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र के भट्ठी ग्राम के भदोही मार्ग पर बुधवार को भदोही की तरफ से आ रही तेज गति से कार कोरौता की तरफ जा रही टेंपो से भीड़ गई। दुर्घटना में टेंपो सवार उचगांव,आलाउद्दीनपुर और कोरौता की रहने वाली चार छात्राए आंचल, खुशबू, प्रीति और अंकिता चोटिल हो गई। वहीं चालक नगेन्द्र सिंह गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर थानाध्याक्ष लोहता राजकुमार पांडेय ने छात्राओं का इलाज कराकर घर भिजवाया वहीं टेंपो चालक को ट्रामा सेंटर में इलाज के लिये भेज दिया। कार चालक को हिरासत में लिया गया है।

### फर्जी दस्तावेज से लिया असलहे का लाइसेंस, गया जेल

**वाराणसी।** धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर शस्त्र लाइसेंस लेने के आरोपी को बुधवार को कैंट पुलिस ने जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार वांछित अभियुक्त मोहम्मद वसीम, निवासी ग्राम बउली, थाना सिन्धौरा ने मुख्तार अहमद पुत्र मेहंदी हसन निवासी नदेसर थाना कैन्ट के पते पर फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस बनवा लिया था। और फर्जी तरीके से ही उसका नवीनीकरण भी कराने की फिराक में था। दो वर्ष पूर्व भुक्तभोगी वसीम की तहरीर पर कैंट पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबीर की सूचना पर बुधवार को चौकी प्रभारी नदेसर हरिओम सिंह ने सिंधोरा बाजार से फरार अभयुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेज दिया।

### स्टेशन पर लगे संकेतक की गड़बड़ी से यात्री परेशान

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन स्थित मुख्य भवन में लगे संकेतक बोर्ड में त्रुटियों से यात्री भ्रमित हो रहे हैं। यहां जीआरपी थाने का लोकेशन प्लेटफार्म नंबर एक के बजाय पांच दशार्या जा रहा है। वहीं, उप स्टेशन अधिक्षक (वाणिज्य) कार्यालय को भी संकेतक में प्लेटफार्म नंबर पांच कर दिया गया। जबकि यह कार्यालय प्लेटफार्म नंबर एक स्थित विस्तारित भवन में संचालित किया जा रहा है। इसी प्रकार निर्माण कार्य के चलते प्लेटफार्म नंबर पांच से शिफ्ट हो चुके भोजनालय की जानकारी को लेकर अब तक अपडेट नहीं किया गया। इन त्रुटियों से हलकान और परेशान यात्री एक छोर से दूसरे छोर का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

### आवास बनवाने को लेकर हुई मारपीट

**पिण्डरा।** विकास खण्ड पिंडरा के ग्राम सभा नहियां में मंगलवार की रात सरकारी आवास बनवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में कुछ को चोट आयी। जानकारी के अनुसार मारपीट प्रधानमंत्री आवास बनवाने को लेकर उपजे जमीन विवाद को लेकर हुआ था। मारपीट किसी और में नहीं बल्कि दो भाईयो के परिवार में हुई। लड़ाई में चार व्यक्ति घायल। घायलो में एक पक्ष की तरफ से दिनेश और सतीश को चोट आई है तथा दूसरे पक्ष की तरफ से चन्द्रमा और चन्द्रिका को चोट आई है। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस की गाड़ी घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### वातानुकूलित कोच की मिली सुविधा

**वाराणसी।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने कैंट स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या -15021/22 गोरखपुर -शालीमार एक्सप्रेस की रैक संरचना में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी का एक कोच बदलकर वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक कोच स्थाई रूप से लगाया जा रहा है। यह व्यवस्था नौ जनवरी से गोरखपुर -शालीमार एक्सप्रेस और दस जनवरी से शालीमार -गोरखपुर एक्सप्रेस में लागू की जा रही है।

### चांदपुर से बाइक चोरी

**वाराणसी।** संजय नगर कॉलोनी चौकाघाट निवासी शशांक अग्रवाल नामक व्यक्ति की ग्लैमर बाइक यूपी 65 बी एम 5657 चांदपुर चौराहा स्थित बनारसी दरबार रेस्टोरेंट के सामने से गायब हो गया। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आस-पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### ट्रेनों की लेटलतीफी जारी यात्रियों को परेशानी

**वाराणसी।** लगातार पड़ रहे कोहरे की मार ट्रेनों पर पड़ती दिख रही है। बुधवार को भी कई घंटे देरी से ट्रेनें कैंट स्टेशन पर पहुंची। इसमें गंगा सतलज एक्स्प्रेस सात घंटे, बेगमपुरा सात घंटे, हिमगिरि एक्स्प्रेस चार घंटे, गोदिया बरौनी साढ़े सात घंटे, पंजाब मेल ढाई घंटे, बरकाकाना-वाराणसी दो घंटे, कामाख्या एक्स्प्रेस दो घंटे, श्रमजीवी एक घंटा, शिवगंगा दो घंटा, नई दिल्ली बनारस सुपरफास्ट साढ़े तीन घंटा, कामायनी तीन घंटा देरी से पहुंची।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा पावर ऑफ एर्टानी एक्सिस बैंक शाखा स्टेशन रोड भदोही कहीं खो गया है। राजीव रंजन पाण्डेय (प्रबंधक) पुत्र दिनेश कुमार पाण्डेय बजरिये मैनेजर एक्सिस बैंक स्टेशन रोड भदोही।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 2319715 व इंटरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1781184 का सह प्रमाण पत्र खो गया है। दीपक सिंह पुत्र रविन्द्रनाथ सिंह, ग्रा0+पो0-नरही नगरा, बलिया।

रुची कनौजिया पत्नी श्री मंजीत प्रताप निवासी ग्राम व पोस्ट-सकरारी, थाना-धानापुर, तहसील-सकलडीहा, जिला-चन्दौली तथा केएम रुची कनौजिया (कुमारी रुची कनौजिया) पत्नी श्री मंजीत प्रताप निवासी ग्राम व पोस्ट-सकरारी, थाना-धानापुर, तहसील-सकलडीहा, जिला-चन्दौली एक ही व्यक्ति का नाम है।

मेरा पुत्र विकास कुमार मेरे कहने में नहीं है बचपन से ही इनका आचरण गलत होने व अपनी मनमानी करने के चलते माता-पिता के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते है ऐसे में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं और मेरी पत्नी चल अचल संपति से बेदखल करते हैं। माता प्रसाद माता मुन्नी देवी निवासी जगदीशपुर पोस्ट मवाईया तहसील सदर हाल मुकाम जलालपुर शहर कोतवाली मीरजापुर।

I Neeteesh Kumar Shukla S/o Shashidhar Shukla, Resident of Sukhdehra, Ghazipur, Uttar Pradesh– 233231 have changed my name to Nitish Shukla vide affidavit dt. 28.12.2022 sworn before notary Prem Prakash Rai at M'bad, Ghazipur.



इस हाड़ कंपाने वाली सर्दी में कैंट स्टेशन के सामने सोए इन लाचारों के लिए शेल्टर होम में जगह नहीं है क्या?

### अतिक्रमण करने पर हुई कार्रवाई, जुर्माना वसूला

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार को शहर के कई इलाकों में अभियान चलाया गया। जिसमें मार्ग व नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हुई। अभियान के तहत कुल जुमार्ना राशि 10,600 रुपये वसूल की गई। अकथा क्षेत्र में अवैध रूप से चबूतरा बना कर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में चबूतरे को ध्वस्त कराकर जुर्माना वसूला गया, जगतगंज क्षेत्र से गली में ईंट रख कर मार्ग अवरुद्ध करने पर ईंट को 01 दिन के अंदर हटाने का निर्देश दिया गया, कोदई चौकी के पीछे स्थित गली से झुग्गी झोपड़े बना कर मार्ग अवरुद्ध करने को सख्त चेतावनी दी, चौक वार्ड स्थित सेवा सदन अस्पताल के सामने स्थित गली में अवैध रूप से गुमटी लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने पर गुमटी को ध्वस्त करवाया गया, साथ ही लंका क्षेत्र में मालवीय चौराहे के चारों तरफ अवैध रूप से वेंडिंग कर रहे वेंडरों को हटवाया गया। दुर्गाकुंड क्षेत्र गली में अवैध रूप से कब्जा किए जाने के सम्बंध में कारवाई हुई, इस दौरान आधा गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का ईस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर जुमार्ना किया गया।

# आदि विश्वेश्वर पर सुनवाई 18 को

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के प्रकरण में बुधवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में सुनवाई होनी थी। मगर, जिला जज के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई टल गई। अब सुनवाई के लिए अगली तारीख 18 फरवरी तय की गयी।

यह याचिका ज्ञानवापी मस्जिद के मैनेजमेंट से जुड़ी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी द्वारा दाखिल की गई है। याचिका के माध्यम से कहा गया है कि भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान का मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान का मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह विसेन और अन्य द्वारा दाखिल किया गया था। इस मुकदमे के माध्यम से ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने और ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की नियमित पूजा के अधिकार की मांग की गई है। सिविल जज सीनियर डिवीजन की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपने आदेश में किरन सिंह विसेन और अन्य द्वारा दाखिल इस मुकदमे को सुनवाई योग्य माना है।

ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में पत्थर की यह संरचना मिली थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह प्राचीन शिवलिंग है। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि यह खराब पड़ा पुराना फव्वारा है।

# कार्मिक विभाग के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे के भूतपूर्व कोच शकील खान के द्वारा दिया गया

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के क्रीड़ा स्थल में आयोजित अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को एपीओ अभिनव सिंह के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कार्मिक विभाग ने विद्युत (ऑपरेशन) की टीम पर छह विकेट से जीत दर्ज किया। इसके पूर्व टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए विद्युत (ऑपरेशन) की पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन बनाकर आल आउट हो गई।

विद्युत ऑपरेशन की तरफ से कादिर ने 10 गेंद पर 4 चौकों की मदद से 21 रन और अभिनव सिंह ने 38 गेंद पर चार चौकों की मदद से 39 रन बनाए । कार्मिक विभाग की तरफ से भगेद्र ने 3.2 ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए, एपीओ अभिनव सिंह ने 2 ओवर में 2 रन देकर दो विकेट लिए अमन और विनोद को एक-एक विकेट मिला। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग की टीम ने 13.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। कार्मिक विभाग की तरफ से एपीओ अभिनव सिंह ने 31 बॉल पर 5 चौके और दो छक्कों की मदद से शानदार 51 रन बनाए एवं रणधीर ने 26 बॉल पर 5 चौकों की मदद से 36 रन बनाए। विद्युत ऑपरेशन की तरफ से अमित ने दो और ऐश्वर्या ने एक विकेट लिया। 51 रनों की शानदार इनिंग खेलने वाले और दो विकेट लेने वाले सहायक कार्मिक अधिकारी अभिनव सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे के भूतपूर्व कोच मो शकील खान के द्वारा दिया गया।

ज्ञातव्य हो की अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल के विभिन्न विभागों की कुल 10 टीमें भाग ले रहीं है जिनके बिच 09 जनवरी तक लीग मैच खेला जायेगा और क्वालीफाई करने वाली टीमें 10 एवं 11 जनवरी को सेमी फाईनल मैच खेलेंगी जिसके बाद सेमी फाईनल की विजेता टीमों के मध्य 12 जनवरी को फाइनल मैच खेला जायेगा ।

# अब भी मुख्य मार्गों पर धड़ल्ले से चलाए जा रहे ई-रिक्शा

**मनमानी**

### अधिकारियों की चुप्पी ई-रिक्शा संचालकों का बढ़ा रही मन

**वाराणसी।** मुख्य मार्गो से ई-रिक्शा को हटाने के निर्देश के बाद भी अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई संबंधित अधिकारियों की ओर से नहीं की गयी, जिसका नतीजा ना तो शहर को जाम से निजात मिल रहा है और ना ही दुघर्टनाओं पर लगाम लग रहा है।

दरअसल पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम की ओर से जारी संयुक्त आदेश में शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किए गए थे। इसमें नारंगी (ऑरेंज), हरा (ग्रीन) और धानी रंग के हिसाब से अलग-अलग जोन में ऑटो व ई रिक्शा का संचालन करने की बात कही गयी। इस पूरी व्यवस्था के अनुपालन की जिम्मेदारी स्थानीय थाना, परिवहन विभाग और नगर निगम की तय की गयी, एक जनवरी 2023 से ये व्यवस्था लागू करने की बात कही गयी लेकिन अभी तक कहीं इस व्यवस्था का पालन होता नहीं दिख रहा। मुख्य मार्गो पर धड़ल्ले से ई-रिक्शा फर्राटा भरते नजर आ रहें हैं।



### आश्वासन पर किया था हड़ताल समाप्त

शासनादेश के विरोध में ई-रिक्शा संचालक एक जनवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की योजना बना चुके थे लेकिन अधिकारियों के उस आश्वासन जिसमें कहा गया कि पत्र पर एक बार फिर विचार कर योजना बनायी जायेगी पर संचालकों ने हड़ताल समाप्त कर दिया था। लेकिन जनवरी में चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक ना तो कोई नयी योजना बन सकी और ना ही मुख्य मार्गो से ई-रिक्शा को हटाया जा सका।

**जवाहर नवोदय विद्यालय, पटेहरा कलां, मीरजापुर**

F.No. JNVM/3-10/2022-23/1389 Dated : 04.01.2023

**निविदा विज्ञप्ति**

जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कलां मीरजापुर में सत्र 2022-23 में विद्यालय के पुराने एवं निष्प्रयोजित फर्नीचर सामग्री एवं कम्प्यूटर सामग्री का निविदा के माध्यम से विक्रय कर निष्पादन किया जाना है। टेण्डर फार्म व शर्ते आदि दिनांक 05.01.2023 से 09.01.2023 के अपरान्ह 02.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में रू0 500/- नगद देकर अथवा विद्यालय की वेबसाइट www.mirzapur.org.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। भरी हुई मुहरबन्द निविदाएं समस्त आवश्यक दस्तावेज एवं अमानत राशि के साथ दिनांक 10.01.2023 को सायं 04.00 बजे तक पंजीकृत डाक/ विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध मुहरबन्द पेटिका में डाल कर ही स्वीकार की जायेंगी। निर्धारित समय के पश्चात किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निस्तारण जनपद मीरजापुर में होगा, प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 11.01.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के समक्ष उ0 न0 वि0 पटेहरा कलां/उप-जिलाधिकारी महोदय मड़िहान के कार्यालय में खोली जायेंगी।

प्राचार्य



# वाराणसी

# कागजों पर जल रहे अलाव फाइलों से उठ रहा धुआं!



## कड़ाके की ठंड में जनपद के ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्तर पर नहीं दिख रहे अलाव के इंतजाम

**यह है हकीकत**

**भीषण शीतलहरी के बावजूद चट्टी-चौराहों पर नहीं दिख रहा अलाव**

**आयर स्थित धान क्रय केंद्र पर किसानों के लिए भी नहीं हुई यह पहल**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में भीषण शीतलहरी और गलन के कारण लोग बेहाल हैं। कड़ाके की ठंड का प्रभाव विशेषकर ग्रामीण इलाकों में दिख रहा है। रोज कमाकर खाने वालों समेत छोटे-मोटे दुकानदार आदि इस ठंड से त्रस्त हैं। तमाम लेखपालों का दावा है चिह्नित स्थलों पर तहसील प्रशासन की ओर से अलाव के प्रबंध न सिर्फ किये गये हैं बल्कि मौके पर अलाव भी जल रहे हैं। वहीं, कुछ लेखपालों ने बताया कि जल्द ही अलाव का इंतजाम करा दिया जाएगा। कुछ लेखपालों ने साफतौर पर बताया कि जो स्थान चिह्नित नहीं हैं, वहां अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। कई धान क्रय केंद्रों पर वहां के प्रभारी भी अलाव काप्रबंध न किये जाने से नाराज हैं। सरकारी स्तर पर अलाव के दावों को लेकर ग्रामीण ने आरोप लगाया कि वास्तव में अलाव तो मात्र सरकारी कागजों पर जल रहे हैं और उसका धुआं फाइलों से उठ रहा है।

चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का आलम यह है कि राहगीर कहीं भी थोड़ी-सी जलती हुई आग देखते ही उसकी आंच लेने के लिए ठहर जा रहे हैं। आयर के ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश मौर्य 'भीम मौर्य' बताया कि उन्होंने अपने स्तर से छह स्थान पर अलाव का इंतजाम किया है। बेलवरिया के ग्राम प्रधान अशोक कुमार पटेल और गहनी की ग्राम प्रधान शशिकला देवी ने बताया कि तहसील स्तर से अलाव की व्यवस्था नहीं है। इधर, पूछे जाने पर बेलवरिया एवं एकला नकछेदपुर के लेखपाल सुग्रिम ने बताया कि स्थान चिह्नित न होने के चलते अलाव का प्रबंध नहीं है। आयर के धान क्रय केंद्र प्रभारी दुर्गा मिश्र ने भी अलाव की जरूरत बतायी।

हरहुआ प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय क्षेत्र समेत चक्का, करोमा, भटौली, काजीसराय, सेहमलपुर, गढ़वा, हरहुआ बाजार, कोईराजपुर, वाजिदपुर, वीरापट्टी, रिंगरोड फेज-1 चौराहा एवं फेज-2 आदि क्षेत्रों में अलाव का इंतजाम नहीं है। लोग अलाव के लिए कुड़ा-करकट, टायर आदि जला रहे हैं। पूछने पर लेखपाल मिथलेश ने आश्वस्त किया कि आज से क्षेत्र के प्रत्येक चट्टी-चौराहे पर अलाव का प्रबंध रहेगा। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार लेखपाल जितेंद्र कुमार ने बताया कि बच्छांव तिराहा स्थित हनुमान मंदिर के पास अलाव की व्यवस्था है। बेटावर ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र भारती ने तहसील से अलाव का प्रबंध न किये जाने पर नाराजगी जतायी। बंदेपुर निवासी अमित कुमार ने स्थानीय मिनी के निकट अलाव की मांग की। काशीपुर चौराहा, मातलदेई चौराहा, मोहनसराय चौराहा, डीएलडब्ल्यू मोड़ तिराहा, अखरी चौराहा, रोहनिया के गांधी चौराहे पर अलाव का इंतजाम नहीं दिखा।



### दावों से उलट है क्षेत्रों की वास्तविकता



आनन्द | विवेक | धनंजय | रिंकू

काशी विद्यापीठ प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के तमाम गांवों के चट्टी-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है। लेखपाल आशीष शर्मा, शरद प्रजापति एवं आशीष सिन्हा ने दावा किया कि लोहता, भट्ठी, भुल्लनपुर, बच्छांव आदि इलाकों के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। शेष क्षेत्रों में जल्द की इसकी व्यवस्था कर दी जाएगी। पिंडरा प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय क्षेत्र के कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं दिखी। फूलपुर बस स्टैंड, खालिसपुर, बाबतपुर रेलवे स्टेशन, पिंडरा हाल्ट, वीरापट्टी रेलवे स्टेशन, सिंधोरा, बसनी, बड़ागांव, कठिरांव, अनेई बाजार, पीएचसी पिंडरा, सीएचसी गंगापुर एवं गजोखर आदि क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था नहीं दिखी। इधर, प्रयास के बावजूद मात्र एक लेखपाल पंकज तिवारी से संपर्क हुआ। उन्होंने दावा किया कि सभी निर्धारित स्थलों पर अलाव जल रहे हैं जबकि हकीकत कुछ और ही थी। ग्रामीण रिंकू मौर्य, आर्यन यादव, अधिवक्ता आनंद मिश्र, विवेक मौर्य, संजय गुप्ता एवं धनंजय शर्मा ने पिंडरा तहसील, स्थानीय बाजार समेत कई क्षेत्रों में अलाव न जलने रोष व्यक्त किया। जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक तहसीलदार राजातालाब सतीश वर्मा ने बताया कि 14 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था है। उधर, बड़ौदा बाजार, हाथी बाजार, भाऊपुर, रामेश्वर में ग्रामीण ही अपने स्तर पर अलाव जला रहे हैं।

# अलाव की व्यवस्था रामभरोसे





**वाराणसी।** ठिठुरती ठंड के बीच शहर कुछ इलाकों में बुधवार को पड़ताल की गई तो पता चला कि अलाव की व्यवस्था के कागजों तक सिमटी हुई हैं। मंडुवाडीह क्षेत्र से अलाव की व्यवस्था लगभग नदारद दिखी। ऐसा ही कुछ हाल लंका के कुछ इलाकों सहित शिवपुर और तरना का भी दिखा।

बुधवार को जनसंदेश की टीम इस कड़कती ठंड में नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था का हाल जानने के लिए मंडुवाडीह क्षेत्र में गयी तो महेशपुर लहरतारा स्थित शेल्टर होम के बाहर अलाव जलता हुआ पाया गया और वहीं लहरतारा चौराहे के समीप भी अलाव की व्यवस्था ठीक ठाक देखने को मिली जबकि बनारस स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के समीप ठंड से ठिठुरते ऑटो चालक नजर आए, उनसे पूछने पर की यहां अलाव की व्यवस्था नहीं है क्या, तो उनका कहना था कि साहब हम लोग इस ठंड में ठिठुर रहे लेकिन यहां पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी जबकि भिखारीपुर तिराहे पर लोगों ने बताया की विगत तीन दिनों से अलाव के लिए लकड़ी नहीं आयी है बल्कि मंडुवाडीह चौराहे के समीप लोग अलाव तापते नजर आए। वहीं नगर निगम सीमा में शामिल हुए सीरगोबर्धनपुर, छित्तूपुर खास, डाफी, सुसुवाही, नासीपुर, नारायनपुर मदरवा में लकड़ी की खेप नहीं पहुंचने पर लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। डाफी के रहने वाले अजय पांडेय, दीपक पटेल, नारायनपुर के राजकमल सिंह, विजय भूषण सिंह, सुसुवाही के जित्तू पटेल और कुंदन यादव ने बताया कि निगम की तरफ से मिलने वाली लकड़ियां नहीं मिल रही हैं। इसके अलावा शिवपुर क्षेत्र के शिवपुर बाजार, सब्जी मंडी, गिलट बाजार, पुरानी चुंगी, तरना, भवानीपुर, पिसौर इत्यादि जगहों पर अलाव जलाने के लिए प्वाइंट है लेकिन कहीं भी नगर निगम द्वारा अलाव जलाने हेतु लकड़ी नहीं गिरायी गयी। लोग स्वयं लकड़ी, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। शिवपुर पार्षद, इंद्रपुर पार्षद और तरना पार्षद ने बताया कि इन सभी चिन्हित जगहों पर अलाव जलाने के लिए प्वाइंट जोनल अधिकारी को नोट करा दिया गया है।

**यहां बदहाली**

**कहीं लकड़ी नही तो कहीं अलाव के लिए लकड़ी गिरी नहीं**

### छावनी में डेढ़ दर्जन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था

छावनी में प्रशासन ने क्षेत्र में कुल डेढ़ दर्जन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है लेकिन सफाई निरीक्षक रियाजू रहमान के अनुसार अभी अन्य जगहों पर भी व्यवस्था की जा रही है। सदर बाजार में लोगों का कहना है कि जब भी लकड़ी दी जाती है तो कुछ ही दी जाती है जिसे जलाने में बड़ी दिक्कत होती है।

# शहर के 261 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था

**वाराणसी।** शहर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड और शीतलहर से राहत के लिए रोजाना सौ क्विंटल से ज्यादा लकड़ियों का अलाव जलाकर लोगों को ठंड से राहत पंहुचाने का कार्य किया जा रहा है। इसकी निगरानी इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम से सीसी कैमरे के जरिए की जा रही है। अपर नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार ने बताया कि ठंड को देखते हुए शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन शहर के चौक, चौराहों, गलियों, धार्मिक स्थलों के आस पास यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि करीब 261 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। एक स्थान पर रोजाना 50 किलो लकड़ी जलाने की व्यवस्था नगर निगम ने की है। मौसम विभाग की मानें तो अभी सात जनवरी तक कोल्ड फ्रंट पूरे प्रदेश में लोगों को प्रभावित करेगा। ऐसे में घर के बाहर तिराहों-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को ठंड से बचाने के लिए अलाव ही एक मात्र सहारा है।

**ये भी दावा**

**सौ क्विंटल से ज्यादा लकड़ियों का किया जा रहा प्रतिदिन उपयोग**

**सीसी कैमरे से हो रही निगरानी**







# ओमेगाा प्लस हॉस्पिटल का निःशुल्क शिविर कल से



**वाराणसी।** सुन्दरपुर स्थित ओमेगा प्लस हॉस्पिटल की ओर से शुक्रवार छह जनवरी से 10 दिनों तक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल के डॉ.कर्मराज सिंह ने बताया कि हॉस्प्टिल सेवा के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि शिविर में हड्डी, जोड़ दर्द, फ्रैक्चर, दिव्यांग विकलांगता, गठिया से संबंधित बीमारी का निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। बताया कि इससे संबंधित एक्सरे, फिजियो या फिर दवा पर अतिरिक्त छूट दी जायेगी। इसके साथ ही स्त्री रोग हेतु डॉ. नूतन सिंह मंगलवार व गुरुवार को निःशुल्क सेवाएं देंगी। बताया कि हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर लोगों के सहातार्थ ऐसे शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर के लिए 7309303131 पर सम्पर्क कर पंजीकरण कराया जा सकता है।

## घरों की दीवारों से हटेंगे निजी विज्ञापन

**वाराणसी।** शहर के अंदर अनाधिकृत रूप से लगायी गयी होर्डिंग, बैनर आदि के कारण अवैध रूप से बने संरचना विज्ञापन से दुर्घटना की संभावनाओं को जताते हुए विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने इसे तीन दिनों के अंदर हटाने का आदेश जारी किया है। वीडीए की ओर से बताया गया कि भवन उपविधि में इस प्रकार अवैध रूप से संरचना कर होर्डिंग लगाये जाने का कोई प्राविधान नहीं है। शहर के समस्त संबंधित भवन स्वामियों व विज्ञापनकताओं को अनधिकृत होर्डिंग व बैनर आदि मूल संरचना सहित विलंबतम तीन दिवस में स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में प्राधिकरण द्वारा अभियान चलाकर होडिंग बैनर आदि संरचना सहित हटाया जायेगा। हटवाये जाने का खर्च भी संरचना निर्माणकर्ता व विज्ञापनकर्ता से वसूल किया जाएगा।

# अफसरों ने गंगा विलास की देखी तैयारियां

**जायजा**

**गंगा विलास द्वारा कुल 3200 किमी. की दूरी तय किया जाएगा**

**50 दिनों का यह सफर भारत और बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से होकर गुजरेगा**

**वाराणसी।** आगामी 13 जनवरी को गंगा विलास क्रूज रवानगी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई जायेगी। इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की बुधवार को निरीक्षण के दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा एवं जिलाधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग और अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन के अधिकारियों को दिए गए।

गंगा विलास द्वारा कुल 3200 किमी. की दूरी तय किया जाएगा। क्रूज द्वारा की जाने वाली यह दुनिया की सबसे लंबी यात्रा होगी। 13 जनवरी को गंगा विलास क्रूज के उद्घाटन में 32 पर्यटन स्विजरलैंड तथा 1 जर्मनी, कुल 33 पर्यटकों को शामिल होना है। यह यात्रा कुल 50 दिनों की होगी। 50 दिनों का यह सफर भारत और बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से होकर गुजरेगा। वास्तुशिल्प के लिहाज से अहम 50 से अधिक जगहों पर यह क्रूज रुकेगी। जिनमें विश्व विरासत स्थल भी शामिल हैं। यह जलयान राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यो से भी होकर गुजरेगा। जिसमें सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा नेशनल पार्क भी शामिल हैं। इस परियोजना ने भारत व बांग्लादेश को दुनिया के रिवर क्रूज नक्शे पर ला दिया है। इस अवसर पर इस वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, अपर जिलाधिकारी(नगर) गुलाब चंद, पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, संकृति अधिकारी सुभाष यादव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।










# सरकारी स्कूल के गरीब बच्चों को दिया इनर व स्वेटर



जनसंदेश न्यूज

**चांदमारी।** भीषण शीतलहरी को देखते हुए बुधवार को जन विकास समिति मुर्दहा की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को लर्निंग मैटेरियल के साथ इनर और स्वेटर दिया गया। अभिभावकों को कंबल दिया गया। जन विकास समिति के निदेशक फादर चंद्रन रेमंड्स ने कहा कि जन विकास समिति समाज के एकदम निचले चबके के बच्चों में शिक्षा को रोचक बनाने के लिए व्यवस्था किया गया है। ठंड से बच्चे जब स्कूल जाय तो उनको ठंड न लगे इसलिए इनको सामग्री मुहैया करायी गई। कहा कि 96 बच्चों को इनर व 50 अभिभावकों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में राकेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्र, फिलिप थामस, सत्यप्रकाश चौबे, विनोद विश्वकर्मा, अतुल यादव, जादावती देवी, अंजू देवी, सुभावती देवी आदि मौजूद थे।

### वीडीए ने आठ बीघे अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण वीडीए की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को शिवपुर जोन में आठ बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। शिवपुर वार्ड के अंतर्गत अज्ञात कालोनाइजर द्वारा क्राइस्ट नगर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं स्थानीय थाने की पुलिस बल के सहयोग से बुलडोजर की सहायता से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में जोनल अधिकारी लाला सतीश कुमार सुमन व क्षेत्रीय अवर अभियंता रामचंद्र और प्रवर्तन दल के साथ स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

# टेंट सिटी में सुरक्षा के रहेंगे चाक-चौबंद इंतजाम

**मौका-मुआयना**

## मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने गंगापार बन रहे टेंट सिटी का किया स्थलीय निरीक्षण

### अस्थायी पुलिस चौकी अग्मिशमन, हेल्थ सेंटर, सफाई व्यवस्था आदि के रहेंगे इंतजाम

### रेती पर सैर करने व पिकनिक मनाने जाने वालों का टेंट सिटी में नहीं होगा कोई दखल

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। गंगापार रेती पर निर्माणाधीन टेंट सिटी मूर्त रूप लेने के बाद वहां सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये जाएंगे। अस्थायी रूप से न सिर्फ पुलिस चौकी स्थापित होगी बल्कि हेल्थसेंटर, जल पुलिस और एनडीआरएफ तकी तैनाती रहेगी। इंतजाम कुछ ऐसा होगा कि प्रतिदिन गंगापार रेती पर सैर करने और पिकनिक आदि मनाने के लिए जाने वाले लोग टेंट सिटी एरिया में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बुधवार को टेंट सिटी का स्थलीय मौका-मुआयना करते हुए इस बारे में संबंधित अफसरों को निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने टेंट सिटी परिसर की सुरक्षा के बारे में पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन से चर्चा की। इस अवसर पर श्री जैन ने टेंट सिटी में पुलिस की समुचित व्यवस्था करने और अस्थायी पुलिस चौकी बनाने के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही तत्काल उस क्षेत्र में पुलिस की गश्त एवं फुट पेट्रोलिंग कराने पर जोर दिया। वहीं, मंडलायुक्त ने टेंट सिटी में तत्काल साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ कराने और सफाईकर्मियों की तैनाती टेंट सिटी एवं गंगापार क्षेत्र में तैनात कराने को कहा।

उन्होंने टेंट सिटी में जल पुलिस, एनडीआरएफ एवं अग्निशमन विभाग को तैनात करने और आवश्यक उपकरणों के लिए एक संयुक्त क्वार्टर बनाने के निर्देश दिये। श्री शर्मा, श्री जैन एवं जिलाधिकारी एस. राजलिंगम टेंट सिटी परिसर में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के लिए मार्ग एवं एप्रोच रोड के बारे में फ्लोर लेआउट प्लान के जरिये जानकारी ली। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि टेंट सिटी के अंतिम चरण का कार्य जल्द पूर्ण कराएं।

इसके अलावा टेंट सिटी के पर्यटकों और अन्य लोग गंगापार रेत पर अलग अलग रहें इसके लिए अच्छी बैरिकेडिंग करायी जाय।

उन्होंने कहा कि यह कार्य भव्य तरीके से क्रियान्वित हो ताकि देश-विदेश से यहां आने वालों को टेंट सिटी से काशी की भव्यता की अनुभूति हो। उन्होंने नगर निगम को जिम्मेदारी सौंपी कि गंगापार जो व्यक्ति, नाविक, घोड़े-ऊंट वाले कचरा छोड़ कर जाते हैं उनके ऊपर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गंगापार रेत पर गुटका, तंबाकू खुले में बेचने वालों और सरकारी भूमि पर अवैध गुमटियां लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। मुआयने के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल और नगर आयुक्त प्रणय सिंह आदि भी रहे।



गंगापार बनाए जा रहे टेंट सिटी का बुधवार को मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने मौका-मुआयना किया

### ट्रेंड होंगे सभी कर्मचारी

गंगापार रेती पर बनाए जा रहे टेंट सिटी का बुधवार को निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जल निगम को निर्देश दिया कि विभाग की ओर से टेंट सिटी के दोनों स्थानों से सीवर जोड़ने के लिए डाली गई लाइन और उनके टेंट सिटी के अंत तक के कनेक्शन का दोबारा निरीक्षण कर दुरुस्त होने की पुष्टि कर लें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को टेंट सिटी परिसर में मेडिकल इमरजेंसी के लिए हॉस्पिटल चिह्नित कराने समेत आवश्यकतानुसार डॉक्टरों की ड्यूटी लगवाएं। उन्होंने अग्निशमन अधिकारी को टेंट सिटी के सभी कर्मचारियों की ट्रेनिंग कराने और आगामी 13 जनवरी से पहले मॉक ड्रिल करानो को कहा।

## जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत कथा : संजय कृष्ण

**वाराणसी।** भारत भारती परिषद की ओर से बुधवार को आसभैरव स्थित अग्रवाल भवन में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह संगीतमय भक्ति रस धारा में बुधवार को वृंदावन से पधारे भागवत कथा मर्मज्ञ पं संजय भैया जी ने भागवत कथा के महत्व की व्याख्या की। कहा कि भागवत मोक्ष की पक्की गारंटी तो देता ही है, साथ ही वर्तमान जीवन जीने की कला भी सिखाता है, भागवत जीवन के आनंद से ओतप्रोत कर देता है। कथा में भारत भारती परिषद के अध्यक्ष अशोक बल्लभ दास ने व्यासपीठ पर विराजमान संजय कृष्ण भैया जी एवं सभी वैष्णवजनों का स्वागत किया। संयोजक दीपक अग्रवाल ने कहा कि परिषद विगत 51 वर्षों से भागवत व रामायण का बच्चों में संस्कार डालने का प्रयास कर रहा है। कथा में अशोक बल्लभ दास, दीपक अग्रवाल, डॉक्टर जय शंकर जय, किशन जयसवाल, राकेश तिवारी, रचना अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, दिनेश यादव शीतल यादव, मुकुंद लाल समेत काफी लोग मौजूद थे।

## विनय प्रकाश सिंह ने संभाला एशियाई प्रशांत डाक संघ के महासचिव का पद

**वाराणसी।** भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल रहे डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) के महासचिव का पदभार इसके मुख्यालय बैंकॉक, थाईलैंड में संभाल लिया। उनका कार्यकाल 4 वर्षों का होगा। इससे पूर्व वे डाक सेवा बोर्ड के सदस्य (कार्मिक) के पद पर कार्यरत थे। यह पहली बार है जब कोई भारतीय डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व संभालेगा। उत्तर प्रदेश में अयोध्या जनपद निवासी डॉ. विनय प्रकाश सिंह, अगस्त-सितंबर 2022 के दौरान बैंकॉक में आयोजित 13वीं एपीपीयू कांग्रेस के दौरान हुए सफल चुनावों के बाद इसके महासचिव चुने गए थे। डाक विभाग के सचिव श्री विनीत पांडेय ने कहा, यह पहली बार है जब कोई भारतीय शख्स डाक क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व कर रहा है। डाक क्षेत्र के लिए इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, यह भारतीय डाक विभाग के लिए सौभाग्य की बात है कि उसका अधिकारी एशियाई प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) की गतिविधियों का, विशेष रूप से भारत की जी-20 अध्यक्षता के इस वर्ष से नेतृत्व करेगा।

### स्टेशन पर लगा दो ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड

**वाराणसी।** यात्रियों की सुविधा के लिए कैंट स्टेशन पर दो स्थानों पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए न्यू यात्री हॉल के प्रवेश द्वार (हॉल तीन) में व यात्री आश्रय हॉल में बोर्ड को लगाया गया है। इन दोनों स्थानों पर यात्रियों को ट्रेनों के आवागमन की जानकारी मिलती रहेगी, बताया कि ठंड के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण दूर से आने वाले यात्री आश्रय हॉल में ही रहते हैं ऐसे में उन्हें ट्रेनों की जानकारी के लए बाहर आना पड़ता था अब उन्हें वहीं ट्रेनों की स्थिति की जानकारी मिल सकेगी।

# गांवों में विद्युतीकरण की सुदृढ़ व्यवस्था कर रही 'एडीबी'

**बैठक**

### एडीबी टीम ने गांवों का किया दौरा, जाना कितना हुआ काम

### विकास कार्य से हुए संतुष्ट, विद्युत सखियों को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



जनपद के दौरेपर आयी एशियन डेवलपमेंट बैंक की टीम ने बुधवार को भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल-डिस्कॉम सभागार में बैठक की

**वाराणसी।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की टीम ने बुधवार को जहां कई गांवों का दौरा कर बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं, भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल-डिस्कॉम सभागार में बैठक कर बीते दो साल में रिमोट एरिया में हुए काम के बारे में जानकारी हासिल की। बताया कि देश के उन गांवों में एडीबी विद्युतीकरण की सुदृढ़ व्यवस्था कर रही है, जहां जर्जर सिस्टम के चलते ग्रामीणों को बेहतर बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

बैठक में बताया गया कि पूर्वांचल-डिस्कॉम के अधीन जिलों के करीब साढ़े सात लाख परिवार ऐसे थे, जिनको बेहतर बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। वजह, जर्जर तार, ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर, फीडर व उपकेंद्र की स्थिति अधिभारित होना आदि मामले सामने आए थे। करीब दो साल पूर्व एडीबी के जरिए इस व्यवस्था को सुदृढ़ करने की कवायद शुरू हुई। प्रोजेक्ट के तहत करीब 14000 किलोमीटर की लाइनों के जर्जर तार बदलने, एरियल बंच कंडक्टर लगाने, अधिभारित ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि करने, नये उपकेंद्र बनाने, नई लाइन के लिए नये फीडर बनाने आदि काम शुरू हुआ। वर्तमान में करीब 11000 किलोमीटर लाइन के काम पूरे हो चुके हैं और शेष तीन हजार किलोमीटर लाइन पर काम चल रहा है। बैठक के पश्चात बुड़पुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में एडीबी की टीम ने विद्युत सखियों को सम्मानित किया। बताया कि विद्युत सखी पूरे गांव में जहां बकायेदारों को बकाया जमा करने के लिए प्रेरित करती है। वहीं, नियमित बिल जमा कराने, नये कनेक्शन दिलवाने, बिजली चोरी पर अंकुश लगाने आदि काम भी करती है। एडीबी की टीम में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर समीर कुमार खरे, कंट्री डायरेक्टर ताक्यो कोनीशी, एनर्जी स्पेशिलिस्ट कीर्थी चला के अलावा प्रबंध निदेशक शंभू कुमार, निदेशक तकनीकी पीपी सिंह, निदेशक कार्मिक एसके बघेल, मुख्य अभियंता अनूप वर्मा आदि थे। बैठक के बाद टीम ने सारनाथ का भ्रमण किया।

# झाड़-फूंक नहीं उपचार से दूर होगा कुपोषण

**जानकारी**

### समय से उपचार न होने पर जानलेवा हो सकता है कुपोषण

**वाराणसी।** आराजीलाइन के अयोध्यापुर निवासी अभिषेक मौर्य के सात माह के बेटे ध्रुव ने मां का दूध पीना लगभग छोड़ दिया। ऊपरी आहार लेते ही उसे उल्टी-दस्त होने लगते थे, उसका शरीर सूखता जा रहा था। परिजनों को लगा कि यह सब किसी के टोटका कर देने की वजह से हुआ है। तब उन्होंने झाड़-फूंक का सहारा लिया, तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था, उनके घर पर आई आशा ने इसे कुपोषण बताया, तब इलाज शुरू हुआ ध्रुव को एनआरसी में भर्ती कराने में मदद की। गत 6 दिसंबर को ध्रुव जब एनआरसी में भर्ती हुआ तब उसका वजन 7 .88 किलोग्राम था ।

भर्ती होने के बाद 14 दिनों तक चले उपचार में ध्रुव न केवल ठीक हुआ बल्कि उसका वजन भी बढ़ कर 9 किलोग्राम हो गया। ऐसे ही कई परिजन हैं जो कुपोषण के लिए झाड़ फूंक का सहारा ले रहें हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) की आहार सलाहकार विदिशा शर्मा बताती है कि यह कहानी एक दो की नहीं है। यहां भर्ती होने वाले उनके जैसे अन्य कई बच्चों के अभिभावक भी ध्रुव व संतोषी के परिजनों की ही तरह भ्रम की स्थितियों से गुजर चुके होते हैं। कुपोषण की समस्या से जूझ रहे बच्चे की बिगड़ती हालत का कारण वह जादू-टोना मानकर पहले वह झाड़फूंक कराते है और जब स्थितियां ज्यादा खराब हो जाती हैं तब उन्हें अपनी गलती का एहसास होता है और वह उपचार कराना शुरू करते हैं। वह कहती हैं कि बच्चों में कुपोषण का लक्षण नजर आते ही उसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र अथवा एनआरसी ले जाना चहिये ताकि उसका सही उपचार हो सके।

## आईआईटी बीएचयू व बीआईएस के बीच एमओयू

**वाराणसी।** बीएचयू के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने भारतीय मानक को अनुसंधान और शिक्षण के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रस्तुत करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) संग एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। यह पहल शिक्षाविदों की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ बीआईएस के भागीदारी को संस्थागत बनाने की दिशा में है। हाल ही में संस्थानों में 'बीआईएस मानकीकरण चेयर प्रोफेसर' की स्थापना के लिए बीआईएस संग एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। बीआईएस मानकीकरण प्रमाणन का एक राष्ट्रीय मानक निकाय है और यह एमओयू दोनों के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी के विकास के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि इन चेयर प्रोफेसरों की स्थापना से इसमें हिस्सा लेने वाले संस्थानों में विज्ञान और विभिन्न विषयों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान व विकास में उत्कृष्टता और नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा।

# संस्कृत विश्वविद्यालय रोपेगा 88 हजार पौधे

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को सीतापुर के नैमिसारण्य में 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि पर पर्यावरण एवं संस्कृति को विकसित करने के लिये विभिन्न तरह के वृक्ष (औषधि एवं पर्यावरण की शुद्धि) रोपित करने की एक योजना के संबंध में बैठक हुई।

कुलपति ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की परिकल्पना के तहत सीतापुर के नैमिषारण्य में ऋषियों की तपोभूमि पर 88 हजार विभिन्न तरह के पुराणों में उल्लेख होने वाले वृक्षों का पौधरोपण किया जाएगा। बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने इस संबंध में पत्र भेजकर 88 हजार वृक्षों की पहचान शास्त्रानुसार कराने को विश्वविद्यालय के विद्वतजनों से प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर बृजमोहन शुक्ल के द्वारा पत्र द्वारा सहयोग मांगा गया था। जिसपर प्रभागीय निदेशक शुक्ल नें संपर्क कर इस संबंध में वार्ता की। विद्वतजन पुराणों के अध्ययन कर वृक्षों के संबंध में अन्वेषण करेंगे। कुलपति ने बताया कि यहां के विद्वतजनों की एक समिति गठित की जा रही है जो कि 18 पुराणों में वर्णित 88 हजार वृक्षों का एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसके माध्यम से प्रदेश शासन के सीतापुर नैमिषारण्य धाम को विकसित किया जायेगा। बैठक में प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. हीरककांति चक्रवर्ती, प्रो. विजय कुमार पांडेय, डॉ. रविशंकर पांडेय, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सीतापुर बृजमोहन शुक्ल एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी सीतापुर बृजेश पांडेय आदि उपस्थित थे।



### पर्यावरण व संस्कृति को मिलेगा बल

कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि की योजना है कि ऋषियों के तप स्थली को जागृत करने और उनके तप के ज्ञान से जनसामान्य को अवगत कराने व इस तरह पर्यावरण सुधारने और हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने में और बल मिलेगा।

# मारकंडेय महादेव धाम तक जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त

**बेहाल**

### पेयजल की पाइप टूटने व अधूरी नाली बनने से जलजमाव और फिसलन

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कैथी से मारकंडेय महादेव होकर जाने वाली सड़क इन दिनों पर पानी की पाइप व नाले का अधूरा निर्माण होने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जल निकासी अवरुद्ध है, जिसकी वजह से गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, सड़क भी जगह जगह से उधड़ गई है। इससे आए दिन मारकंडेय महादेव आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है।

चंदौली सांसद व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के प्रयास से इस मार्ग का कायाकल्प हुआ था। सड़क पर गंदा पानी बहने की वजह से नाली के गंदे पानी से दुर्गंध आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भी भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष गहराता जा रहा है। सड़क का निर्माण तीन साल पहले कराया गया था। वहीं पाइप क्षतिग्रस्त होने से घरों से निकल रहा गंदा पानी सड़क से होकर बह रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जल निगम व लोक निर्माण विभाग को की कई, बावजूद इसके सुनवाई नहीं हो सकी। इससे आमजनमानस को परेशानी उठानी पड़ रही है। रात में कई मोटरसाइकिल सवार यहां फिसलकर गिर चुके है।



सड़क पर बहते गंदे पानी में फंसा ऑटो

### नई पाइप लाइन से बढ़ी परेशानी

इलाके में बीते साल शुरू की गई नई सप्लाई लाइन में पानी का प्रेशर पहले की अपेक्षा कम हो गया है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाके के सुशील सिंह, प्रदीप सिंह, शिव शंकर और शंकर आदि ने बताया कि जब से नई पाइप लाइन से सप्लाई शुरू हुई है, तब से पानी का प्रेशर पहले जैसा नहीं रह गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## धाविका मुनिता प्रजापति को फेलोशिप

**वाराणसी।** जनपद की एथलीट मुनीता प्रजापति को प्रजापति अंतरविश्वविद्यालय समाज की ओर से संतराम बीए पीयूष फेलोशिप दिया गया है। संस्था कुम्हार समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण में आर्थिक सहयोग के उद्देश्य से यह फेलोशिप आरंभ किया है। संस्था के संयोजक अच्छेलाल प्रजापति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जात-पात तोड़क मंडल के संस्थापक मंत्री एवं समाज सुधारक महात्मा संतराम बीए की स्मृति में यह पहल हुई है। इस बारे में बुधवार को बैठक कर मुनीता प्रजापति को फेलोशिप देने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत ढाई हजार रुपये प्रतिमाह की दर से चार माह की प्रथम किश्त के तौर पर दस हजार रुपये जारी किये गये। साथ ही वर्चुअल मीटिंग कर संस्था के पदाधिकारियों ने मुनिता को इसकी जानकारी दी। बैठक में डॉ. सतीश प्रजापति, अच्छेलाल प्रजापति, पीयूष, डॉ. दिनेश कुमार प्रजापति, डॉ. सुशील प्रजापति, डॉ. छेदीलाल निराला, शिव दास प्रजापति, चंद्रप्रकाश प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, नीतू गोला, मीना प्रजापति आदि की हिस्सेदारी थी।



# पराड़कर एकादश फाइनल में प्रविष्ट

**मीडिया क्रिकेट**

### फाइनल में गुरुवार को ईश्वरदेव एकादश से सामना

**वाराणसी।** प्लेयर ऑफ द मैच नरेंद्र प्रताप सिंह के बहुमुखी प्रदर्शन (12/3 एवं नाबाद 57 रन, 48 गेंद, आठ चौके) एवं सलामी जोड़ीदार राजेंद्र यादव (नाबाद 54 रन, 46 गेंद, सात चौके)के साथ पराड़कर एकादश टीम फाइनल में जगह बनायी। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत सिगरा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के ग्रुप ए मैच में बुधवार को पहले खेलते हुए हृदय प्रकाश एकादश ने 20 ओवरों में सात विकेट पर 136 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। चंदन रूपानी और विजय ने 26-26 रनों का योगदान किया जबकि कप्तान शंकर ने 25 और पवन ने 28 रन बनाए। नरेंद्र ने तीन विकेट लिए जबकि दीनबंधु, प्रशांत और अनिल ने एक-एक विकेट चटकाया। जवाब में ओपनरद्वय नरेंद्र प्रताप सिंह व राजेंद्र यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवरों में 139 रनों की अटूट भागीदारी कर पराड़कर एकादश को फाइनल में स्थान दिलाया। आरपी गुप्त और चंद्रप्रकाश ने लीग दौर के छठे व अंतिम मुकाबले में अम्पायरिंग की जबकि अनिल यादव स्कोरर रहे।

### बीएचयू में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 11 फरवरी से

**वाराणसी।** बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र की ओर से आगामी 11-12 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। 'वैदिक विधि शास्त्र एवं समसामयिक विश्व पर उसका प्रभाव' विषयक इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी होंगे। समन्वयक प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने यह जानकारी दी।

## संक्षेप

### फुलब्राइट फेलोशिप के लिए डॉ. सुपर्णा बासु चयनित



**वाराणसी।** बीएचयू के महिला महाविद्यालय में सांख्यिकी की सहायक आचार्य डॉ. सुपर्णा बासु का चयन वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त फुलब्राइट फेलोशिप के लिए हुआ है। वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त इस फेलोशिप के तहत डॉ. बासु आगामी एक फरवरी एकसाल तक अमेरिका के मेसाचुसेट्स में वॉल्थम स्थित बेंटले विश्वविद्यालय में वह गणित विज्ञान विभाग में प्रो. टोनी ने के साथ शोध करेंगी। वह अपने पोस्टडॉक्टोरल रिसर्च में जीवन परीक्षण प्रयोगों पर कार्य करेंगी। उनके शोध के प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग कार्बन फाइबर, प्रदूषण के स्तर, प्रोस्टेट कैंसर जैसी बीमारियों पर किया जाएगा।

### ई-नेम के जरिये कारोबार की दी ट्रेनिंग

**वाराणसी।** किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उन्हें बिचौलियों से मुक्त कराने के उद्देश्य से ई-नेम के जरिये ऑनलाइन कारोबार के लिए बुधवार को प्रशिक्षित किया गया। पहड़िया स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के ई-नेम कार्यालय सभागार में यह आयोजन था। इस अवसर पर ट्रेनरों ने ऑनलाइन व्यवसाय के लाभ की ओर ध्यान दिलाते हुए शासन की मंशा बतायी। प्रशिक्षण देने वालों में मंडी सचिव देवेंद्र कुमार वर्मा, मंडल के सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ. अमित कुमार यादव, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक डॉ. आशीष कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक राष्ट्रीय बीज निगम पीके मिश्र और प्रधान लिपिक अवध नारायण पांडेय रहे।



### कैंट स्टेशन को मिला बेहतर खान पान का दर्जा

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) को ईट राइट स्टेशन के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, प्रमाण पत्र मिलते ही अधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई दी। एफएसएसएआई(फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की ओर से वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन को दिए गये इस प्रमाण पत्र में इस बात का इंगित किया गया है कि कैंट रेलवे स्टेशन पर सही भोजन यात्रियों को परोसा जा रहा है। एफएसएसएआइ के चीफ एग्जक्यूटिव ऑफिसर की ओर से जारी प्रमाण पत्र में स्टेशन के फाइव स्टार दिए गये हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने सभी कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दिया है। बताया कि इस दिशा में यह बेहतरीन सफलता है।



### चौरसिया समाज का नये साल का कैलेण्डर लोकार्पित

**वाराणसी।** अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के कैलेण्डर का बुधवार को सोनारपुरा स्थित एक होटल में लोकार्पण किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि वे सामाजिक कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध हों। जागरूक बनें और समाज के हित में महती भूमिका अदा करें। इस दौरान महासभा के मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी दिये गये। कार्यक्रम में प्रदीप चौरसिया, सुधीर चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रदीप चौरसिया, संजीव चौरसिया, डा. संजय चौरसिया, संतोष चौरसिया, सुनील चौरसिया, पार्षद सुरेश चौरसिया, विपिन चौरसिया, मनीष चौरसिया, सोहन लाल चौरसिया, अनूप चौरसिया समेत काफी लोग मौजूद थे। अध्यक्षता डा. अजय चौरसिया व संचालन अभिनव चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन सोहन लाल चौरसिया ने दिया।



### गरीबों व असहायों को गर्म वस्त्र वितरित

**वाराणसी।** काशी इन्दु सेवा समिति ओर से बुधवार को मैदागिन स्थित गोलघर (गौशाला के सामने) कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब व असहायों तथा जरूरतमंद लोगों में कम्बल एवं मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश कपूर ने असहाय व गरीबों को स्नेहरुपी कंबल ओढ़ाते हुए कहा कि भयावह ठंड में ये गरीबों के लिए बड़ा सहारा होगा। अध्यक्ष बेचन तिवारी ने कहा कि संस्था पिछले कई वर्षो से गरीब व असहायों में कंबल वितरण के साथ अन्य जरूरत सामान भी वितरित कर रही है। संचालन राजेश नेगरी एवं धन्यवाद निखनाथ तिवारी ने दिया।

### बिना परिचय पत्र के कॉलेज में प्रवेश प्रतिबंधित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बिना परिचय पत्र के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। उक्त आदेश बुधवार को विश्वविद्यालय कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह द्वारा एक पत्र जारी कर दिया गया। पत्र में बताया गया कि छात्र संघ चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी छात्रों को अपने संबंधित संकायों व विभागों के कार्यालयों से 09 जनवरी को परिचय पत्र वितरित किया जाएगा। छात्र इसे संबंधित विभाग व संकाय से प्राप्त कर सकेंगे।

### मो. अहमद का यूपी अंडर 14 कैंप में चयन

**वाराणसी।** शिवपुर क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी बल्लेबाज मो. अहमद का उत्तर प्रदेश अंडर 14 कैंप में चयन हुआ है। अहमद को आठ जनवरी को कानपुर के कमला क्लब में रिपोर्ट करने के लिए बोला गया है। उनके चयन से एकेडमी में हर्ष का मौहौल देखा गया। चयन पर मुख्य कोच चंद्र प्रकाश शर्मा, सैफी अहमद, अभय तिवारी और रवि प्रकाश आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शोध प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन की ओर से बुधवार को शोध प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि घोषित कर दी। आवेदन पांच जनवरी से विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकेगा। जिसे भरने की अंतिम तिथि 12 जनवरी व शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदनकर्ता विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ नवरत्न सिंह ने कुलसचिव द्वारा जारी किए गए एक पत्र के माध्यम से दी गई।

### व्यवसायियों ने तहसीलदार को दिया पत्रक

**पिंडरा।** स्थानीय बाजार में जल निकासी के लिए बनायी जा रही पक्की नाली की दूरी बढ़ाने समेत राजवाहे तक निर्माण कार्य कराने की मांग लेकर बुधवार को क्षेत्रीय व्यवसायियों व नागरिकों ने तहसीलदार को पत्रक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार के दक्षिणी छोर स्थित कुछ दुकानों से पहले ही उस नाले को बंद कर दिया जा रहा है। यदि 400 मीटर दूरी स्थित रमईपुर रजवाहे में नाले को मिला दिया जाय तो बाजार के बेलवा मोड़ के निकट होने वाले जलजमाव की समस्या खत्म हो जाएगी। पत्रक सौंपने वालों में वंशनारायण पाठक, वीरेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश, संजय, गोलू शर्मा, गुड्डू सोनकर, मुन्ना पटेल तथा उमेश जायसवाल आदि रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 10 जनवरी तक

**वाराणसी।** गोदौलिया स्थित श्रीराम लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी हिन्दू अस्पताल में चल रहे साप्तव्यापी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर को लोगों की प्रबंध समिति के सदस्य गौरव राठी ने बताया कि नि:शुल्क शिविर में अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा महिला स्वास्थ परीक्षण एवं जांच, ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाएगे, अस्पताल के दंत विभाग के चिकित्सकों द्वारा मुख एवं दंत रोग से सम्बंधित परीक्षण एवं उपचार नि:शुल्क किया जाएगा, तथा मोतियाबिंद के मरीजो का ऑपरेशन / दवा / लेंस / चश्मा नि:शुल्क देय होगा । अस्पताल के संयुक्त मंत्री संजीव कुमार साह गौरीशंकर नेवर रवि अग्रवाल राजेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सप्ताहव्यापी इस शिविर को लोगों की मांग पर एक सप्ताह के लिए फिर से बढ़ा दिया गया है।

### साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**मिर्जामुराद।** लोक समिति और आशा ट्रस्ट की तरफ से नये वर्ष के अवसर पर बुधवार को आशा ज्ञान पुस्तकालय नागेपुर से जुड़ी 10 मेधावी छात्राओं को साइकिल बांटी गई। इस अवसर पर दिल्ली से आये दम्पत्ति पंकज सिंह और प्रतिमा सिंह ने अपने तरफ से बैग, कापी,पेन बाँटकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मिर्जामुराद थाना प्रभारी दीपक कुमार, आशुतोष सिंह और पंकज सिंह ने सभी को साईकिल वितरित किया। न्यू ईयर पर साईकिल, स्कूल बैग के रुप में गिफ्ट पाकर छात्राएं बेहद खुश नजर आयी, उन्होंने सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर ब्रम्हावती सिंह, अनीता,आशा,सरोज,रामबचन, शिवकुमार, विद्या, आशुतोष सिंह,सन्तलाल, शमा बानो, ज्योति, आदि लोग मौजूद रहे। संचालन संयोजक पंचमुखी सिंह ने किया।

### भागवत कथा के प्रारंभ पर निकली शोभायात्रा

**वाराणसी।** श्रीमद् भागवत कथा में जीवन का सार तत्व समाहित है। यह जीने का मर्म सिखाती है। इसमें ज्ञान भक्ति व वैराग्य का अद्भुत संगम है। इसके श्रवण से मनुष्य को परमानंद की प्राप्ति होती है। उक्त विचार कथा मर्मज्ञ स्वामी अमरेश्वरानन्द के हैं, वे बुधवार को मदरवां- (मुरारी चौक) सामने घाट स्थित कामदगिरि वाटिका में मानव कल्याणार्थ सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन व्यक्त कर रहे थे। कथा से पूर्व छित्तूपुर,बीएचयू स्थित रविदास गेस्ट हाउस से शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष व महिलाएं आगे हाथों में ध्वज व सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थी।

# सॉलिड लिक्विड मैनेजमेंट योजना को नहीं लग रहा पंख

**इंतजार**

## धन उपलब्ध होने के बाद भी जमीन के अभाव में हो रही समस्या

**बैरिया।** पंचायती राज विभाग ने सालिड लिक्विड मैनेजमेंट योजना के तहत विकास खंड मुरली छपरा, बैरिया व रेवती के गांवों को शासन द्वारा भारी भरकम धन अवमुक्त किया गया है। धन उपलब्ध होने के बावजूद जमीन की कमी के चलते इस योजना को पंख नही लग पा रहा है, जबकि पंचायती राज विभाग इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सख्त दिखाई दे रहा है।

बता दे कि इस योजना में बैरिया विकास खंड के ग्राम पंचायत चकिया, चांदपुर, श्रीनगर, कोटवा, गंगापुर, जगदेवा, मधुबनी, नवरंगा, विकास खंड मुरली छपरा के बहुआरा, इब्राहिमाबाद ऊपरवार, चांद दियर, कोड़रहा ऊपरवार, इब्राहिमाबाद नौबरार, दलन छपरा, मुरली छपरा, सोनबरसा, शिवपुर कपूर दियर शामिल हैं। बैरिया विकास खंड के लिए कुल चार करोड़ पैतालिस लाख छियालिस हजार सात सौ पचहतर रुपये अवमुक्त हो चुके हैं।

इसमें तकनीकी गड़बड़ी के कारण ग्राम पंचायत नवरंगा का पैसा नहीं आया है। ठीक इसी तरह मुरली छपरा विकास खंड में चार करोड़ अन्ठानबे लाख बारह हजार दो सौ सत्रह रुपये एवं रेवती विकास खंड को दो करोड़ उन्नासी लाख सैतिस हजार छः सौ अस्सी रुपये प्राप्त हुए हैं।

### हाथ-पांव मार रहे अधिकारी व कर्मचारी

**बैरिया।** इस धन से संबंधित गांवों में गीला कूड़ा निस्तारण, जल निकासी, प्लास्टिक सेंटर तथा वर्मी खाद सेंटर के साथ आरआरसी सेंटर बनाने की योजना है। आरआरसी सेंटर में प्लास्टिक व अन्य कचरा भंडारण किया जाएगा और उसे बेचकर प्राप्त आमदनी से ग्राम पंचायत के विकास की योजना है। वही, इस धन से गांव को साफ-सुथरा व जल जमाव जैसे समस्या से मुक्त कराना है। विडंबना यह है कि बैरिया विकास खंड में जमीन का अभाव इस योजना के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रहा है। वही, अभी तक मात्र यह योजना दयाछपरा में शुरू हो पाया है। वहा पर आरआरसी सेंटर का निर्माण हो रहा है। वही, विकास खंड मुरली छपरा के बहुआरा व इब्राहिमाबाद ऊपरवार में आरआरसी सेंटर बन रहा है। अन्य ग्राम पंचायतों में जमीन के चयन के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी हाथ-पांव मार रहे हैं।

### जमीन की हो रही तलाश

**बैरिया।** सहायक विकास अधिकारी बैरिया रितेश राय एवं मुरली छपरा के सहायक विकास अधिकारी योगेश चौबे ने बताया कि पंचायती राज विभाग की तरफ से इसे क्रियान्वयन में लाने के लिए सख्त निर्देश प्राप्त हुआ है। जमीन की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी गांवों में आरआरसी सेंटर के निर्माण के साथ-साथ अन्य कार्य शुरू हो जाएंगे।

# किसानों को नहीं मिल रहा बीज पर अनुदान

**बैरिया।** समाज को अन्न उपलब्ध कराने वाले अन्नदाता लाचार है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकारें कई महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। उन्नतशील खेती व प्रशिक्षण देने के साथ ही बीज पर अनुदान देने की भी व्यवस्था है। हालांकि इसमें खामी यह है कि जिम्मेदार उदासीन है। इसके चलते बैरिया तहसील क्षेत्र के लगभग 300 किसानों का बीज अनुदान बकाया पड़ा है। अनुदान के लिए किसान दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार इसके लिए धन भी जारी कर चुकी है। बावजूद इसके किसानों के खाते में धन नहीं आ पाया है। संपर्क करने पर बाबू कुछ ना कुछ मीन-मेख निकालकर किसानों को वापस लौटा देते हैं। ऐसे भी किसानों को अपनी खेती बारी छोड़कर बाबूओं के दफ्तर में चक्कर लगाने की कहां फुर्सत है। धतूरी टोला के किसान विकास सिंह, रामपुर के किसान मुन्ना सिंह, इब्राहिमाबाद के किसान धनंजय सिंह, करण छपरा के किसान हरि सिंह सहित दर्जनों गांवों के किसानों ने बताया है कि बीज अनुदान सभी औपचारिकताएं पूरा करने के बावजूद भी नहीं मिला है। इस तरफ वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान किसानों ने आकृष्ट कराया है।

# 15 गांवों में स्थापित होगा कूड़ा संयंत्र

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन के ओडीएफ प्लस के तहत चयनित 108 ग्राम पंचायतों के 164 गांवों में कूड़ा संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह सभी गांव पांच हजार से अधिक आबादी वाले हैं। जिले के 108 ग्राम पंचायतों के 164 गांवों को माडल ओडीएफ बनाने को लेकर कार्रवाई जारी है। इन गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए कूड़ा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

पूर्व में 147 ग्राम पंचायतों के लिए शासन की ओर से धन जारी किया जा चुका था। पंचायती राज विभाग की ओर से शेष 17 गांवों का प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने 15 गांवों के लिए भी छह करोड़ दो लाख 45 हजार 175 की धनराशि जारी कर दी है। अब इन गांवों में भी कूड़ा संयंत्र लगाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इन गांवों में बुलंदशहर जिले के शहजादपुर कनैनी माडल संयंत्र लगेगा। इसके तहत ओडीएफ स्थायित्व, ठोस और तरल अपशिष्ट, प्लास्टिक, गोबर आदि के प्रबंधन हेतु निर्मित शौचालयों का समुचित उपयोग निर्धारित किया जाएगा। पूर्व में शासन ने 147 गांवों के लिए 110 करोड़ रुपये जारी किए थे। शेष 17 गांवों का प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से भेजा गया था। इसके सापेक्ष शासन ने 15 गांवों के लिए छह करोड़ दो लाख 45 हजार 175 की धनराशि उपलब्ध करा दी है। धन मिलने के बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में यह गांव साफ-सुथरा दिखेंगे।

**ओडीएफ प्लस**

## धन मिलने के बाद विभाग ने शुरू कर दी कार्रवाई

### धरातल पर उतरेगी योजनाएं

**बलिया।** इस संबंध में डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने बताया कि ओडीएफ प्लस के तहत गांवों की कार्ययोजना स्वीकृत हो चुकी है। शासन से धनराशि मिली है। इन गांवों में जमीन की पड़ताल करने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही धरातल पर योजनाएं उतरेंगी।

## संक्षेप

### रेलवे पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**बलिया।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने रेलवे की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने के लिये लोगों को जागरूक किया। उपनिरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में रेलवे पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर बलिया-सहतवार- रेवती में मध्य ग्राम माधोपुर, मनियारी, जसाव सहित अन्य जगहों पर लोगों को जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्र ने रेलगाड़ी पर पत्थर न मारने, चेन पुलिंग न करने, रेलवे ट्रैक पर पत्थर न रखने तथा रेलवे ट्रैक पर शौच कर गंदगी न फैलाने के संबंध में लोगों को जरूरी हिदायत दी। बताया गया कि पत्थर लगने से रेलगाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों को गंभीर चोट आ सकती है और उनकी जान भी जा सकता है। साथ ही रेलवे समपार फाटक बंद होने की हालत में उसको पार न करें, नहीं तो रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

### गौ माता के महत्व को समझाया

**बलिया।** नगर के अग्रवाल धर्मशाला के नारायण हाल में बुधवार को समाज के प्रबुद्धजनों के बीच प्रान्त गौ सेवा प्रमुख अखिलेश उपाध्याय ने गौ माता के महत्व को विस्तार से समझाया और लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि गाय एक पशु नहीं, बल्कि मां है। वह हमारे सभी दुखों का निवारण करने में सक्षम है। गाय का दूध अमृत है। मौके पर तुलसी राम, पंडित विजय नारायण, रामगोपाल, मारुती नंदन तिवारी, दीपक, परमेश्वरनश्री, एलबी रावत आदि मौजूद रहे।

### 103 वर्षीय वृद्धा का निधन

**मझौवां।** हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौवां निवासी सुन्दरी देवी (103) ने अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। इनका जीवन काल बहुत ही संघर्षरत रहा हैं। इनका अन्तिम संस्कार गंगा घाट पचरुखिया पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र बब्बन गोंड ने दी। इस अवसर पर शम्भू नाथ गोंड, लालबाबु गोंड, रामबाबु गोंड, संजय गोंड, मंजय गोंड, चंदन, राहुल, मनन, गोलु, श्यामबाबु, विरेंद्र, राजेंद्र गोंड आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों में वितरण हुआ कम्बल

**बलिया।** पूर्व प्रत्याशी सागर सिंह नागेंद्र ने ठिठुरते हुए ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया। एवं मिठाईयां भी बांटा जिसमें उनके सभी कार्यकर्ता एवं सहयोगी सम्मिलित हुए उनका नाम गुरु रतन सिंह एडवोकेट रिंकू गिरी प्रकाश वर्मा जनार्दन सिंह विशाल सिंह संजय सिंह आदि मौजूद रहे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जहां-जहां ठिठुरते हुए ठंड से लोगों को देखा जाएगा वहां वहां अपनी तरफ से पूरी कोशिश होगी कि उन लोगों तक कंबल वितरण किया जाए जिससे उन्हें ठंड से राहत मिले हमारी कोशिश हमेशा यही रहती है कि हम जरूरतमंदों को उनकी आवश्यक चीजें उपलब्ध करा सके।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथि जारी

**बलिया।** जन समस्याओं के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को प्रत्येक तहसील में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। इसमें सदर बलिया में 07 जनवरी को, बेल्थरारोड में 21 जनवरी को, सिकन्दरपुर में 04 फरवरी को, बैरिया में 20 फरवरी को, रसड़ा में 04 मार्च को, बांसडीह में 18 मार्च को, बेल्थरारोड में 01 अप्रैल को, बलिया में 15 अप्रैल को, बैरिया में 06 मई को, सिकन्दरपुर में 20 मई को, बांसडीह में 03 जून को, रसड़ा में 17 जून को, बलिया में 01 जुलाई को, बेल्थरारोड़ में 15 जुलाई को, सिकन्दरपुर में 05 अगस्त को, बैरिया में 21 अगस्त को, रसड़ा में 02 सितम्बर को, बांसडीह में 16 सितम्बर को, बेल्थरारोड़ में 07 अक्टूबर को, बलिया में 21 अक्टूबर को, बैरिया में 04 नवम्बर को, सिकन्दरपुर में 18 नवम्बर को, बांसडीह में 02 दिसम्बर एवं रसड़ा में 16 दिसम्बर, 2023 को संपूर्ण समाधान दिवस होगा।

### बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया निर्देश

**बलिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश को लेकर आयोजित होने वाली चयन परीक्षा-2023 में ऑनलाइन आवेदन/पंजीकरण के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। बीएसए ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय सिंहाचंवर द्वारा अवगत कराया गया है कि कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2023 का आयोजन 29 अप्रैल को होना है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने शिक्षा क्षेत्र में स्थित समस्त प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें, ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को मिल सके। प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन/पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये बीके बाबू



**मझौवां।** बैरिया ब्लाक के ग्राम पंचायत दयाछपरा के पूरवा प्रसाद छपरा स्थित पैतृक आवास पर बुधवार को पूर्व कोषाधिकारी बृजकिशोर उर्फ बीके बाबू की छठवीं पुण्यतिथि मनायी गई। मुख्य अतिथि सपा के जिला सचिव रामेश्वर पासवान और उनकी पत्नी रेनु देवी ने बीके बाबू की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान जरूरतमंदों में गर्म कपड़े का वितरण किया गया। वक्ताओं ने बीके बाबू को एक कर्मठ और संघर्षशील व्यक्ति बताया। कहा कि वह हमेशा गरीबों एवं मजलूम के सहयोगी रहे। इस मौके पर सतेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, किशुन, मनोरंजन राव, ओमकार तिवारी, अमर पासवान, रमेश पासवान, गुड्डू पासवान, राजकुमार रजक, विजय कुमार पटेल, धर्मेंद्र पासवान, सुशील पांडेय, जितेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, बीर राम, बब्लू सिंह, सर्वजीत पासवान, सतेन्द्र पासवान, राजेन्द्र प्रकाश आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता लालजी उर्फ मास्टर साहब तथा संचालन मनोज कुशवाहा ने किया।

# जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने को हुई बैठक

**बलिया।** अनिल कुमार सक्सेना सहायक पर्यटक अधिकारी जनपद बलिया ने बताया है कि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक का प्रमुख एजेंडा पर्यटन विभाग द्वारा आगामी रामायण कान्क्लेव (11 जनवरी-4 मार्च) को सुनियोजित ढंग से आयोजित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करना है। इसमे जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक पर्यटक अधिकारी अनिल कुमार सक्सेना एवं बलिया पर्यटन विभाग के रवि शंकर त्रिपाठी को सम्मिलित कर दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जनपद बलिया के धार्मिक पर्यटक स्थलों के विकास हेतु जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं पर विचार, जनपद में पर्यटन एवं संस्कृति के उत्थान हेतु इकोटूरिज्म, रूरल डेवलपमेंट, पर्यटक स्थलों का ब्रोशर छापने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बलिया जनपद में पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु शीघ्र काफी टेबल बुक भी प्रकाशित की जाएगी, जिसके लिए उन्होंने पर्यटन विभाग बलिया को निर्देशित भी किया।

उन्होंने पर्यटन कृमित्र गठित करने हेतु भी विशेष बल दिया, जिससे कि जनपद में पर्यटन का विकास हो सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पर्यटक अधिकारी, सहायक कोषाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, अपर जिला पंचायत अधिकारी सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**पहल**

## जनप्रतिनिधियों की प्रस्तावित योजनाओं पर किया गया मंथन

# जनपदीय चयन ट्रायल्स नौ को

**बलिया।** खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान में यूपी फुटबाल एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेशस्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 18 जनवरी तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में किया गया है। इसमें भाग लेने हेतु आजमगढ़ मंडल की टीम का जनपदीय चयन/ट्रायल्स नौ जनवरी को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया एवं मंडलीय चयन/ट्रायल्स 10 जनवरी को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक बालक फुटबाल के खिलाड़ी चयन/ट्रायल्स में भाग ले सकते है। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 11 से 18 जनवरी को क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तम ने दी है।

# प्रतियोगिताओं में करनी चाहिए भागीदारी

**बोलीं डॉ. पुष्पा मिश्रा**

## दीक्षोत्सव कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं चित्रकला का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय दीक्षोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन लोक नृत्य एवं चित्रकला का आयोजन कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भवन में किया गया। शैक्षणिक निदेशक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अतिरिक्त सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।

उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतियोगिताओं में आत्मविश्वास के साथ अवश्य भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लोकनृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें अंजलि सिंह, राधा गुप्ता आदि ने मनमोहक प्रस्तुति की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय 'हरित ऊर्जा' रहा। इसमे सत्यम कुमार, कुमारी अर्चना तथा स्नेहा गुप्ता आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. संध्या तथा डॉ. सौम्या तिवारी ने किया। डॉ. छबीलाल, डॉ. प्रज्ञा बौद्ध तथा डॉ. अनुराधा राय ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अजय चौबे, डॉ. विनीत सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्मिता त्रिपाठी ने किया।

इसके अलावा समाज कार्य विभाग और सेंटर आफ एक्सीलेंस के माध्यम से व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेसिक अकाउंटिंग कोर्स के तहत ग्रामीण महिलाओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन कम्प्यूटर विभाग के हर्ष त्रिपाठी ने कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ एमएस वर्ड ऐप तथा फोटो लगाना, एडिटिंग करना, प्रिंट आदि के बारे में विस्तार से बताया।



दीक्षोत्सव कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण

# ठंड से पूरे दिन घरों में दुबके रहे लोग

**मौसम**

## आसमान में छाया रहा बादल नहीं हुआ सूर्यदेव का दर्शन

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर।** पिछले कई दिनों से गिर रहा न्यूनतम तापमान बुधवार को 7.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लोग हाड़कपाउ ठंड से बेहाल नजर आए। वहीं, चौथे दिन भी सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में बादल छाया रहा।

गलन भरी ठंड के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। लोग दिन भर घरों में दुबके रहने के लिए विवश रहे। नववर्ष के पहले दिन से बढ़ी ठंड व आसमान में बदली छाने के चलते सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे हैं। बुधवार को सुबह व शाम के समय कोहरे की धुंध छाने से जहां सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया, वहीं ठंड से बचाव के लिए लोगों के लिए सिर्फ अलाव ही सहारा बना। पूरे दिन सूर्यदेव के न निकलने से लोग घरों में ही कैद रहने को मजबूर रहे। हालांकि जरूरतमंद व नौकरी-पेशा लोग शरीर को गर्म कपड़ों से ढ़ककर निकले। ठंड से खासकर मजदूर व किसान वर्ग के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण ठंड के बीच सिकंदरपुर नगर पंचायत द्वारा अभी तक न ही जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया है और न ही अलाव की व्यवस्था किया गया है।

### अलाव के लिए उपलब्ध करायी लकड़ी

**बलिया।** भीषण ठंड व शीतलहर से लोगों को निजात दिलाने के लिए जब सिकंदरपुर नगर पंचायत नकारा साबित हुआ तो नगर के पूर्व सभासद मोहम्मद इलियास कादरी व मुन्ना हाशमी द्वारा निजी खर्च से अपने-अपने वार्ड के जरूरतमन्द लोगों तक अलाव जलाने के लिये लकड़ी की व्यवस्था कराई गई। वार्ड के लोगों द्वारा इसकी तारीफ भी की गई।



### सार्वजनिक स्थान पर जलवाया अलाव

**मझौवां।** क्षेत्र के रामगढ़ ढाले पर बुधवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद हिंद के नेतृत्व में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थान पर अलाव की व्यवस्था की गई। अलाव से आने-जाने वाले राहगीरों एवं दुकानदारों ने राहत ली। इस मौके पर आनंद मिश्र, अनिल ओझा, सुरेश मिश्र, सुनील मिश्र, अनिल सिंह, कृपाशंकर यादव, देवेंद्र तिवारी, भानु प्रताप सिंह, रविंद्र मिश्र, सुमित सिंह धोनी, गुड्डू मिश्र आदि मौजूद रहे।



# जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** मनुष्य के जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है। इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण होता है। यह बातें असर्फी हास्पिटल के डायरेक्टर डा. नयन प्रकाश सिंह ने टाउन पालीटेक्निक में तीन दिवसीयस वार्षिक खेलकूद समारोह के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। डा. सिंह ने संस्था के छात्र-छात्राओं का निःशुल्क प्राथमिक उपचार अपने हास्पिटल पर करने की घोषणा की।

खेलकूद समारोह के लौह कंदूक प्रक्षेपण बालिका वर्ग में आनंद सिंह प्रथम, नेहा वर्मा द्वितीय एवं अंकिता गुप्ता तृतीय रही। लंबी कूद बालक वर्ग में कृष्ण कुमार राजभर प्रथम, सुधीर यादव द्वितीय एवं हरिओम राय तृतीय रहे। सौ मीटर रेस में हरिओम प्रथम, धीरेन्द्र प्रताप द्वितीय एवं सुधीर यादव तृतीय रहे। लौह कंदूक प्रक्षेपण बालक वर्ग में आशुतोष कुमार यादव प्रथम, शुभम सिंह द्वितीय एवं अभिषेक यादव तृतीय रहे। दौ सो मीटर रेस बालक में हरिओम राय प्रथम, सुधीर यादव द्वितीय एवं शिवप्रकाश वर्मा तृतीय रहे। इस अवसर पर इं. राकेश यादव, प्रधानाचार्य इं. दिग्विजय नारायण सिंह, इं. ब्रजभूषण, इं. जयप्रकाश पांडेय, विजय कुमार सिन्हा, अनिल कुमार शर्मा, ले. रविशंकर, विनोद कुमार, निखिलेन्द्र नाथ मिश्र, शक्ति प्रकाश, पंकज वर्मा, रजनीकांत श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार राय, रविप्रकाश सिंह, जितेन्द्र कुमार पांडेय, अंशुमान गौतम, राधेश्याम, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, सुमित कुमार अदि मौजूद रहे।

**बोले डॉ. नयन प्रकाश**

## रेस में हरिओम एवं लौह कंदूक प्रक्षेपण में आनंदी अव्वल

# दीप महायज्ञ में एक साथ जले लाखों दीप



**बलिया।** महर्षि भृगु की तपोभूमि, गंगा की पवित्र स्थली व बाबा बालेश्वर नाथ की नगरी पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट एक साथ कई लाख दीपों से जगमगा उठा। गायत्री मंत्रोच्चार के साथ पूरा वातावरण गूंज उठा। दीपोत्सव के पूर्व विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। देशभक्ति की भी झलक महायज्ञ में दिखी।

गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार गायत्री उपासना वर्ष एक जनवरी से चार जनवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में हरिद्वार सहित कई प्रांतों से लोग आये हुए थे। यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष का था। पहले दिन कलश यात्रा, दूसरे दिन देवपूजन गायत्री महायज्ञ तथा तीसरे गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार और कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन रहा। उसके बाद शाम के वक्त संगीत प्रवचन और भव्य दीप महायज्ञ तथा चौथे दिन चार जनवरी को गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति एवं सत्यकारियों का अभिनंद एवं कार्यकर्ताओं की टोली की विदाई का दिन रहा। दीप महायज्ञ में पूरा गायत्री शक्तिपीठ विभिन्न झालर बत्तियों से जगमगाता रहा। पूरे यज्ञ मंडप का परिक्रमण भारत माता की झांकी, गायत्री माता के वेष-भूषा में सजे बच्चे, शंकर-पार्वती के वेशभूषा में सजे बच्चे हाथों में दीप लिये परिक्रमा का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। लंबे चौड़े क्षेत्रफल में फैली गायत्री शक्तिपीठ के चारों तरफ भक्तों द्वारा दीप महायज्ञ में दीप जलाया गया।



# बाढ़ आपदा में फसल नुकसान पर भुगतान

**बलिया।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) ने बताया है कि जनपद बलिया में वर्ष 2022 में गंगा एवं सरयू नदी में आयी बाढ़ से किसानों की फसल नष्ट हो जाने के उपरांत सरकार की ओर से फसल क्षति पर कृषि निवेश अनुदान का वितरण किया गया है, जिसमें जनपद के कुल 7055 कृषकों का डाटा लेखपालों के माध्यम से राहत आयुक्त की वेबसाइट पर फिट किया गया। इनको ई-कुबेर के माध्यम से अब तक कुल 6754 किसानों को कृषि निवेश अनुदान के रूप में 1,74, 19,251 00 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष कृषकों के बैंक खाते त्रुटिपूर्ण अथवा आईएफएससी कोड जिनमें गलत होने के कारण धनराशि प्रेषित नहीं हो पाया है। इन कृषको में से 70 कृषकों के बैंक खाते के विवरण का संशोधन कर लिया गया है और शेष 231 कृषकों के बैंक खाते का संशोधन लेखपाल स्तर से किया जा रहा है। संशोधन हो जाने के उपरांत जल्द ही उनके बैंक खाते में धनराशि प्रेषित कर दी जाएगी।

# लोगों को आकर्षित करती है डॉ. केदारनाथ की रचनाएं

**बोले के सत्यनारायण**

## तेलुगू भाषा में अनुवादित 'आत्मचित्रम' पुस्तक का विमोचन

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायण ने भारत सरकार से ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि साहित्यकार डॉ. केदारनाथ सिंह को अद्वितीय, अविस्मरणीय व साहित्य का धनी बताया। कहा कि उनकी रचनाएं लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करती है। सफलता के शीर्ष पर जाने के बावजूद डॉ. केदारनाथ सिंह गांव, गरीब, गंवई संस्कृति व सभ्यता की चिंता करते थे। ऐसा उनके रचनाओं से आभास होता है।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. केदारनाथ सिंह के 100 रचनाओं को तेलुगु भाषा में अनुवादित कर आत्मचित्रम के नाम से लिखित पुस्तक के विमोचन के अवसर पर पैतृक आवास चकिया पर आयोजित समारोह में व्यक्त किया। पुलिस महानिरीक्षक ने स्वयं को डॉ. केदारनाथ सिंह की रचनाओं के साथ हुए जुड़ाव पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं मेरे लिए बाइबिल, गीता व कुरान की तरह पवित्र है। उनकी रचनाओं से जुड़ाव भोलेनाथ की कृपा से हुआ या डॉ. केदारनाथ सिंह के आशीर्वाद से, कुछ ना कुछ तो है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिरीक्षक जब डॉ. केदारनाथ सिंह की कविताओं से प्रभावित हुए, तबसे उनकी रचनाओं, कविताओं और उनके व्यक्तित्व के विषय में विधिवत अध्ययन करने के बाद उनकी कविताएं गौरैया का चेहरा, अकाल में सारस, एक पैर पर खड़ा हिमालय, तपती जमीन, सृष्टि पर पहरा सहित एक सौ रचनाओं का तेलुगु भाषा में अनुवाद कर उसे पुस्तक के रुप मे संकलित कर आत्मचित्रम नाम से पुस्तक लिखा, जो तेलुगू भाषाओं में काफी लोकप्रिय हुई है।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि सन् 2016 में मैं अन्य आईपीएस अधिकारियों के साथ लंदन प्रशिक्षण के लिए गया था। वहां मैंने कालेज के प्रोफेसर से कहा कि लंदन में कोई देखने लायक जगह है तो मुझे दिखाने के लिए कोई गाइड दे दीजिए। वहां से गाइड हमें शेक्सपियर के गांव ले गया, जहां म्यूजियम बना था। गांव का काफी विकास हुआ था। कुछ उसी तरह का विकास अगर चकिया का हो जाए तो डॉ. केदारनाथ सिंह के प्रति देश-प्रदेश और लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर वाराणसी से आए साहित्यकारों व प्रोफेसरों द्वारा के सत्यनारायन द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन करने वालों में प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. इंदीवर पांडे, प्रो. राम सुधार सिंह, प्रो. कामेश्वर सिंह व कौशलेंद्र आदि शामिल रहे।



पुस्तक का विमोचन करते विशिष्टजन

### डॉ. केदारनाथ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

**बैरिया।** इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. केदारनाथ सिंह के चरित्र व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही डॉ. केदारनाथ सिंह की रचनाओं को तेलुगु में अनुवाद कर एक पुस्तक के रूप में संकलित कर उसे प्रकाशित कराने वाले पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायन के भी व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक आंध्र प्रदेश के एक किसान परिवार के हैं। इनका भी डॉ. केदारनाथ सिंह की तरह ही गांव, गिरांव, किसान से काफी लगाव और जुड़ाव है। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह सहित कई लोगों को अंगवस्त्रम ओढ़ा कर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। रामजी, मोहन, हरिहर, शक्ति नाथ, रामजी, शैलेश, अरुण, हरेंद्र, मनजी आदि ने पुलिस महानिरीक्षक व अन्य आगंतुकों का स्वागत किया। अध्यक्षता प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा संचालन प्रो. कामेश्वर सिंह ने किया। प्रो. एसके सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।

# मॉडल तहसील पर जारी रहा गोंगपा का धरना


मॉडल तहसील परिसर में धरना देते गोंगपा कार्यकर्ता

**बलिया।** निकाय चुनाव में एसटी हेतु सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का माडल तहसील पर चल रहा धरना प्रदर्शन 28 वें दिन भी जारी रहा।


लल्लन प्रसाद गोंड ने कहा कि नगर निकाय चुनाव 2012 व 2017 में जिस प्रकार से अनुसूचित जनजाति हेतु सभासद की सीटें आरक्षित थी, उसी प्रकार वर्तमान समय में होने जा रहे निकाय चुनाव में भी संवैधानिक रूप से अनुसूचित जनजाति की सीटें आरक्षित की जानी चाहिए।

संवैधानिक अधिकार प्राप्त होने तक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शन आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर अरविन्द गोंडवाना, गोपाल जी खरवार, सुरेश शाह, दादा अलगू गोंड, रामपाल खरवार, परशुराम खरवार, संजय गोंड, चन्द्रशेखर खरवार, दुर्गविजय खरवार, दीपू गोंड, विक्की गोंड, हीरालाल गोंड, दीपक गोंडवाना, राम नारायन गोंड, राम सेवक खरवार, राम चन्द्र गोंड, मनोज यादव, रामनारायण यादव, सुदेश मंडावी, सुनील गोंड, शिवशंकर खरवार आदि मौजूद रहे।

## जिले में यूरिया का संकट, किसान परेशान

**बलिया।** जिलेभर में यूरिया खाद का संकट बना हुआ है। सहकारी समितियों पर यूरिया लेने के लिए मारामारी मची है। इस वर्ष किसानों को लगातार खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बाजारों में यूरिया की कालाबाजारी जारी है, जिससे किसान परेशान हैं। जिले में उर्वरक वितरण की व्यवस्था इस वर्ष पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। रबी की बुआई के समय किसानों को डीएपी के लिए भटकना पड़ा और अधिकांश किसानों ने महंगे दामों पर डीएपी खरीद कर किसी तरह बुआई की। खरीफ के दौरान बारिश कम होने के कारण रबी का दायरा अधिक हो गया है। किसान गेहूं की सिंचाई के बाद यूरिया के छिड़काव के लिए परेशान हैं। सहकारी समिति हो या बाजार कहीं भी यूरिया नहीं मिल रहा है। जिन समितियों पर यूरिया पहुंचा, वहां किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। कृषि विभाग की ओर से खाद की कमी नहीं होने का दावा किया जाता रहा, लेकिन सभी व्यवस्थाएं ध्वस्त रहीं। बताया जाता है कि बाजारों में दुकानदार महंगे दामों पर यूरिया बेच रहे हैं। खासकर बिहार सीमा से सटे इलाकों में तो न समितियों पर यूरिया मिल रहा है और न दुकानों पर ही उपलब्ध है। किसान गेहूं की सिंचाई के बाद यूरिया के छिड़काव के लिए परेशान हैं।

# फसलों को बर्बाद कर रहे अवारा पशु



पहले से ही किसानों की कमर तोड़ रखी है। इसके बाद बची-खुची कसर छुट्टा पशु फसलों को चरकर तबाह करने में लगे हुए है। किसानों को आवारा पशुओं और नील गायों के आतंक से परेशानी हो रही है। छुट्टा पशुओं के साथ ही नीलगायों की भी संख्या अधिक है, जो पूरे दिन खेतों को बर्बाद करने में लगे रहते है। कुछ मनबढ़ पशु भगाने पर किसानों को ही दौड़ा ले रहे है। क्षेत्र के हल्दीरामपुर, बिल्थरा बाजार, चैनपर गुलौरा, सोनाडीह, गौरी, पूरा-पतोई, खैरा खास, तुर्तीपार, नरला, चन्दाडीह आदि गांवों में आवारा पशुओं के कारण फसल को बचा पाना किसानों के लिए अग्निपरीक्षा साबित हो रहा है। सुबह से रात तक मौका मिलते ही आवारा पशु खेत में लहलहाती फसलों को अपना निवाला बना रहे, जिसके चलते किसानों को दिन-रात एक कर खेतों की चौकीदारी करनी पड़ रही है।

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के किसानों को अपने-अपने खेतों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए रात-दिन निगरानी करनी पड़ रही है। बावजूद इसके मौका पाते ही छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसलों को चरने के साथ ही बर्बाद कर रहे है। इससे किसान भारी नुकसान झेलने को विवश हैं।

कड़ाके की ठंड में जहां लोग रजाई-गद्दे का सहारा लिए रहते है तथा बाहर निकलने की हिम्मत नही जुटा पाते है, वहीं किसान अपने खून पसीने की कमाई लगाकर खेतों में खड़ी फसल की रखवाली के लिए खेतों पर रात बिता रहे हैं। खेतों से सड़क तक आवारा पशुओं ने आतंक मचा रखा है। नहरों से सिंचाई की समस्या ने

# वर्ष भर कार्डधारकों को मिलेगा निःशुल्क राशन

**बलिया।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी युक्त अनाज हासिल करने वाले उपभोक्ताओं को सरकार ने बड़ी राहत देते हुए नववर्ष का तोहफा दिया है। जिले के 24 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को 1435 सरकारी राशन की दुकानों से वर्ष भर निःशुल्क गेहूं और चावल मिलेगा। इसके लिए डीएसओ रामजतन यादव ने कोटेदारों को जरूरी निर्देश दे दिए हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शासन ने अब वर्ष भर मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। घोषणा से जिले के 24 लाख 67 हजार 869 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बता दें कि जिले में 1435 सरकारी राशन की दुकान संचालित है। इनसे चार लाख 79 हजार 30 पात्र गृहस्थी एवं एक लाख एक हजार 691 अंत्योदय समेत कुल पांच लाख 80 हजार 721 कार्डधारक जुड़े है। अंत्योदय राशन कार्डधारकों को 35 किग्रा.अनाज मिलता है। इसमें 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल शामिल होता है। इसके अलावा पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट पांच किग्रा. अनाज मिलता है। इसमें दो किग्रा. गेहूं और तीन किग्रा. चावल होता है। दोनों ही प्रकार के राशन कार्डधारकों को तीन रुपये प्रति किग्रा की दर से चावल और दो रुपये प्रति किग्रा की दर से गेहूं मिलता है। अब वर्ष भर यह अनाज निःशुल्क मिलेंगे।

### शासन से मिला है निर्देश

**बलिया।** जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने बताया कि इसी महीने कोटे से जुड़े सभी कार्डधारकों को वर्ष भर निःशुल्क अनाज मिलेगा। शासन की तरफ से निर्देश मिल चुका है। कार्डधारकों को अब गेहूं-चावल के लिए कोई शुल्क नहीं देना नहीं पड़ेगा। सभी कोटेदारों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

गुड न्यूज

### जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटेदारों को दिया आवश्यक निर्देश

## सरकारी गोदाम पर उपलब्ध नहीं है यूरियाः रिजवी

**सिकंदरपुर।** पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा कही भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लोग ठंड के कारण ठिठुरने को मजबूर है। यह बातें विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने व्यक्त किया। कहा कि अब तक नगर पंचायत सिकंदरपुर में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। गरीबों को अब तक कंबल वितरित नहीं किया गया है, जो सरकार की गरीब एवं वंचितों के प्रति विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पूरे प्रदेश में यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कहीं किसी सरकारी गोदाम पर यूरिया उपलब्ध नहीं है। किसान मजबूर होकर 270 की यूरिया 400 रुपये में खरीदने पर मजबूर है। यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। कहा कि इतने कड़ाके की ठंड पड़ रही है, किंतु किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली नहीं मिल रही है। किसान जान जोखिम में डालकर रात में सिंचाई करने के लिए मजबूर है। इस सरकार के पास सिर्फ दिखावा है। इसे प्रदेश की जनता भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया कि तहसील क्षेत्र में हर जगह अलाव की व्यवस्था की जाए एवं गरीबों को अविलंब कंबल वितरित किया जाए।

# अमिताभ कांत को एचएन शर्मा ने दी नववर्ष की बधाई



**बलिया।** जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत को इस समय नये साल पर बधाई देने के लिए उनके शुभ चिंतक पहुंच रहे है। पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के राजनैतिक सलाहकार रहे एचएन शर्मा ने नये साल पर अमिताभ कांत से भेंट कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। गौरतलब हो की बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के पुरास गांव के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 रजनीकांत के पुत्र है। लगभग पांच वर्ष पहले नगर से सटे सहरसपाली में रजनीकांत आई सेन्टर का लोकार्पण तत्कालिन केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया था। उस समय देश व प्रदेश की राजनैतिक हस्तियों का जमावड़ा भी हुआ था। केन्द्रिय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, उ0 प्र0 सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सिद्धनाथ सिंह भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। अमिताभ कांत लगभग 6 वर्ष तक नीति आयोग के सीईओ भी रह चुके है। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा केरल कैडेट के 1980 बैच के अधिकारी है।

### बलिया का नाम अमिताभ कर रहे है रोशन

बागियों की धरती बलिया जिले का नाम देश में ही नहीं पूरे विश्व में जाना जाता है, क्योंकि यह वहीं धरती है जो देश को प्रधानमंत्री के रूप में चन्द्रशेखर को दिया। ये वहीं धरती है जिस धरती पर 1857 के नायक मंगल पाण्डेय व 1942 क्रांति के नायक चित्तू पाण्डेय को जन्म दिया। बलिया के सहतवार से वीर कुंवर सिंह का बहुत लगाव था, क्योंकि उनका यहां ननिहाल था। इसके अलावा साहित्य के क्षेत्र में हल्दी थाना के ओझवलिया गांव में जन्मे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कोतवाली थाना क्षेत्र के जवही दियर में जन्में पं0 परशुराम चतुर्वेदी के नाम से भी बलिया जाना जाता है। बात करें अमिताभ कांत की इन्होंने भी प्रशासनिक सेवा में अपनी अलग पहचान बनाते हुए बलिया का नाम रोशन किया है। वैसे आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुत ही करीबी अधिकारियों के नाम से जाने जाते है।

## संक्षेप

### स्व. विक्रमादित्य की स्मृति में नगर के विभिन्न स्थानों पर जलाये गये अलाव




**बलिया।** जनपद के जन नेता पूर्व मंत्री श्रद्धेय विक्रमादित्य पाण्डेय की स्मृति में कंपकंपाती ठंड से निजात दिलाने हेतु समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं शहीद मंगल पाण्डेय स्मारक समिति कदम चैराहा के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने का अपना प्रति वर्ष उपक्रम इस वर्ष भी जारी रखा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने स्थानीय कदम चैराहा पर अलाव जलाकर ठंड से निजात दिलाने की शुभारंभ किया। कदम चैराहा, भृगु बाबा मंदिर, रेलवे स्टेशन, लालबहादुर शास्त्री पार्क, नया चैक, माल गोदाम, बालेश्वर मंदिर, महावीर घाट, चित्तू पाण्डेय चैराहा, सदर अस्पताल, महिला अस्पताल, रोडवेज, काशीपुर मिश्रनेवरी, गौशाला रोड आदि जगहों पर अलाव जलाया गया। इस अवसर पर मनोज पाठक, राधेलाल यादव, श्रीभगवान यादव, अजीत यादव, संतोष तिवारी, छोटे पाण्डेय, विपिन चैबे, संजय चैबे, रविप्रकाश श्रीवास्तव, अर्जुन राम, जय कमल चैबे, सुजीत तिवारी, मनोहर यादव आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पेंशनरों का किया गया सम्मान



**बलिया।** सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारी कल्याण समिति तथा सेवानिवृत्त शिक्षक कर्मचारी/अधिकारी समन्वय समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ पेंशनरों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पुरूष तथा 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी महिला पेंशनरों को सम्मानित किया गया। मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने सभी वरिष्ठ पेंशनरों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने सभी पेंशनरों को उनके स्वास्थ्य और समृद्धि की बात कही। उनसे आग्रह किया कि सभी लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सभी पेंशनरों ने मुख्य कोषाधिकारी को समय से पेंशन मिलने पर धन्यवाद दिया। 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेने वाले पेंशनरों में सीताराम चतुर्थ श्रेणी चकबंदी, हरिहरनाथ पांडेय तृतीय श्रेणी स्वास्थ्य विभाग, सालिक राम शर्मा अनुदेशक पालीटेक्निक, अनवर अली संगणक विद्युत विभाग, विद्याधर पांडेय जीएमटी विद्युत विभाग, मोहन सिंह लघु सिंचाई विभाग और 75 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुकी महिला सदस्यों में श्रीमती रामावती तिवारी, श्रीमती देवंत देवी शामिल रहे। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सुरेश कुमार, सीएमएस दिवाकर सिंह, जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन आदि मौजूद रहे।

### 25 दुकानदारों पर लगा नौ लाख 15 हजार का जुर्माना



**बलिया।** खाद्य पदार्थों में मिलावट की पुष्टि होने पर न्याय निर्णायक अधिकारी राजेश कुमार की कोर्ट ने 25 दुकानदारों पर 9 लाख 15 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्याय निर्णायक अधिकारी ने सभी दुकानदारों को जुमार्ने की धनराशि एक माह के अन्दर जमा करने का निर्देश दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने पिछले दिनों जिले के बेल्थरारोड, सिकन्दरपुर, रसड़ा, हल्दी, बलिया सदर, चितबड़ागांव, गड़वार, पकड़ी व सीयर से विभिन्न खाद्य पदार्थो के नमूने लिये थे। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में 25 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गये। रिपोर्ट आने के बाद विभाग सतर्क हो गया और 25 दुकानदारों के विरुद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी की कोर्ट में वाद दाखिल किया गया। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 25 दुकानदारों पर 9 लाख 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। जुमार्ने की धनराशि को एक माह के अन्दर जमा करना है। इसमे 19 दुकानदारों पर 25,25 हजार, एक दुकानदार 40 हजार, दो दुकानदारों पर 50, 50 हजार और तीन दुकानदारों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। श्री मिश्र ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिन खाद्य कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठान का रजिस्ट्रेशन विभाग में नहीं करवाया वे रजिस्ट्रेशन करवा लें नहीं तो पकड़े जाने पर विभागीय कार्रवाई सुनिशित की जायेगी।

### मदरसा पोर्टल की वेबसाइट पर करें आवेदन

**बलिया।** राजीव कुमार यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बलिया ने बताया है कि मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्डरी, सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष-2023 की आवेदन पत्रों हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उक्त दिशा-निर्देश में परीक्षार्थियों, मदरसों, एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के लिए अलग-अलग निर्देश दिये गये हैं। राज्य अनुदानित मदरसों में अधिकतम 500 तथा गैर अनुदानित मदरसों में अधिकतम 400 छात्र संख्या फार्म आनलाईन करने हेतु निर्धारित है। संस्थागत तथा व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं हेतु अलग-अलग शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षा आवेदन फार्म वही मदरसे आनलाईन करायेंगे, जो मदरसा पोर्टल पर लाक हैं। अतः मदरसा पोर्टल की वेबसाईट पर त्रुटिरहित आनलाईन आवेदन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यदि आनलाईन आवेदन करने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो जनपद स्तरीय कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### किसानों को नई तकनीक का प्रयोग करने के लिए करें प्रेरित : जिलाधिकारी

**मऊ।** बुधवार को भारतीय बीज विज्ञान संस्थान के कृषि ड्रोन परियोजना के अन्तर्गत कृषक प्रक्षेत्र पर ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा किया गया। भारतीय बीज विज्ञान संस्थान के निदेशक डा0 संजय कुमार ने बताया कि कृषि ड्रोन परियोजना के माध्यम से रबी फसल पर पानी एवं दवाओ के छिड़काव हेतु 500 हेक्टेयर क्षेत्र पर प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस ड्रोन के माध्यम से 15 मिनट में 10 लीटर पानी का छिड़काव एक हेक्टेयर के क्षेत्र पर किया जा सकता है। उन्होने कहा कि इसके माध्यम से कम समय में अधिक से अधिक क्षेत्र में पानी एवं उर्वरक का छिड़काव किया जा सकता है, साथ ही यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। जिलाधिकारी ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो भी कीटनाशक अपने खेतो में डालते है, उसको बहुत ही नियंत्रण एवं उचित मात्रा में इस ड्रोन के माध्यम से डाल सकते है। उन्होंने किसानों से इस तकनीक को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियो को इस तकनीकी के संबंध में जगह-जगह गोष्ठी कर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया, जिससे अधिक से अधिक संख्या में किसान लाभान्वित हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद में कृषि विभाग के समस्त योजनाओं का संचालन किया जा रहा है तथा खाद, बीज एवं अन्य कृषि सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जा रहा है तथा प्रत्येक किसान की समस्याओं की सुनवाई की जा रही है एवं उसका निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जो भी किसान इस योजना का लाभ लेंगे। सरकार द्वारा कृषि ड्रोन के प्रोत्साहन हेतु 50 प्रतिशत की सब्सिडी उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी अरविंद नाथ सिंह, एलडीएम मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार सहित किसान उपस्थित रहे।





## संक्षेप

### चोरी की 6 मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर गिरफ्तार



**मऊ।** पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाय जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्र के पर्यवेक्षण में थाना सरायलखंसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान बकवल मोड़ पर नाबालिग द्वारा चलाये जा रहे मोटरसाईकिल को चेक किया गया तथा वाहन संदिग्ध पाये जाने पर उससे गाड़ी के कागजात के सम्बन्ध मे पूछ-ताछ किया गया तो बताया कि यह गाड़ी चोरी की है जिसे मै थाना मरदह गाजीपुर क्षेत्र से चुराया था। मै इसे लेकर अपने पार्टनर सोनू कुमार पुत्र कल्पनाथ राम निवासी परदहां थाना कोतवाली नगर मऊ को देने जा रहा था जिसकी नरई बांध पर मो0सा0 सर्विसिंग की दुकान है जिसे मै गाड़ी चोरी कर दे देता हूं। जिस पर उक्त के साथ नरई बांध सोनू की दुकान पर पहुंचकर देखा गया तो वहां पर पांच अन्य मोटरसाइकिल खड़ी थी।

### जिला कृषि अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि, उद्यान, लघु सिंचाई, नलकूप, सहकारिता, दुग्ध विकास विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान उप निदेशक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लगभग 2 लाख 81 हजार से ज्यादा लोगों को धनराशि उनके खातों में प्रेषित की जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अवशेष किसानो का सत्यापन कर योजना का शत प्रतिशत किसानों को लाभ देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान कम दावे प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए,जिससे किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने कम दावे प्राप्त होने पर जिला कृषि अधिकारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, उप निदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी उमेश सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चैधरी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### खांसी-जुकाम में कारगर हैं आयुर्वेदिक दवाएंः कृष्ण मुरारी

**कंदवा।** आयुर्वेदिक दवाएं भी कारगर होती है। आयुर्वेद से कई एक रोगों का निदान उपचार संभव है। वर्तमान समय में जुकाम खांसी से पीड़ित मरीज ज्यादातर अस्पताल में आ रहे हैं। यह जानकारी देते हुए कर्मनाशा नदी के तट पर यूपी बिहार सीमा पर स्थित चिरईगांव आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर तैनात कृष्ण मुरारी उपाध्याय बताते हैं कि जुकाम खांसी के लिए चंदा मित्ररस, लौंगाधी वटी, सीता प्लाजो चूर्ण, पिपली आदि आयुर्वेदिक दवाएं मरीजों को दी जा रही हैं जिसका मरीजों को भरपूर लाभ भी मिलता है। बताया कि यहां करीब 65 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं लिकोरिया व अर्श रोग से पीड़ित मरीजों को अश्वघनी वटी, अर्शकूठारस, अभयारिष्ट आदि आयुर्वेदिक दवाएं दी जाती है। हालांकि आयुर्वेद में मसालेदार चीजों का परहेज करना होता है लेकिन अर्श के मरीजों के लिए सूरन की सब्जी काफी उपयोगी होती है। एलोपैथ से सटे आयुर्वेदिक अस्पताल होने के बावजूद मरीजों की संख्या एलोपैथ की अपेक्षा कभी भी आयुर्वेदिक अस्पताल में कम नहीं रहती है। बताते हैं कि शुरूआती दौर में ही यदि मरीज संकोच, झिझक छोड़कर अस्पताल पर यदि आ जाए तो आयुर्वेदिक दवाओं से उपचार निदान संभव है।

### सहकारी समिति पर बंटी यूरिया

**कंदवा।** क्षेत्र के बरहनी स्थित साधन सहकारी समिति पर बुधवार को एडीओ कोऑपरेटिव राजेश सिंह की देख रेख में 688 बोरी यूरिया का वितरण किया गया। यूरिया बंटने की सूचना मिलते ही सुबह से ही किसानों की भीड़ जुट गई थी। अनुकूल मौसम होने के कारण समिति से खाद बंटने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान समिति पर जुट गए। एडीओ कोआपरेटिव राजेश ठसिंह ने बताया कि किसानों में छह सौ अट्ठासी बोरी यूरिया का वितरण किया गया। इस दौरान समिति के सदस्य फतेह बहादुर, अरुण, राजेश, पिंकू आदि लोग उपस्थित रहे।

# ठंड से ठिठुरते लोगों ने अलाव के लिए पंचायत प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा



जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** बुधवार को हिकमा चट्टी पर अलाव जलाए जाने की मांग करते हुए नगर पंचायत प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पंचायत से अलाव जाने के लिए मांग की जाती है लेकिन अलाव नहीं जलाया जाता है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि भीषण ठंड पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव खोज रहे हैं लेकिन पंचायत प्रशासन अभी तक चट्टी पर अलाव नहीं जलाया। कहां कि चट्टी पर दिनभर सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन जान लेने पर आतुर ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए पंचायत प्रशासन अलाव जलाए जाने के नाम पर भेदभाव कर रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने ने ठंड से बचने के लिए पंचायत प्रशासन से तत्काल चट्टी पर अलाव जलाए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान लालू, समीम जितेंद्र ठाकुर, फागु चैहान, शिवकुमार, हरिनाथ, कन्हैया, मूलचंद, कामरेड जमील, संतोष मास्टर, इंदल, राजेश्वर, रामनरेश नंदलाल, हीरालाल आदि मौजूद थे।

### ठिठुरन भरी सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सजी गर्म कपड़ों की दुकानों



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** बीते कुछ दिनों से ठिठुरन भरी सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सर्दी का सितम लगातार जारी है। गलन व सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े खरीदने को मजबूर हो गए हैं। इससे गर्म कपड़ों का बाजार भी तेज हो गया है। इन दिनों दुकानों के साथ ही फुटपाथ पर सजे गर्म कपड़ों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। बाजार में ऊनी कपड़े, जैकेट, स्वेटर, दस्ताने, टोपी, मफलर, मौजे आदि की मांग बढ़ गई है, तो वही कंबल, शाल की भी बिक्री में इजाफा हुआ है। इससे दुकानदारों के चेहरे की रौनक लौट आई पहले गर्म कपड़ों का बाजार काफी ठंडा रहा। सर्दी कम होने के कारण लोगों का गर्म कपड़ों की खरीदारी पर कोई ध्यान नहीं था लेकिन इन दिनों बढ़ी ठंड ने गर्म कपड़े खरीदने पर सभी को मजबूर कर दिया है। लोग सर्दी से बचने के लिए जैकेट, स्वेटर, मफलर, टोपी, शॉल के साथ-साथ घर के लिए कंबल, रजाई की खरीदारी भी कर रहे हैं, जिससे गर्म कपड़ों के बाजार में अच्छा उछाल आया है।

## बार के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियो को बुधवार को खचाखच भरी बार की लाइब्रेरी हाल में बार के एल्डर कमेटी के चेयरमैंन दीना नाथ यादव ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि बार कौसिल के पूर्व चेयरमैन व वर्तमान सदस्य अरूण कुमार त्रिपाठी रहे व जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता व पूर्व एमएलसी दयाराम पाल की सह अध्यक्षता में शपथ दिलाई गई। समारोह में सभी निर्वाचित पदाधिकारियो को बार की गरिमा व बार हित मे बिना पक्षपात के कार्य करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वालो में अध्यक्ष पद पर शमसुल हसन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार अश्क व महामंत्री पद पर हरिद्वार राय, साधारण उपाध्यक्ष के दो पदों पर सुनित कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार गौतम कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशान्त कुमार त्रिपाठी व सयुंक्त मंत्री 3 पदों के लिए नीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार राय, लल्लन भारद्वाज, तथा कोषाध्यक्ष पद पर केदार नाथ गोंड़ तथा कार्यकारिणी के बरिष्ठ सदस्य पदो पर मनोज कुमार सिह, हरिश्चन्द्र चैहान, युसुफ खान, राजेन्द्र प्रसाद व तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर मनीष चन्द्र श्रीवास्तव, दिलीप कुमार पाण्डेय, राजेश चैधरी, उमेश कुमार सिंह, सर्वेश प्रजापति ने शपथ लिया। बार के निवर्तमान अध्यक्ष बिरेंद्र बहादुर पाल व मंत्री ऋषिकेश सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई व शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान प्रधान न्यायाधीश मुहम्मद रिजवानुल हक, एडीजे अशोक कुमार, राजबीर सिंह, दिनेश चैरसिया, अभिनय मिश्रा, मोटर दुर्घटना अधिकरण के न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ट, सीजेएम फरुख इनाम सिद्दीकी, जेएम अमित मणि त्रिपाठी तथा संतोष वर्मा, शैलेश सिंह, उत्कर्ष सिंह, अमित कुमार यादव तथा राजेन्द्र राय, गनी अहमद नोमानी, विजय बहादुर पाल, राम इकबाल सिंह, प्रह्लाद राम देवेंद्र सिंह, फतेह बहादुर सिंह, सतेंद्र राय आदि उपस्थित रहे।

# साइबर सेल द्वारा 101 गुमशुदा मोबाइल को फोन स्वामियों को सुपुर्द किया



**मऊ।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा गुमशुदा मोबाईल के संबन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु साइबर सेल को प्रार्थना पत्र के निस्तारण एवं गुमशुदा मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाईल फोन के संबन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं मोबाईल की बरामदगी हेतु नियमानुसार लगातार प्रयास किया जाता रहा, जिसके परिणाम स्वरूप 101 आवेदकगण के गुमशुदा 101 मोबाईल फोन जिनकी कीमत लगभग 16 लाख रुपए है, जिन्हे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बरामद किया गया। बरामदशुदा मोबाईलफोन को संबन्धित आवेदकगणों को उन्हें सुपुर्द किया गया। बरामद मोबईलफोन जिसमें रेडमी के 30, वीवो के 19, रियलमी के 16, ओप्पो के 14, सैमसंग के 10, इनफिनिक्स के 02, पोको के 03, टेक्नो के 01 तथा अन्य के 06 षामिल हैं। बरामद करने वाली टीम का विवरण में मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र कुमार कन्नौजिया साइबर सेल, आरक्षी अनूप यादव साइबर सेल, आरक्षी प्रभात कुशवाहा साइबर सेल तथा महिला आरक्षी वन्दना साइबर सेल रहे।

# शीतलहर से कांपे लोग, चौथे दिन भी धूप के दर्शन नहीं

**मौसम की मार**

### सूर्य देव नाराज, ठंड कर रही बेहाल

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शीतलहर के कारण मानो जिंदगी थम गई है। साल के पहले दिन रविवार से ही सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। सर्दी के दौरान खेलने से बड़े और बच्चे बचते नजर आए। ठंड इतनी बढ़ गई कि हाथ-पांव कमरों के भीतर भी सुन्न रहे।

बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री और अधिकतम 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम को सैर करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। पार्क एवं बगीचे इन दिनों सूने नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोगों को न दिन के समय और न ही रात के समय ठंड से निजात मिल रही है। हालांकि न्यूनतम तापमान में आई कमी से राते सर्द हो गई है। जिला में कई दिनों से गुम चल रहा मौसम लोगों की मुसीबतें बढ़ाते हुए नजर आ रहा है।



पीरनगर मार्ग पर ठंड में साल ओढ़ कर जाती महिलाएं।

### सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, सता रही गलन

**मुहम्मदाबाद।** क्षेत्र में कोहरा, सर्द हवा और गलन लोगों को जमकर सता रहे हैं। राहगीर अलाव के सहारे ठंड से राहत पाने की जुगत में पड़े रहे। कई स्थानों पर लोग स्वयं के खर्च से अलाव जलाकर राहत पाने के लिए जुटे रहे। गलन और सर्द हवा से ऊनी कपड़े भी राहत नहीं दिला पा रहे हैं। क्षेत्र के कस्बा व चट्टी चौराहों सहित ग्रामीण इलाकों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जा रहा है।

### अलाव बन रहा लोगों का सहारा

**कासिमाबाद।** विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में ठंड का प्रकोप जारी है। इससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंड से बचने के लिए लोग पूरे दिन अलाव तापते दिख रहे हैं। स्थानीय कस्बा सहित आसपास के बाजारों में जिला प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था न किए जाने से लोग निजी खर्च पर इसकी व्यवस्था करने को विवश हैं।

### कोहरा से तिलहनी व दलहनी फसलों को हो रहा नुकसान

जिले में कोहरे और शीतलहर के कारण दलहनी व फूलों वाली फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। अरहर, सरसों, मटर, सूरजमुखी सहित फूलों वाली फसलों की खेती की जाती है। कोहरे के कारण फसलों पर कुप्रभाव पड़ने के अंदेशा से किसान चिंतित है। किसान सतीश कुमार राय, रामअवध सिंह, विंध्याचल सिंह यादव, राजाराम यादव आदि का कहना है कि यदि समय रहते फूलों वाली फसलों की सिंचाई कर ली जाए तो कोहरे व पाला का प्रभाव कम हो जाता है लेकिन बिजली की अघोषित कटौती व नहरों में पानी न होने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।

### सर्दी से खांसी-जुकाम और बुखार के बढ़े मरीज

सर्दी के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। बड़ीबाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजीव कुमार राय ने बताया कि इस मौसम में छोटे बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। खासकर निमोनिया से बचाव के लिए शिशुओं को गर्म कपडे में ही रखें और ठंड से बचने का प्रयास करें। इसी तरह बुजुर्गों में ठंड का असर ज्यादा होता है। इस मौसम में बुजुर्गों को फेफडे की समस्या की संभावना बढ जाती है।

सर्दी से बचाव के लिए अलाव और हीटर ही सहारा बने हुए हैं।

हालांकि ठंड के कारण बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई। दुकानों पर लोग गर्म कपड़े खरीदने पहुंचे। जबकि अन्य दुकानों पर मंदी छाई रही। ग्राहक न होने के कारण दुकानदार निराश रहे।

**संक्षेप**

### नाली की नियमित सफाई नहीं,गांव में संक्रमण का खतरा



**बारा।** भदौरा ब्लाक के बारा गांव में नाली की नियमित सफाई नहीं होने और कुछ स्थानों पर नाली नहीं बनने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है, लेकिन अधिकारी व जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। बारा गांव के रहमतगंज में सड़क किनारे नाली नहीं है। इस कारण घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। कई बार आग्रह के बाद भी नाली का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है। गांव में नियमित सफाई भी नहीं हो रही है। जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है। कोई ध्यान देने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। भदौरा बीडीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मौके की जांच कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा।

### पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**भांवरकोल।** पशुपालन विभाग की ओर से ग्राम पंचायत मसोन स्थित पशुधन प्रसार केंद्र पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान आकाश कुमार राय एवं पशु चिकित्साधिकारी डा. सचिन कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप किया गया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मोहम्मदाबाद डॉक्टर आर के गौतम ने पशुपालकों के हित में शासन की की ओर से चलाई जा रही राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण योजना, राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना ,फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. गौतम ने कहा कि ठंड से बचाने के लिए पशुओं को ताजा पानी व चारा प्रचुर मात्रा में देते रहे चारे की कमी से भी ठंड लगने की आशंका बनी रहती है। सर्द हवाओं से अपने पशुओं को बचाएं संभव हो तो अलाव की व्यवस्था भी करें। इस अवसर पर डा. सचिन कुमार सिंह , कौशलेंद्र , ओम प्रकाश, मनोज कुमार राय, उपेंद्र शर्मा, मार्कंडेय भारती ,रविंद्र कुशवाहा, संजय पाल, विनोद राय,कतवारू राम, हीराराम ,मनोज राम एवं पप्पू आदि रहे।

### महासंघ का जिला अधिवेशन सफल बनाने का निर्णय



**गाजीपुर।** महासंघ के प्रांतीय नेतृत्व और प्रदेशाध्यक्ष रामलाल यादव के आहवान पर जिला इकाई का चुनाव और पुनर्गठन करने के लिए कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। बुधवार को विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कर 13 जनवरी को आयोजित अधिवेशन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। जिला संयोजक बालेन्द्र त्रिपाठी ने अधिक से अधिक संख्या में जिला पंचायत सभागार में पहुंचने की अपील की। श्री त्रिपाठी ने कहा कि अपनी जायज मांगों को सरकार से लेकर ही रहेंगे। चाहे उसके लिए कितना भी संघर्ष करना पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि पूरे प्रदेश में हमारे फेडरेशन की स्थिति काफी मजबूत है। सरकार अपनी हठ धर्मिता को छोड़ कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें। पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान भत्ते, पं. दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, वेतन विसंगतियों आदि के निस्तारण के लिए सीएम को ज्ञापन भेजा गया था। सरकार द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही न होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। बुधवार को आईटीआई, उद्यान, कृषि, पीडब्लूडी आदि कार्यालयों मे भ्रमण टीम में बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी, संजय यादव, अनिल त्रिपाठी, राम निवास, रमेश यादव, शाहनी, दीपक कुमार, कालिका यादव, रमाशंकर यादव, अरविन्द यादव, बृजेश राय, अंजय श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### नगर निकाय चुनाव में देरी दावेदारों की बढ़ा रही धड़कन

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव आरक्षण का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने से राजनीतिक दलों से टिकट चाहने वालों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। अटकलों का दौर भी जारी है। निकाय चुनाव के दावेदार चुनावों को लेकर चिंतित हैं। वे पार्टी नेताओं से पूछ रहे हैं कि चुनाव होंगे या टलेंगे। नेता भी फिलहाल साफ तौर पर कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। वे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं। वहीं कई नेता दबी जुबान में चुनाव टलने की संभावनाएं भी जता रहे हैं। इन सबके बावजूद भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, आप पार्टी कार्यालयों में तमाम नेता और नेत्रियां कुछ निकटस्थों के साथ अपनी पैरवी के लिए पहुंचे हुए हैं। सबसे ज्यादा मारा-मारी चेयरमैन पद को लेकर है। वही चुनाव को लेकर फैसला और टला तो फिर इसे लंबा टालना पड़ सकता है। मालूम हो कि कोर्ट में एक ही बार में कई याचिकाएं डाली गई हैं। कोर्ट ने नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर दायर याचिकाओं पर रोक का आदेश बढ़ाता जा रहा है। वैसे आयोग ने चुनाव की तैयारी कर रखी है। बताया जा रहा है कि कोर्ट से फैसला आने के एक, दो दिन बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।

### 21 को होगा लोक अदालत का आयोजन

**गाजीपुर।** विशेष लोक अदालत का 21 जनवरी को जनपदीय न्यायालय में आयोजन होगा। जिसमें वादों को निस्तारण कर लोगों को राहत की जायेगी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 21 जनवरी को अपराह्न दो बजे से आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय में किया जा रहा है।

### दो भैंस चोरी, एफआईआर दर्ज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नकटू महुआरी में पशु चोरों ने मुन्ना राजभर के घर के पीछे मड़ई से बंधी दो भैंस चोरी कर ली। इसके अलावा तोड़ार गांव के लालचंद प्रजापति की मडई में बंधी एक भैंस को चोरी कर ले गए । सुबह के समय लोगों ने जब सो कर उठा और देखा तो खूंटा से भैंस गायब मिली। दोनों पीड़ितो ने कासिमाबाद थाने में तीन भैंस चोरी के मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

# एचडीएफसी बैंक कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**दुखद**

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा

**सैदपुर।** रामपुर मांझा थानाक्षेत्र के देवकली के पास हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। जिसमें उसकी मौत ही गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस उसे लेकर सैदपुर सीएचसी आयी, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

देवकली के पास स्थित हाईवे पर एक शव पड़ा था। उसके सिर व पैर में गम्भीर चोटें थीं। सीएचसी में लाने के बाद उसकी शिनाख्त वाराणसी के बांसफाटक स्थित हौजकटोरा निवासी 24 वर्षीय गौरव तिवारी पुत्र प्रवेश तिवारी के रूप में हुई। लेकिन किसी का नम्बर न होने के चलते घटना के करीब 3 घण्टे बाद जाकर परिजनों को सूचना दी जा सकी। उसके पास मिला मोबाइल भी टूट गया था, वहीं उसका सिम निकालकर दूसरे मोबाइल में लगाने पर लॉक मिला। काफी देर बाद जब उसकी बड़ी बहन श्रेया सैदपुर सीएचसी पहुंची तो उसकी शिनाख्त करते हुए दहाड़े मारकर रोने लगी। उसने बताया मृतक वाराणसी के सिगरा स्थित एचडीएफसी बैंक में काम करता था। वो सुबह श्रेया से कहकर गया कि वो बैंक जा रहा है, लेकिन यहां किन हालात में आया, ये समझ से परे है। वहीं घटना का कारण माना जा रहा है कि उसने कान में ईयरफोन लगाया था और मफलर से सिर अच्छी तरह से बांधा था। इसके चलते सम्भवतः उसे सुनाई नहीं दिया होगा और दुर्घटना हो गई। लेकिन वो ऑफिस का बहाना करके गाजीपुर की तरफ क्यों जा रहा था, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। उसकी बड़ी बहन का रोरोकर बुरा हाल था। मृतक 3 बहनों का इकलौता भाई था। राखी की थाली सूनी हो जाने पर बहन श्रेया समेत स्नेहा व पूजा का रोरोकर बुरा हाल था। मां मंजू मौत के बाबत सुनते ही अचेत हो गयी। पिता प्रवेश भी वाराणसी में ही काम करते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक से गिरी महिला,मौत

**कठवामोड़।** स्थानीय थाना नोनहरा क्षेत्र बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के नगवा उर्फ नवापुरा गांव के सामने मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुट गई। मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सिलाईच गांव निवासी एक व्यक्ति दो महिलाओं को मोटरसाइकिल पर लेकर नोनहरा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव से वापस मुहम्मदाबाद जा रहा था कि नगवा उर्फ नवापुरा गांव के पास नागा बाबा मंदिर के सामने से गुजर रहा था। मु.बाद का तरफ से एक मोटरसाइकिल दूध का डब्बा लेकर जा रहा था कि मोटर साइकिल पर बैठी महिला इंद्रासी पत्नी हेमन्त बिंद (65) निवासी ग्राम सिलाईच के पैर में टक्कर लगने से सड़क पर गिर गई जिससे महिला की मौके पर मृत्यु हो गई तत्पश्चात मृतका का शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। मृतका के परिजनों से तहरीर प्राप्त कार्यवाही की जा रही है।

## आईजी से सम्मानित हुए खानपुर एसओ संजय मिश्रा

**गाजीपुर।** सैदपुर सर्किल का खानपुर थाना नवम्बर माह में उत्तर प्रदेश का सबसे उत्तम थाना घोषित किया गया। जिसमें आईआरजीएस शिकायत निस्तारण में खानपुर जिला पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। बुधवार को आईजी के सत्यनारायण ने खानपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नवम्बर महीने में खानपुर थाने पर ऑनलाइन कुल 75 शिकायतें आईं थी। जिन्हें थाने के पुलिसकर्मियों चरणबद्ध तरीके से निर्धारित समय के अंदर निस्तारित कर दिया। आईजी ने कहा कि पुलिसकर्मियों की कर्तव्य परायणता और सतत सेवा का संकल्प उन्हें औरों से बेहतर करने को प्रेरित करता है।

### आज सपा की मासिक बैठक

**मनिहारी।** समाजवादी पार्टी जखनिया विधानसभा की मासिक बैठक गुरूवार को नगर पंचायत सादात के रेलवे क्रॉसिंग के दक्षिणी फाटक के बगल में माली चौराहा पर की जाएगी। जिसमें जखनियां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, वर्तमान एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे।

## नहीं लगा पीपा पुल आवागमन में परेशानी



नाव से गंगा पार करते ग्रामीण।

**बारा।** गंगा नदी के बारा घाट पर तय समय के बाद भी पीपा पुल नहीं लग सका है। इससे सेवराई तहसील क्षेत्र के बारा, गहमर सहित कमसार-ओ-बार के गांवों में रहने वाली करीब तीन लाख आबादी को आवागमन में असुविधा हो रही है। जरूरत पड़ने पर लोग नाव से गंगा पार करके आवाजाही कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से पीपा का पुल लगवाने की मांग की है। गंगा नदी के दोनों तरफ एक सौ से अधिक ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें लाखों लोग निवास करते हैं। यहां रहने वाले लोगों की खेती और रिश्तेदारी दोनों है। इसलिए लोगों को नदी पार करके आवागमन करना पड़ता है। लोगों की समस्या को देखते हुए जनवरी वर्ष 2022 में पीपा पुल लगवाया गया था। पूर्व प्रधान बारा शकील खां, एजाज खां, शब्बू खां, ओमकार यादव, सुधीर सिंह गहमरी, सुनील सिंह, योगेंद्रनाथ राय, जयप्रकाश राय, शाहिद खां, रविंद्र श्रीवास्तव आदि लोगों ने जल्द से जल्द पीपा पुल लगवाने की मांग की है। इस संबंध में पीडब्लूयू के जेई अमित यादव ने बताया कि पहली बार प्रांतीयकरण में विलंब होता है। प्रक्रिया पूरी होते ही बारा गंगा घाट पर पीपा पुल लगाने का काम शुरू करा दिया जाएगा।

## साहित्य चेतना समाज ने दो वर्गों में करायी प्रतियोगिता

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी सुलेख व श्रुतलेख एवं अंग्रेजी सुलेख व श्रुतलेख प्रतियोगिता का परिणाम जारी हो गया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह एवं मध्यम वर्ग में कक्षा सात एवं आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में एम.जे. आर.पी.पब्लिक स्कूल के आयुष्मान शर्मा ने प्रथम,न्यू होराइजन एकेडमी की कु.यशी राय ने द्वितीय एवं सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल के नैनश्री पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मध्यम वर्ग में द प्रीसिडियम इण्टरनेशनल स्कूल के मन्नू पाल एवं अनुपम आनन्द ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में एस.एस.पब्लिक स्कूल बवाड़ा की कु.संस्कृति यादव एवं कु.सिम्मी यादव क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।मध्यम वर्ग में न्यू होराइजन एकेडमी की कु.आराध्या तिवारी,कु. सृष्टिराय एवं कु.आभा दूबे ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल की कु.अंशिका यादव ने प्रथम,न्यू होराइजन एकेडमी की कु.अदिति सिंह ने द्वितीय एवं एवं सेन्ट मेरीज कान्वेंट स्कूल की कु.राशि सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मध्यम वर्ग में सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल की कु.खुशी यादव ने प्रथम,सनबीम स्कूल महाराजगंज की कु.सनविका सिंह ने द्वितीय एवं एम.जे.आर.पी.पब्लिक स्कूल की कु.निधि कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।अंग्रेजी श्रुतलेख प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सेन्ट मेरीज कान्वेंट स्कूल की कु.राशि सिंह ने प्रथम,द प्रीसिडियम इण्टरनेशनल स्कूल की कु.श्रेया पाण्डेय ने द्वितीय एवं सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.योगिता राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मध्यम वर्ग में शाह फैज पब्लिक स्कूल के ईशल हसन ने प्रथम,न्यू होराइजन एके-डमी की कु.रिद्धिमा ने द्वितीय एवं चन्द्रावली शिक्षा निकेतन के त्रिपुरान्तक सतीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक-मण्डल में नागा बाबा इण्टर कॉलेज सीताबर्डी के पूर्व प्रधानाचार्य कामेश्वर द्विवेदी एवं महावीर इण्टर कॉलेज मलिकपुरा के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह थे। सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, लोगों को दिक्कत।

## न्यायालय परिसर में चला चेकिंग अभियान



दीवानी परिसर में पूछताछ करते एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी।

**गाजीपुर।** न्यायालय परिसर में बुधवार को एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों की जांच की।

वही न्यायालय परिसर में पुलिस के जवानों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों से जांच पड़ताल की गई। गोपीनाथ सोनी ने बताया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवानों की डयूटी जांच करने के साथ ही उनकों सुरक्षा संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही परिसर में आए व्यक्तियों से भी जांच पड़ताल भी की गई।

# रामपुर-माझां थाना में शामिल होने पर ग्रामीणों का आक्रोश

**नाराजगी**

### डीएम-एसपी से मिलकर नंदगंज थाना में रहने की लगाएंगे गुहार

जनसंदेश न्यूज



ब्रहम स्थल परिसर देवकली में बैठक करते ग्रामीण।

**देवकली।** रामपुर माझां थाना बन जाने बाद देवकली व मुस्लिमपुर गांव सभा को नंदगंज थाने से निकाल कर रामपुर माझां थाने में शामिल किये जाने के विरोध में ब्रहम स्थल परिसर देवकली में दोनों गांवो की संयुक्त बैठक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुस्लिमपुर के ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

वक्ताओं ने कहा रामपुर माझां थाने में शामिल दोनों गांवों के नागरिकों के लिए भौगोलिक, आर्थिक रुप से न तो सुविधाजनक है, न तो व्यवहारिक रुप से उचित कहा जा सकता है। देवकली व मुस्लिमपुर ग्राम पंचायत गाजीपुर वाराणसी मार्ग पर होने से यहां के नागरिक मार्ग पर चलने वाले किसी वाहन से आकस्मिक घटना घटित होने पर पांच मिनट मे नंदगंज थाने पर पहुंच जाते थे। नंदगंज थाने की दूरी देवकली से मात्र पांच किमी है।

वही रामपुर मांझा थाने की दूरी 10,12 किमी दूर है। सड्क खराब होने से साधन के अभाव में पीड़ित नागरिकों को पैदल जाने में घंटों समय लग सकता है।देवकली व मुस्लिमपुर गांव सभा को रामपुर माझां थाने से हटाकर पूर्ववत नंदगंज थाने में रखा जाय ताकि आम नागरिकों को आपातकालीन समय मे भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।रामपुर माझां थाने मे शामिल किये जाने से दोनो गांव के नागरिक मर्माहत है। शीघ्र इस संबध मे ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएगा। बैठक में प्रभुनाथ पाण्डेय, अरविन्दलाल श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुमार मौर्य, दयाराम गुप्ता, अर्जुन पाण्डेय, पवन वर्मा,गोपाल वर्मा, विशाल वर्मा,अवधेश मौर्य, अशोक कुशवाहा,प्रमोद मौर्य, रामकुवर शर्मा आदि रहें।

# शहीद निरंजन राजभर का मना 20वां शहादत दिवस

**शहादत दिवस पर नहीं पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी और कर्मचारी**

जनसंदेश न्यूज



बिरनो ब्लॉक परिसर में शहीद निरंजन राजभर के शहादत दिवस पर बोलते पूर्व मंत्री प्रभुनाथ चौहान।

**बिरनो।** शहीद निरंजन राजभर के 20वें शहादत दिवस पर ब्लाक परिसर में विशाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। दरअसल, जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले के धामकुंड श्रीनगर में तीन जनवरी 2004 को देश की रक्षा में शहीद हुए निरंजन राजभर को पुलिस मेडल से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था।

शहीद निरंजन राजभर की प्रतिवर्ष की भांति बुधवार को ब्लाक परिसर में शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कालीचरण राजभर ने कहा कि गाजीपुर बलिदानियों की धरती है। पूरे देश को यहां की मिट्टी पर गर्व है। किसी के शहादत के नाम पर कुछ मांगना उस शहीद का अपमान है। उन्होंने कहा कि हमारा उत्पीड़न और हमारे ऊपर अत्याचार न हो इसके लिए हमें किसी को मौका नहीं देना चाहिए। उन्होंने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। शहीद की पत्नी किस्मती देवी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वहीं आश्चर्य की बात है कि शहीद के शहादत दिवस पर ब्लाक मुख्यालय में खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय शामिल नहीं हुए।

इसके साथ ही ब्लाक के एक भी कर्मचारी नहीं दिखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री प्रभुनाथ चौहान, ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, रमाशंकर राजभर, अनिल राजभर, देवेंद्र प्रताप यादव, विनोद गुप्ता, विजय नारायण चौहान, बबलू प्रजापति, अजीत सिंह, मौजूद रहे। आयोजक कैलाश राजभर, रामकरन सिपाही ने सभी सम्मानितो का आभार प्रकट किया।

## सुहवल की टीम अगले चक्र में क्वालीफाई

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। मंगलवार की शाम खेले गये एकमात्र मुकाबलें में मेजबान सुहवल ने मेहमान ताजपुर को 3-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया ।मुकाबलें के शुरूआत से ही दोनों ही टीमों के मध्य काफी संघर्षपूर्ण व कलात्मक खेल देखने को मिला,होम ग्राउंड होने व आयोजक होने के चलते मेजबा?न टीम पर शुरू से ही इस खेल को लेकर दबाव था। मध्यान्तर से पहले मैंच से 25 वें मिनट में सुहवल के भुवर ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।



वहीं विपक्षी टीम मैच में वापसी के लिए खूब जोर लगाया मगर मध्यान्तर होने तक मेजबान टीम ने अपनी बढ़त को कायम रखा। इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में भी काफी काटें का मैच रहा,इसी दौरान मैच के 54 वें मिनट में ताजपुर के आकाश ने गोलकीपर पर चकमा देते हुए टीम की ओर से शानदार गोलकर स्कोर 1 - 1 कर दिया। इसके बाद बढत के लिए सुहवल के खिलाडियों ने पूरा जोर लगा दिया, इसी बीच मैंच के 61 वें मिनट में एकबार फिर सुहवल के ही भुवंर ने गपलकर टीम का स्कोर 2 - 1 कर दिया ।जबकि ताजपुर ने वापसी के खूब जोर लगाया मगर मेजबान के मजबूत डिफेन्डरो की बदौलत कामयाबी नहीं मिल सकी, इसी दौरान सुहवल के गोलू ने टीम की तरफ से शानदार गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। जो मैंच की समाप्ति तक बरकरार रखते हुए मेजबान सुहवल ने मुकाबला जीत लिया ।इस अवसर पर पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय,दिनेश यादव, प्रफुल्ल चंद्र राय,पिंटू,राजू राय,प्रिंस, गोरख,आशुतोष राय,नसीम आदि मौजूद रहे। निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

# 18 स्थानों पर संचालित रैन बसेरा:डीएम

**नेक काम**

### साढ़े बारह हजार कंबल वितरण का लक्ष्य

जनसंदेश न्यूज



लंका मैदान में असहाय को कंबल देती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** कड़ाके के ठण्ड को देखते हुए ज्वाइंट मेडिकल फोरम के तत्वाधान में बृहद कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन लंका मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गरीब, कमजोर, असहाय, रेक्साचालक, व्यक्तियों को कंबल वितरित किया।

जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद गाजीपुर में लगभग 12578 कम्बल शासन द्वारा प्राप्त हुए है जो वितरण किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि 18 स्थानो पर रैन बसेरा संचालित होने के साथ ठहराव की व्यवस्था की गयी। जनपद के नगर पालिका/नगर पंचायत एवं तहसील स्तर पर 252 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में संस्था के संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक डा. एके मिश्रा ने जिलाधिकारी का धन्यवाद करते हुए ज्वाइंट मेडिकल फोरम के विषय में विस्तार से बताया। फोरम के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक जेएस राय ने बताया कि हमारी संस्था अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए समाजिक सरोकार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है।

फोरम के सचिव डा. जेके यादव ने बताया कि इस संस्था में सभी विधा के डॉक्टर व दवा प्रतिनिधि है। सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

इस मौके पर डॉ शरद राय, राजेश सिंह, अविनाश सिन्हा, संजय राय, एके राय, राजेश राय, राजेश सिंह, डीपी सिंह, सुनील यादव, मृत्युंजय सिंह,उमेश कुशवाहा, बच्चन सिंह यादव, रजनीकांत वर्मा, विनोद सिंह, धनन्जय सिंह,पीयूष कांत सिंह, जितेंद्र कुमार, विनय यादव, मनीष पांडेय, रामकृत यादव,अवनीश सिंह,एसके यादव, आदिल सिद्दकी, दुर्गेश सिंह, आरएम राय,मयंक श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, आशीष राय, मोहम्मद अफजल, चंदन राय, एमपी राय, हरिशंकर, विकास, अमित, अनिल, बीके श्रीवास्तव, सुनील, रईस, आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएस राय ने तथा संचालन डॉ यूसी राय ने किया।

## जनसंपादकीय

# बीएचयू के क्रांतिकारी : हित नारायण सिंह

आरा (बिहार) के कुलहड़िया में वर्ष 1918 में पैदा हुए हित नारायण सिंह बीएचयू में अपने साथियों के बीच 'हित नारायण भाई' के नाम से प्रसिद्ध थे। बृज विलास वर्मा उनके पिता थे। 'गेहुँआ रँग, गोल चेहरा, इकहरा बदन, औसत कद, छोटी आँखें, हल्की मूँछें और पहनावे में कोट, शर्ट और ट्राउजर', सीआईडी की फाइल में हित नारायण सिंह के शारीरिक रूप-रँग के बारे में यही बातें दर्ज.हैं।

अपनी राजनीतिक सक्रियता की वजह से हित नारायण सिंह पहली बार पुलिस की निगाह में तब चढ़े, जब दिसम्बर 1938 में उन्होंने अनुशीलन समिति के प्रसिद्ध संगठनकर्ता केशव प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की एक शाखा के गठन का काम शुरू किया। तब वे बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में द्वितीय वर्ष के छात्र थे। उल्लेखनीय है कि केशव प्रसाद शर्मा अनुशीलन दल के क्रांतिकारी नेता जोगेश चंद्र चटर्जी के सहयोगी रहे थे और बाद में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ने पर आचार्य नरेंद्र देव के करीबी रहे। जोगेश चंद्र चटर्जी ने अपनी आत्मकथा 'इन सर्च ऑफ फ्रीडम' में केशव प्रसाद शर्मा का ज़िक्र प्रमुखता से किया है।

अगस्त 1939 में हित नारायण सिंह पुनः अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों की वजह से पुलिस की नजर में आए। उन्हें बीरेन्द्र नाथ भट्टाचार्य ने, जिन्हें युक्त प्रांत से निष्कासित कर दिया गया था, अपना विश्वासपात्र मानकर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में अनुशीलन समिति के संगठन का काम सौंपा था। हित नारायण सिंह ने अनुशीलन दल के लिए सक्रिय होकर काम किया और वे केशव प्रसाद शर्मा और बीरेन्द्र नाथ भट्टाचार्य दोनों के ही करीबी थे। यही नहीं उन्होंने दिसम्बर 1939 में बीरेन्द्र नाथ भट्टाचार्य को फरारी की दशा में आश्रय भी उपलब्ध कराया था।

मार्च 1940 में हित नारायण सिंह ने बंगाल के अनुशीलन दल के प्रमुख नेता प्रतुल गांगुली से मुलाकात की और उनसे मिलकर पार्टी की भावी गतिविधियों के बारे में चर्चा की और मार्गदर्शन भी लिया। छात्रों द्वारा की जाने वाली स्थानीय हड़तालों में भी उन्होंने प्रमुखता से भाग लिया।

सितम्बर 1940 में हित नारायण सिंह अनुशीलन समिति की बनारस इकाई के नेता बने। यही नहीं उनका पत्राचार अनुशीलन-बोल्शेविक पार्टी के फरार संगठनकर्ता सुशील भट्टाचार्य से भी होता था। इसी दौरान वे बनारस स्टूडेंट्स फेडरेशन की कार्यकारिणी के सदस्य भी बने। नवम्बर 1940 में जवाहरलाल नेहरू की गिरफ़्तारी के विरुद्ध बीएचयू में छात्रों की हड़ताल आयोजित करने में हित नारायण सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने बनारस छात्र संघ की कार्यकारिणी समिति की उस बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें बनारस के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में 16 नवम्बर 1940 को हड़ताल का निर्णय लिया गया। हड़ताल के दौरान हुई सभा और अन्य अवसरों पर भी उन्होंने छात्रों को सम्बोधित किया और अंग्रेजी राज की खुलकर आलोचना की। ठेठ बिहारी लहजे में हिंदुस्तानी में दिए जाने वाले अपने भाषणों के लिए हित नारायण सिंह छात्रों के बीच मशहूर थे। दिसम्बर 1940 में बनारस में आयोजित हुई स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रांतीय सम्मेलन के सफल आयोजन में भी हित नारायण सिंह ने योगदान दिया और उसकी कार्यवाहियों में सक्रिय भागीदारी की। उनकी राजनीतिक सक्रियता और क्रांतिकारी गतिविधियों का गहरा प्रभाव बनारस के छात्रों पर था। हित नारायण सिंह अनुशीलन दल द्वारा नियंत्रित समाजवादी छात्र गुट के नेता थे। दिसम्बर 1940 में ही उन्होंने गोपाल दास श्रीवास्तव के नेतृत्व वाले साम्यवादी छात्र गुट के साथ गठबंधन किया। साथ ही, उन्होंने नागपुर में हुए अखिल भारतीय छात्र सम्मेलन में हिस्सा लिया और यहीं वे रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के सदस्यों के सम्पर्क में भी आए। आगे चलकर छात्रों के बीच रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के विचारों के प्रचार-प्रसार में उनकी प्रमुख भूमिका रही। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति द्वारा नागपुर से जारी किए गए पर्चे की पाँच सौ से अधिक प्रतियों को क्रांतिकारी और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के प्रमुख नेता सुशील भट्टाचार्य को सौंपने और आगे चलकर उन पर्चों के वितरण में भी उनकी प्रमुख भूमिका रही।

जनवरी 1941 में हित नारायण सिंह युक्त प्रांतीय स्टूडेंट्स फेडरेशन के संयुक्त-सचिव चुने गए। नागपुर में साम्यवादी और समाजवादी छात्र गुटों के बीच हुए अलगाव के बाद हित नारायण सिंह ने बनारस के साम्यवादी छात्र गुट के साथ अपना सम्बन्ध तोड़ लिया। 'स्वाधीनता दिवस' (26 जनवरी) के अवसर पर उन्होंने बीएचयू में आयोजित कार्यक्रम में, जिसकी अध्यक्षता प्रो. कालेलकर कर रहे थे, अंग्रेजी राज के विरुद्ध उत्तेजक भाषण दिया। फरवरी 1941 में बनारस में हुई अखिल भारतीय स्टूडेंट्स फेडरेशन के सम्मेलन में भी उन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई। इस अवसर पर वे न केवल सम्मेलन में भाग ले रहे अनुशीलन दल के अन्य सक्रिय सदस्यों से मिले, बल्कि इन सदस्यों की एक गुप्त बैठक में भी मौजूद रहे।



उल्लेखनीय है कि हित नारायण सिंह की इन क्रांतिकारी गतिविधियों में उनकी पत्नी श्रीमती राधिका देवी भी शामिल थीं। क्रांतिकारी नेता सुशील भट्टाचार्य राधिका जी के माध्यम से ही हित नारायण सिंह तक संदेश भेजते थे और हित नारायण सिंह से सीधे पत्राचार करने की बजाय वे राधिका देवी को ही पत्र लिखा करते, जो उन पत्रों को हित नारायण सिंह तक पहुँचाती थीं। स्पष्ट है कि युक्त प्रांत में अनुशीलन दल की गतिविधियों के प्रसार और छात्रों के राजनीतिक संगठन में बीएचयू के छात्र हित नारायण सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

**शुभनीत कौशिक**

**(लेखक बलिया के सतीश चंद्र कॉलेज में इतिहास के शिक्षक हैं.)**

# पंजाब में जन्म ले रहा है नया किसान मोर्चा

पंजाब में शपथ ग्रहण करने से पहले और कुर्सी संभालने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान उन्होंने खुलेआम कहा कि उनका (यानी शासन का) हर पेन किसानों, बेरोजगारों तथा वंचित तबके के लिए चलेगा। तब समूचे पंजाब में जशन मनाए गए और किसान तथा नौजवान गांवों, कस्बों तथा शहरों में कहते पाए गए कि आम आदमी पार्टी की नहीं बल्कि हमारी अपनी सरकार बनी है! लेकिन नई सरकार वजूद में आने के चंद हफ्तों बाद ही आलम कुछ और हो गया। सरकार ने कुछ पहलकदमियां अवाम के हक में जरूर कीं। पर किसानों और बेरोजगार नौजवानों का मोहभंग अपनी इस सरकार से होने लगा। आठ महीनो के बाद ठीक पहले की तर्ज पर व्यापक किसान आंदोलन ने जन्म ले लिया। शुरूआत पांच महीने पहले हो चुकी थी और दिसंबर का दूसरा पखवाड़ आते-आते एकदम साफ हो गया कि जिस तरह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ किसान मोर्चा रफ्ता-रफ्ता लगा था, ठीक उसी मानिंद पंजाब की भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी के खिलाफ लग गया है। न्यूनतम से वह व्यापक हो रहा है। नरेंद्र मोदी और कैप्टन अमरिंदर सिंह ने चालाक कूटनीति से पहले के किसान आंदोलन को दबाना चाहता लेकिन नाकामयाब रहे थे। भगवंत मान की सरकार पुलिसिया हथकंडों से इसे कुचलना चाहती है। लेकिन फिलवक्त किसान सरकार पर हावी हैं। राज्य के जिला फिरोजपुर के कस्बे जीरा का गांव रटोल रोही किसान आंदोलन की जन्म स्थली बना है। दीप सिद्धू शराब के एक बहुत बड़े कारोबारी हैं। बड़े कांग्रेसियों तथा शिरोमणि अकाली दल सुप्रीमो तक से उनकी नजदीकियां जगजाहिर हैं। सुखबीर बादल ने उन्हें विधानसभा चुनाव की टिकट भी दी थी। सूत्र बताते हैं कि वह खुद अकाली बनकर चुनाव लड़े थे लेकिन (दो नंबर में नोटों की थैलियां चुनावी चंदे के तौर पर दूसरी पार्टियों को भी भेजी गईं थीं)। दीप सिद्धू चुनाव हार गए लेकिन लगभग हर बड़े कारोबारी की मानिंद उन्होंने सत्ता के गलियारों अपने संसाधनों के बूते अच्छी खासी पैठ जमा ली और सूबे की हर राजनीतिक पार्टी के आका तथा बड़े अधिकारियों घरों के दरवाजे उनके लिए हमेशा पहले जैसे ही खुले हैं। जीरा से सटे जिस रटोल रोही गांव में दीप सिद्धू की कई एकड़ में फैली शराब की फैक्ट्री बनी हुई है, उसका विरोध नींव रखने से ही स्थानीय लोग; विशेषकर किसान करने लगे थे। नियमानुसार शराब की फैक्ट्री लगाने के लिए आसपास के लोगों की स्वीकृति लेना अपरिहार्य है और किसानों का कहना है कि इस फैक्ट्री को बनाते समय ऐसा कुछ नहीं किया गया और ऐसी तथा इस जैसी अन्य जरूरी प्रक्रियाएं फिरोजपुर में कागजी खानापूर्ति में गुपचुप ढंग से कर दी गीयी। अब आम आदमी पार्टी की सरकार महज नाटकीय ढंग से इस पूरे मसले को बंद आंखों तथा पूरी तरह से बहरेपन के साथ देख रही है। नई सरकार बनने के सिर्फ पांच महीनों के बाद स्थानीय किसानों और लोगों ने विरोध में धरना लगाया क्योंकि शराब फैक्ट्री की वजह से लगातार दूषित हो रहे पानी से पहले पशु और फिर इंसान मरने लगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद सुपर वीवीआइपी हो गए। उड़नखटोले के जरिए ज्यादातर हवा में रहने लगे। राज्य की उन जमीनी सच्चाइयों से कटते चले गए, जो कभी उनकी चिंताओं में शुमार थीं। जीरा पट्टी में कैंसर जोर पकड़ता रहा और मुख्यमंत्री की दूरियां वहां के लोगों से बढ़ती गईं। किसान अढ़े रहे कि शराब की फैक्ट्री को सदा के लिए बंद किया जाए। आंदोलनकारी किसानों ने पक्का मोर्चा लगा लिया तो मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों के शिष्टमंडल को चंडीगढ़ बुलाया और लंबी बैठक करके समझाया कि बीच का रास्ता यथाशीघ्र निकाल लिया जाएगा। लेकिन किसान बीच का नहीं सीधा रास्ता चाहते थे। इसलिए अंततः वह बैठक बेनतीजा रही और इधर आंदोलनकारी किसानों का काफिला दिन-प्रतिदिन लंबा होने लगा। सूत्रों के मुताबिक स्थानीय पुलिस- प्रशासन को उच्चस्तरीय आदेश दिए गए कि 20 दिसंबर से पहले जैसे-जैसे किसानों को धरना स्थल से हटाया जाए। 20 दिसंबर को भारी नाकेबंदी के बावजूद पुलिस और किसानों में जबरदस्त झड़प हुई। किसानों को धरना प्रदर्शन से दूर रोकने के लिए बैरिकेट्स लगाए गए और फैक्टरी के दरवाजों के आगे सरकारी बसें खड़ी कर दी गईं। किसानों ने पुलिस के नाके तहस-नहस कर दिए तो पुलिस ने लाठियां चलानी शुरू कर दीं। 21 दिसंबर का सूरत-ए-हाल यह है कि तमाम किसान जत्थेबंदियां पुलिसिया विरोध के बावजूद वहां पहुंच रही हैं और पक्का मोर्चा लगा दिया गया है। पहली कतार में वही चेहरे बैठे हैं, जो राष्ट्रीय किसान आंदोलन के दौरान बैठे मिलते थे। लंगर का बंदोबस्त भी वैसे ही हो रहा है। किसानों को सियासी समर्थन भी खुलकर हासिल होने लगा है।



**अमरीक**

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# शिक्षा पर नजरिये में बदलाव जरूरी

**शिक्षा**



**जावेद अनीस**

अगस्त 2009 में भारत के संसद द्वारा निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर सहमति की मुहर लगायी गयी थी और 1 अप्रैल 2010 से यह कानून पूरे देश में लागू हुआ. इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों की कानूनी रूप से यह बाध्यता हो गयी कि वे 6 से 14 आयु समूह के भारत के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करायें. आरटीई का अस्तित्व में आना निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक कदम था. आजादी के 62 वर्षों बाद पहली बार एक ऐसा कानून बना था जिससे 6 से 14 साल के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार हासिल हो सका. निश्चित रूप से इस कानून की अपनी सीमायें रही हैं जैसे 6 वर्ष से कम और 14 वर्ष से अधिक आयु समूह के बच्चों को इस कानून के दायरे से बाहर रखना, शिक्षा की गुणवत्ता पर पर्याप्त जोर नहीं देना और 25 प्रतिशत आरक्षण के साथ प्राइवेट स्कूलों की तरफ भगदड़ में और तेजी लाना. इसी तरह से इस कानून की परिकल्पना और पिछले दस वर्षों के दौरान जिस तरह से इसे अमल में लाया गया है उसमें काफी फर्क है. आज दशक बीत जाने के बाद यह सही समय है जब शिक्षा अधिकार कानून के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाये जो महज आंकड़ों के मकड़जाल से आगे बढ़ते हुये शिक्षा अधिकार कानून के बुनियादी सिद्धांतों पर केन्द्रित हो.

आरटीई का सफर - उपलब्धि और चुनौतियां

आरटीई का सफर घुटनों पर चलने की तरह रहा है. एक दशक बाद शिक्षा अधिकार कानून की उपलब्धियां सीमित हैं, उलटे इससे सवाल ज्यादा खड़े हुये हैं. इस कानून को लागू करने के लिये जिम्मेदार केंद्र और राज्य सरकारें ही पिछले दस सालों के दौरान इससे अपना पीछा छुड़ाती हुयी ही दिखाई पड़ी हैं. चूंकि हमारे देश के राजनीति में शिक्षा कोई मुद्दा नहीं है इसलिये पिछले दस वर्षों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारें आरटीई को लागू करने में उदासीन रही हैं. दस साल इस बात के गवाह रहे हैं कि किस तरह से भारत के स्कूली शिक्षा का अधोसंरचना, पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये सरकारों की उपेक्षा से जूझता रहा है.

उपलब्धियों की बात करें तो शिक्षा अधिकार कानून का सफर ह्लसभी के लिये स्कूलों में नामांकन का अधिकारह्व साबित हुआ है. इस दौरान की सबसे बड़ी उपलब्धि शालाओं में 6 से 14 वर्ष के बच्चों का लगभग सौ फीसदी नामांकन हैं, हम प्राथमिक स्कूलों की संख्या बढ़ाने में भी कामयाब रहे हैं. आज लगभग हर बसाहट या उसके करीब एक प्राथमिक स्कूल उपलब्ध है. इसके अलावा शालाओं के अधोसंरचना में भी सुधार हुआ है, आज ज्यादातर स्कूलों में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय उपलब्ध है. हालांकि इनमें अभी भी पानी और साफ-सफाई की समस्या बनी हुयी है.

चुनौतियों की बात करें तो पिछले 12 वर्षों के दौरान आरटीई सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में विफल साबित हुयी है. प्राथमिक स्कूलों में नामांकन तो हो गये हैं लेकिन स्कूलों में बच्चों के टिके रहने की चुनौती अभी भी बरकरार है. इसी के साथ ही आज भी बड़े पैमाने पर सरकारी स्कूल बुनियादी ढांचागत सुविधाओं, जरूरी संसाधन, शिक्षा के लिये माहौल और शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं.

बड़े सवाल और चिंताएं

सार्वजनिक शिक्षा एक आधुनिक विचार है, जिसमें सभी बच्चों को, चाहे वे किसी भी लिंग, जाति, वर्ग, भाषा आदि के हों - शिक्षा उपलब्ध कराना शासन का कर्तव्य माना जाता है. गौरतलब है कि भारत एक ऐसा मुल्क है जहां सदियों तक शिक्षा पर कुछ खास समुदायों का एकाधिकार रहा है,यह सिलसिला औपनिवेशिक काल में टूटा, जब भारत में स्कूलों के माध्यम से सबके लिए शिक्षा का प्रबन्ध किया गया. अंग्रेजी हुकूमत द्वारा स्थापित स्कूल-कालेज सभी भारतीयों के लिए खुले थे. अंग्रेजों द्वारा स्पष्ट नीति अपनाई गई कि जाति और समुदाय के आधार पर किसी भी बच्चे को इन स्कूलों में प्रवेश से इंकार नहीं किया जाएगा. यह एक बड़ा बदलाव था जिसने सभी भारतीयों के लिए शिक्षा का दरवाजा खोल दिया. आजादी के बाद इस प्रक्रिया में और तेजी आई. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 में भारत के सभी नागरिकों को धर्म, मूलवंश, जाति या भाषा के किसी भेदभाव के बिना किसी भी शिक्षा संस्थान में भर्ती होने का अधिकार दिया गया है.

साल 2010 में शिक्षा अधिकार कानून के लागू होने के बाद पहली बार केंद्र और सरकारों की कानूनी जवाबदेही बनी कि वे 6 से 14 साल सभी बच्चों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करें. लेकिन इसी के साथ ही इस कानून की सबसे बड़ी सीमा यह रही है कि इसने सावर्जनिक और निजी स्कूलों के अन्तर्विरोध से कोई छेड़-छाड़ नहीं की.आरटीई ने ना केवल शिक्षा के दोहरी व्यवस्था को बनाये रखा है बल्कि इसे मजबूत बनाने में भी मददगार साबित हुयी है. इसने सरकारी स्कूलों को 'मजबूरी की शाला' में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ा है.जो लोग सक्षम है उनकी दौड़ पहले से ही प्राइवेट स्कूलों की तरफ है. अब निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटा लागू होने के बाद गरीब और वंचित समुदाय भी इस भगदड़ में शामिल हो गये हैं.

बहरहाल पिछले तीन दशकों के दौरान दुनिया बहुत तेजी से बदली भी है और इसी के साथ ही देश-दुनिया की शिक्षा प्रणाली बढ़ती जरूरतों और मांगों के अनुसार कई बदलावों से गुजरी है. दुर्भाग्य से भारत में एक बार फिर कुछ समुदाय और वर्ग ही इन बदलाओं का फायदा उठा पा रहे हैं, देश की एक बड़ी जनसंख्या जिसमें मुख्य रूप से गरीब, अल्पसंख्यक और परम्परागत रूप से हाशिये पर रखे गये समुदाय शामिल है, की यहां तक पहुंच नहीं हो सकती है. इस बदली हुई दुनिया में ज्ञान पर एकाधिकार की एक नयी व्यवस्था बनी है जिसमें पूँजी और बाजार की एक बड़ी भूमिका है. पिछले 12 वर्षों के दौरान शिक्षा का सार्वभौमिकरण तो हुआ है लेकिन इसका विभाजन भी बहुत गहरा हुआ है. इस नये विभाजन के दो छोर हैं जहां एक तरफ कुछ चुनिन्दा कुलीन और संभ्रांत प्राइवेट स्कूल, नवोदय/केन्द्रीय विद्यालय हैं तो दूसरी तरफ सरकारी और गली मुहल्लों में चलने वाले छोटे और मध्यमस्तर प्राइवेट स्कूल.

इलाज है इरादे की जरूरत है

इन तमाम चुनौतियों से उभरने के हमें दो स्तरों पर उपाय करने की जरूरी है, एक तो आरटीई के दायरे में रहते हुये जरूरी कदम तो उठाने ही होंगे साथ ही शिक्षा अधिकार कानूनों के सीमओं को तोड़कर भी आगे बढ़ना होगा. प्राथमिक शिक्षा में लगभग शत प्रतिशत नामांकन के करीब पहुँचने के बाद आरटीई को सभी बच्चों के लिये प्राथमिक शिक्षा के लिये अवसर का कानून की भूमिका से आगे बढ़ते हुये सभी बच्चों के के लिये गुणवत्ता पूर्ण और समान शिक्षा के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा. अब नामांकित बच्चों के नियमितीकरण और उन्हें अधिक समय तक स्कूल में रोके रखने के लिये तत्काल ठोस उपाय किये जाने की जरूरत है. इसका सीधा सम्बन्ध शिक्षा के गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है जिसके लिये बड़ी संख्या में खाली पड़े पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति के साथ एक बड़े नीतिगत फैसले और जरूरी बजट की जरूरत होगी. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करना और सावर्जनिक शिक्षा पर सरकारी खर्चे को जीडीपी के छह प्रतिशत तक खर्च करने की बात की गयी है लेकिन इस नीति में खुदखुद शिक्षा अधिकार कानून की ही चर्चा नहीं है . वैसी भी 1968 में जारी की गयी पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति और दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में भी सावर्जनिक शिक्षा में जीडीपी के छह प्रतिशत तक खर्च का सुझाव दिया जा चूका है अब एक बार फिर इसे दोहराया गया है. लेकिन अब समय इसे दोहराने का नहीं बल्कि फैसला लेने का है. शिक्षा में गवर्नेंस की मौजूदा प्रणाली पर भी पुनर्विचार करने की जरूरत है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के गठन की बात की गयी है लेकिन इससे शिक्षा प्रशासन के केन्द्रीकरण का खतरा बढ़ जाने की सम्भावना है.शिक्षा के प्रशासन को हमें इस प्रकार से विकेन्द्रित करने की जरूरत है जिसके केंद्र में शिक्षक,समुदाय और बच्चे हो सकें.

शिक्षा अधिकार कानून के क्रियान्वयन की निगरानी के लिये जिम्मेदार एजेंसी राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग की भूमिका और स्पष्ट व मजबूत बनाने की जरूरत है. प्रभावी निगरानी के लिये व्यावहारिक रूप से यह जरूरी है कि कम से कम हर जिले में आयोग का अपना ढांचा हो जो आरटीई के शिकायत निवरण ढ़ांचे की तरह काम करे. यह काम राज्य बाल आयोगों के माध्यम से भी किया जा सकता है. इसी प्रकार से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आता है जबकि शिक्षा का जिम्मा शिक्षा मंत्रालय के पास हैं यहां भी सामंजस्य बैठाने की जरूरत है.

स्कूलों की सामुदायिक निगरानी और सहयोग की तरफ ध्यान देने की जरूरत है, पिछले दस वर्षों के दौरान काफी स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों के गठन तो हो चुके हैं अब इनके सशक्तिकरण की जरूरत है. इसके लिये सिर्फ प्रशिक्षण ही काफी नहीं होगा बल्कि शाला प्रबंधन समितियों की भूमिका व जवाबदेहीता को और ठोस बनाने, इसके ढांचे के बारे में पुनर्विचार करने की भी जरूरत होगी.

लेकिन इन सबसे अधिक जरूरी स्कूली शिक्षा को लेकर नीति निमार्ताओं के नजरिये में बदलाव की है जो सबसे टेढ़ी खीर है. इसके लिए हमें कोठारी आयोग के शरण में जाना होगा.1964 में गठित कोठारी आयोग द्वारा समान स्कूल व्यवस्था की वकालत की गयी, आयोग का मानना था कि एक राष्ट्र के तौर पर हमें ऐसी राष्ट्रीय व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिसके बिनाह पर समाज सभी वर्ग और समुदायों के बच्चे एक साथ समान शिक्षा हासिल कर सकें. आयोग ने ये भी माना था कि समान स्कूल व्यवस्था के सहारे ही दोहरी शिक्षा व्यवस्था को खत्म किया जा सकता है. अगर हम समान स्कूल व्यवस्था को अपनी मंजिल मानने को तैयार हों तो शिक्षा अधिकार कानून इस दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**साल 2010 में शिक्षा अधिकार कानून के लागू होने के बाद पहली बार केंद्र और सरकारों की कानूनी जवाबदेही बनी कि वे 6 से 14 साल सभी बच्चों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करें. लेकिन इसी के साथ ही इस कानून की सबसे बड़ी सीमा यह रही है कि इसने सावर्जनिक और निजी स्कूलों के अन्तर्विरोध से कोई छेड़-छाड़ नहीं की.आरटीई ने ना केवल शिक्षा के दोहरी व्यवस्था को बनाये रखा है बल्कि इसे मजबूत बनाने में भी मददगार साबित हुयी है. इसने सरकारी स्कूलों को 'मजबूरी की शाला' में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ा है.जो लोग सक्षम है उनकी दौड़ पहले से ही प्राइवेट स्कूलों की तरफ है.**

# शब्द चित्रों का झरना है 'झरना'

**मूल्यांकन**



**भगवान स्वरूप कटियार**

वरिष्ठ उपन्यासकार , कथाकार एवं कवि रवीन्द्र वर्मा का नया कविता संग्रह परिकल्पना प्रकाशन लखनऊ से प्रकाशित होकर आया है । इस संग्रह की लगभग सभी कविताओं में रवीन्द्र वर्मा का उदार, विनम्र और विचार की उद्दात्तता एवं विराटता से भरा व्यक्तित्व परिलक्षित होता है। इस यांत्रिक दुनिया को इसकी अत्यंत जरूरत है। उनका लेखन विपुल है। उनके उपन्यासों, कहानी संग्रहों की एक लम्बी फेहरिस्त है। तीन कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं और चौथा प्रेस में है। इस उम्र में भी उनकी यह निरंतरता किसी के लिए भी खुशी भरी ईर्ष्या का विषय हो सकता है। 'झरना' शीर्षक से प्रकाशित संग्रह की शुरूआत ही रवीन्द्र जी देश की महान अदबी शख्सियत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की गीतांजलि की पंक्तियों से करते हैं ; 'जब जुबान से पुराने शब्द विलुप्त होने लगते हैं तब हृदय से नये शब्दों की मधुर ध्वनियाँ स्वतः ही प्रस्फुटित होने लगती हैं। जैसे पतझड़ के बाद नयीं कोपलें फूटती हैं। जब पुरानी राहें गुम होने लगती हैं तब अचरज से भरे एक अद्भुत नये संसार के दरवाजे और खिड़कियाँ खुलने लगती हैं।'

यह संग्रह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसकी भूमिका लखनऊ के वरिष्ठ जाने माने प्रतिष्ठित कवि नरेश सक्सेना ने लिखी है। नरेश जी लिखते हैं, 'रवीन्द्र जी की भाषा इधर लिखी जा रही कविताओं से बिलकुल इतर है और उनकी संवेदनाएं सहज और सच्ची हैं।'

रवीन्द्र जी अपनी स्त्री कविता में स्त्री को जिस मार्मिक तरह से व्याख्यायित करते हैं वह गौरतलब है; 'पृथ्वी की हर तलाश पर भेद सी फैली / स्त्री / पृथ्वी का हर भेद खोलती है।' इसमें खुद भेद भी पृथ्वी के रूप में है और फिर स्त्री के रूप में वह पृथ्वी रूपी स्त्री का भेद भी खोलती है। स्त्री की गरिमा और उसके संवेदनात्मक वैभव का रवीन्द्र जी के लिए बड़ा महत्व है। 'दिल की जुबान' कविता में वह जिस तरह व्याख्यायित करते हैं, वह काफी सचेत और सतर्क करने वाला है; 'यहाँ तक तो ठीक था / कैसे अपने धरती पर उसने अपनी जगह बनाई / और उनका जीवन नारीवाद का एक मिसाल बन गया / हर पति -पत्नी के सम्बन्ध में / उन्हें गुलामी की बू आती है / वे हृदय की भाषा भूलती लगती हैं / एक सिद्धांत के जोश में।' सिद्धांत तभी तक आदर्श लगते हैं जब तक वे सकारात्मक रहते हैं क्योंकि सिद्धांत मनुष्य के लिए हैं मनुष्य सिद्धांत के लिए नहीं है।नारीवाद का अतिवाद जब पति झपत्नी में बा जरिये सिद्धांत विद्वेष की बू महसूस करने लगते हैं तब नारीवाद का सिद्धांत अपना अर्थ खोने लगता है।

उनकी 'प्रकाश स्तम्भ' कविता में एक कवि की मार्मिक बिडम्बना का वह बड़ी दृढ़ता से व्याख्या करते हैं क्योंकि वह उन्हें और सबके लिए तकलीफदेह है, 'हमारे दो प्रकाश स्तम्भ हैं / एक की मूक चीख / हम उसकी कविता में सुनते हैं / जब वह अपने सृजन के विनाश की दुआ मांगता है / क्योंकि पैसे के भ्रष्ट रास्ते से दूर / वह अपनी बेटी की देख रेख नहीं कर पाता।' अच्छा लेखक और आदर्श मनुष्य दोनों का एक साथ होना बड़ा मुश्किल सा होता है, इसलिए अधिकांश रचनाकारों के दो चेहरे और दोहरा चरित्र दिखसयी पड़ता है। रवीन्द्र जी इसके सख्त खिलाफ हैं। किसी का इंसानियत से भरा होना काफी है वह भले बड़ा लेखक या रचनाकार हो या न हो क्योंकि दुनिया का समग्र लेखन या रचना कर्म का उद्देश्य ही बेहतर संसार रचना है। उनकी कविताओं में उनकी उम्र की ढलान की उदासी का यथार्थ भी दिखता है जो एक दुखद यथार्थ है। ऐसे खयाल हर किसी को जीवन के ऐसे मोड़ पर आते ही हैं जैसे वह एक जगह लिखते हैं, 'जैसे शाम घिर रही हो / मैंने पेड़ की पत्तियों का उदास / झरना देखा है / यह भी कुछ पक्षी / मरने कहीं और जाते हैं / उड़ते हुए।' उनका उड़ते हुए मरने के लिए जाना मरने के प्रति एक उद्दात्त भावना का द्योतक है। मृत्यु भी जीवन की तरह एक उत्सव है।

इसी तरह वह अपनी एक कविता में लिखते हैं, 'आखिर मेरा पेड़ पौधों की तरह सांस लेते हुए जीना काफी क्यों नहीं है ?' क्योकि मनुष्य सिर्फ सांस लेते हुए जीने भर के लिए पैदा नहीं हुआ है। एक बेहतर दुनिया रचने के साथ साथ एक बेहतर जीवन भी जीने का उसका मकसद होता है। वैसे मकसद तो पेड़ पौधों का भी होता है पूर्ण परमार्थ का। रवीन्द्र जी पहले कथाकार और उपन्यासकार है, कवि बाद में, इसलिए उनकी कविता भाषा की कसौटी है क्योंकि गद्य को कविता की कसौटी माना जाता है। एक कविता में लगभग रवीन्द्र जी अपनी उम्र की ढलान के भाव व्यक्त करते हुए लिखते हैं, 'पूरी छुट्टी पर जाने की तैयारी है / जिसे मैं जीवन भर घर घर कहता रहा / वह दर असल अतिथ घर था / और मैं इस धरती का अतिथि था।' दि ग्रेट शो मैन राजकपूर ने अपनी फिल्म मेरा नाम जोकर में जीवन और उसके जीने की शैली को बखूबी दिग्दर्शित किया है। सच में यह जीवन एक रैन बसेरा ही है, इसलिए जीवन को जी भर कर जी लेना ही इसकी सार्थकता है। लोगों से प्यार करो और खुद से भी। अपनी जायज ख्वाहिशों को कभी दमित मत करो। यह सब लिखते हुए इन पलों में मुझे अपने दोस्त डा. जी एस चौहान साहब की नसीहत अक्सर याद आती है जो मुझे प्रोफेसर कटियार कह कर बुलाते थे । रिटायरमेंट के बाद वे सारी ख्वाहिशें पूरी कर लो नौकरी करते नहीं कर पाए। खूब घूमो, फिरो, लोगों से मिलो और जिसको जो देना चाहो दिल खोल कर दो पर ध्यान रहे ख्वाहिशें जायज हों। उनकी नसीहत को मैं बखूबी जी रहा हूँ। साथी अनिल सिन्हा के साथ तो हमने हर हफ्ते किसी दोस्त के घर जाने का बकायदे टाइम टेबुल बनाया था। अनिल सिन्हा जी ने ही मुझे एक दिन रवीन्द्र जी के घर लेजाकर उनसे परिचय करवाया था जबकि रवीन्द्र जी मेरी बेटी प्रतिभा से बजरिये पत्रकार वह एक इंटरव्यू के सिलसिले में पहले मिल चुके थे।




कुछ कविताओं में रवीन्द्र जी का भोलापन बहुत मोहक लगता है। अपनी 'अतिथि सत्कार' कविता में वह लिखते हैं, 'मजे की बात है मेरे खाने का स्वाद बढ़ गया है / यों तो दाल रोटी खाकर ही इस उम्र तक पहुंचा हूँ / पर इधर कुछ रोटी सब्जी का स्वाद और जुड़ गया है / जैसे मेवे खा रहा हूँ।' रवीन्द्र जी का यह कविता संग्रह कई तरह के आकर्षणों और आग्रहों से भरा है इसलिए पाठक उसे पढने के लिए बाध्य होता है। उन्होंने अपने समय और जीवन यथार्थ जो बेलाग ढंग से उल्लिखित किया है। वहां भाषा की सादगी और भोलेपन की मिठास है। उनका अगला संग्रह भी शीघ्र आने वाला है। इस जीवट भरे बूढ़े नौजवान कवि को मेरा सादर सलाम, नमन।

**(लेखक कवि एवं चिंतक हैं)**

**किसी का इंसानियत से भरा होना काफी है वह भले बड़ा लेखक या रचनाकार हो या न हो क्योंकि दुनिया का समग्र लेखन या रचना कर्म का उद्देश्य ही बेहतर संसार रचना है। उनकी कविताओं में उनकी उम्र की ढलान की उदासी का यथार्थ भी दिखता है जो एक दुखद यथार्थ है। ऐसे खयाल हर किसी को जीवन के ऐसे मोड़ पर आते ही हैं जैसे वह एक जगह लिखते हैं, 'जैसे शाम घिर रही हो / मैंने पेड़ की पत्तियों का उदास / झरना देखा है / यह भी कुछ पक्षी / मरने कहीं और जाते हैं / उड़ते हुए।'**

**व्यंग्य**



## कवि भाई के नव वर्ष के संकल्प

**अशोक गौतम**

नए साल की आभासी शुभकामनाओं से मेरा मन भरा हो या न, पर मेल बॉक्स कमेटी वालों के डस्टबिन की तरह खचाखच भर गया है। शुभकामनाएं हैं कि मेल बॉक्स से बाहर निकल इधर उधर बिखर रही हैं मुहल्ले वालों के डस्टबिन में फेंके कचरे की तरह। ये आभासी शुभकामनाएं भी न! काश ! नए साल के इस अवसर पर कहीं से दो चार अपने आ जाते तो नया साल यादगार बन जाता।

इतनी शुभकामनाएं मिलने के बाद भी पता नहीं क्यों मन खाली खाली सा है। शुभकामनाओं से चौतरफा घिरे तब मैंने सोचा, क्यों न अपने पड़ोस के विस्थापित कवि को भी नए साल की शुभकामनाएं फेस टू फेस दे। आभासी में तो मैं आठ पहर चौबीस घंटे जीता ही रहता हूं। बेचारा नए साल के आरंभ में भी हा हू करने के बदले पता नहीं किस कविता से लड़. रहा होगा , भिड़ रहा होगा!

आमद आदमी और कवि में बस एक ही बेसिक फर्क होता है। आम आदमी रोटी से लड़ता भिड़ता है तो कवि कविता से। आम आदमी कपड़े से लड़ता भिड़ता है तो कवि कविता से। आम आदमी रोजगार से लड़ता भिड़ता है तो कवि कविता से। कवि के लिए रोटी कपड़ा मकान नहीं, कविता जरूरी होती है।

और मैं दबे पांव उसके कमरे में जा पहुंचा ताकि कविता से उसके लड़ने भिड़ने में खलल न पड़े। रोटी कपड़ा मकान से लड़ते भिड़ते आम आदमी तो बहुत देखा है, पर अब देख सकूं कि कविता से लड़ता भिड़ता हुआ कवि कैसा दिखता है?

कवि के कमरे में पहुंचा तो उस वक्त वह कविता से नहीं लड़ भिड़ रहा था। कविता उससे लड़ भिड़ रही थी। यह देख कर भी अच्छा लगा कि चलो , दोनों में से कोई खाली हाथ तो नहीं बैठा है।

वह मौन था। आंखें मूंदे।

नव वर्ष मंगल मय हो कवि! मैंने उसे नए साल की सच्ची की शुभकामनाएं देते कहा तो वह चौंका, कौन ? श्रोता? कवि ने मौन ही कहा तो मैंने कहा, नहीं! तुम्हारा पड़ोसी!

क्या मेरी कविता सुनने आए हो?

नहीं! तुम्हें नव वर्ष की शुभकनाएं देने आया हूं। भगवान करे तुम नव वर्ष में कविता नहाओ, कहानी फलो! कबीर से लेकर दिनकर तक सब पर मजे से हाथ साफ करो। कविता के नाम पर जितनी भी कर सको, उससे बीस कदम आगे की बकवास करो! कोई तुम्हारी काव्यात्मक चोरी अबके भी न पकड़ पाए। जिन जिन का तुम चोरी किया है, वे अबके भी मर जाएं पुलिस थाने में तुम्हारे अगेंस्ट एफआईआर लिखवाते लिखवाते, पर पुलिस वाले तुम्हारा बाल भी बांका न करें। तो नए साल में क्या रचनात्मक संकल्प लिए हैं तुमने?

पहले तुम अपने संकल्पों की बात करो, कवि ने मौन ही कहा तो मैंने सीना तान कर बोलना शुरू किया, नए साल में मैंने संकल्प लिया है कि इस साल मैं जिस जिससे उधार लूंगा, लाख मांगने के बाद भी नहीं लौटाऊंगा। वे चाहे कितना ही जोर लगाएं, मुझे कितना ही बेइज्जत करें। इस साल मैं बेइज्जती में इज्जत के साक्षात दर्शन करूंगा। इस साल मैंने संकल्प लिया है कि मैं इस साल सबसे मन में कटार छुपाए प्यार से पेश आऊंगा। हाथी दंतिया दोस्तों से अबके सावधान रहूंगा। तो अब तुम बताओ! नए साल में तुम्हारे क्या रचनात्मक संकल्प रहेंगे, मैंने पूछा तो कवि सगर्व बोला,ह्यअबके नए साल में मैं अपनी रचनाएं छपवाने को संपादकों के पीछे कतई नहीं दौड़ूंगा। केवल पुरस्कार के पीछे दौड़ूंगा। बहुत लिख लिया संपादकों के लिए। संपादकों को लिखने के चक्कर में पुरस्कार के लिए तो कभी लिख ही नहीं पाया। नए साल में मैंने संकल्प लिया है कि मैं भी मूर्धन्य रचनाकारों की तरह एक रचना दस दस जगह छपने भेजूंगा ताकि दो चार से तो पारिश्रमिक मिल गुजारा चल सके। नए साल में मैंने संकल्प लिया है कि इस साल में कविता से संबंध मधुर बनाने के बदले पुरस्कार देने वालों से संबंध मधुर करूंगा। अब मुझे पता चल गया है कि योग्यताओं के बूते नहीं, संबंधों के बूते यहां लंगड़े भी आसमान से चांद तोड़कर लाने की ताकत रखते हैं। इस साल मैंने संकल्प लिया है कि इस साल मैं किसी भी कवि पर हाथ साफ नहीं करूंगा। हर मनपसंद दिवंगत कवि को अपनी कोठरी से मुक्त कर दूंगा। इस साल मैंने संकल्प लिया है किइस साल मैं कविता के लिए नहीं केवल और केवल पुरस्कार के लिए ही जिऊंगा। पुरस्कार ही ओढ़ूंगा, पुरस्कार ही खाऊंगा, पुरस्कार ही पिऊंगा, कवि ने मुस्कुराते कहा और फिर सम्मानित होने के कार्यक्रम हेतु संभावित रिहर्सल करने में मग्न हो गया।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन

**यात्रा में शामिल**

### प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने किया यात्रा का स्वागत

जनसंदेश न्यूज



भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करते प्रवीण सिंह व अन्य।

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक जा रही भारत जोड़ो यात्रा का जनपद के कांग्रेसियों ने उत्तर प्रदेश में दाखिल होने पर जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत करते हुए यात्रा में जनपद कांग्रेस की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराया।

राहुल गांधी के नेतृत्व में चलते हुये जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह सहित जनपद के सारे कांग्रेसी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बन कर जोरदार नारों के साथ संविधान और लोकतंत्र बचाने और आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारा कायम करने की देश की जनता से अपील कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में धर्म जाति भाषा क्षेत्र की सारी दीवारें टूट गयी हैं। लोग प्रेम भाईचारे के साथ एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे है। भारत जोड़ो यात्रा में असली भारत की तस्वीर साक्षात दिखायी दे रही है।

उत्तर प्रदेश के जनमानस का भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है जो देश के भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है।

## आरबीट्रेशन वादों की विशेष अदालत 21 जनवरी को

**आजमगढ़।** जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव शुक्ला की अध्यक्षता में 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को आरबीट्रेशन वादों की विशेष अदालत एवं 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया जा रहा है, जिसमें वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के द्वारा कराया जायेगा।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौरभ सक्सेना ने बताया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में वादकारियों को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने के उद्देश्य से इन लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में वैवाहिक भरण पोषण लघु फौजदारी वाद, 138 निगेशियेबुल चक डिस्आनर संबधित मामले, बैकों के ऋण रिकवरी संबधित व टेलीफोन बिजली व मोटर दुर्घटना तथा फोरम व चकबंदी तथा राजस्व संबंधित वादों का सुलह समझौत से विभिन्न अदालतों द्वारा त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा अपने लम्बित मामले लगवाकर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## जनपद में धारा 144 लागू

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अनिल कुमार मिश्र ने बताया है कि जनपद में 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति एवं 26 जनवरी को गणत्रंत दिवस तथा बसन्त पंचमी एवं 5 फरवरी, को मो. हजरत अली का जन्म दिवस तथा सन्त रविदास जयन्ती एवं 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मानाया जाना है। इसके अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 5 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 अधिसूचना जारी किया गया है, जो 5 जनवरी से प्रभावी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन, आगमन के लिए भारत सरकार के कोविड़-19 के दिशा-निर्देश पुनरीक्षित दिशा-निर्देश का अनुपालन कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाईस्कूल, इण्टर की परीक्षा सम्भवतः फरवरी मे करायी जानी है।

इस सम्बंध में शासनादेश द्वारा धरना प्रदर्शनों, जुलूसों, आन्दोलनों, सार्वजनिक कार्यक्रमों आदि के सम्बन्ध में दिये गये महत्वपूर्ण दिशा निदेर्शों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह समाधान हो गया है कि कुछ असामाजिक, अवांछनीय, शरारती व अन्य विविध आयोजनों के समय असामाजिक एवं समाज विरोधी गतिविधियों द्वारा शांति भंग करने का प्रयास कर सकते हैं। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपरोक्त असामाजिक एवं शरारती तत्वों के विरूद्ध निवारक कार्यवाही की त्वरित आवश्यकता हो गयी है। इस हेतु अन्य उपचार सीधे उपलब्ध न होने की दशा में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत आदेश प्रसारित करने के पर्याप्त आधार हैं। उक्त के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), आजमगढ़ ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश पारित किया है। जो आज की तिथि से तात्कालिक प्रभाव से जनपद आजमगढ़ की सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत लागू होगा।

## ठंड से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

### पशुओं के चारे के लिए भी हो रही समस्या

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में कड़ाके की सर्द ने लोगों को घरों में ठिठुरने के लिए विवश कर दिया है। ठंड के चलते ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उनकी दिनचर्या प्रभावित हो गई है। सबसे बड़ी समस्या किसानों और पशुपालकों को है। किसान अपने खेतों की सिंचाई और खेतों की छुट्टा पशुओं से रखवाली नहीं कर पा रहा है।

ठंड से परेशानी के कारण किसान घरों में छुप कर बैठा हुआ है। वहीं पशुपालक अपने पशुओं के लिए चारे का प्रबंध नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्र के किसान देवानंद गिरी व पशुपालक अरविंद सिंह ने बताया कि भूसा समाप्त हो गया है गन्ने की छिलाई और घास की कटाई करके किसी तरह से पशुओं का पेट भरने का काम करते हैं। लेकिन एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड ने हमारी दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। हम पशुओं के लिए चारे का प्रबंध नहीं कर पा रहे हैं। किसान उजागिर वर्मा ने बताया कि 2 बीघे गेहूं की सिंचाई करना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन बिजली की उपलब्धता न होने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है। साथ ही कड़ाके की सर्दी के नाते रात में गेहूं की सिंचाई नहीं कर सकते। विवेक चंद्र वर्मा ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड ने खेती और पशुपालन करने वालों को परेशान करके रख दिया है।

### डीएम के निर्देश पर सात जनवरी तक विद्यालय बंद

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने वर्तमान में चल रही शीत लहर एवं ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए 5, 6 व 7 जनवरी, को जनपद के सीबीएससी, आईसीएससी, यूपी बोर्ड, बेसिक शिक्षा विभाग व कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के कक्षा एक से कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों व कालेजों में शैक्षणिक कार्य बन्द किये जाने के आदेश दिये हैं। तद्नुसार आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अरारा गांव निवासी सिंधु सिंह 30 वर्ष पत्नी सन्देश सिंह बुधवार की सुबह जहर का सेवन से मौत हो गई। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अरारा गांव निवासी सिंधु सिंह उम्र 30 वर्ष पत्नी संदेश सिंह ने बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, परिवार के लोग उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति संदेश सिंह के मुताबिक मृतका का 5 वर्षीय पुत्र अभिनंदन सिंह की मृत्यु अभी 31 दिसंबर 2022 को हुई थी तभी से सिंधु काफी परेशान थी। मृतका के पास एक पुत्री नंदनी 3 वर्ष है।

# अंतर्विभागीय समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा माह को बनाएं सफल: डीएम

जनसंदेश न्यूज



समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 5 जनवरी से 4 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि जिला विद्यालय निरीक्षक, एनसीसी एवं अन्य विभागों से अंतर्विभागीय समन्वय बनाकर सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए घने कोहरे को देखते हुए अभियान चलाकर सभी ट्रैक्टर, ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहनों की चेकिंग मानक अनुरूप करते हुए चालान किया जाए। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन निगम की बसों की चेकिंग विशेष अभियान चलाकर किया जाय।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट वाहन एवं सामान ढोने वाले वाहन किसी भी दशा में ओवरलोडिंग करके न चलने पाएं। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों का फिटनेस की जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय सीमा समाप्त होने पर वाहनों की फिटनेस पुनः सुनिश्चित कराई जाय। सभी स्कूली वाहनों की मैकेनिकली जाँच सुनिश्चित कराई जाए। बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूली वाहनों की जांच में किसी भी प्रकार की छूट न प्रदान की जाए। स्कूली वाहनों का रंग निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर बंद कर दिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद के जितने भी दुर्घटना सम्भावित ब्लैक स्पाट हैं, उनको चिन्हित करते हुए दुर्घटना रोकने के प्रभावी कार्यवाहियों पर बल दिया जाय एवं अवैध कट को बंद करायें। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निगम के सभी बसों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा चालकों परिचालकों एवं यात्रियों को ऑडियो वीडियो सामग्री के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 15 जनवरी को महिलाओं की दोपहिया जागरूकता रैली की तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अनिल कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा, पुलिस विभाग, सीएमओ, डीआईओएस, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभायेंगे जिम्मेदारी: अनिल

**बैठक**

### जिला संयोजक बनने पर अनिल निषाद का हुआ स्वागत



स्वागत समारोह में मंचासीन जिला संयोजक अनिल निषाद व अन्य।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे अनिल निषाद को निषाद पार्टी ने नई जिम्मेदारी देते हुए जिला संयोजक बनाया है। बुधवार को अतरौलिया स्थित निरीक्षण भवन में अनिल निषाद का कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

अपने स्वागत के दौरान अनिल निषाद ने कहा कि 2018 से 2022 तक जिलाध्यक्ष के रूप में पार्टी ने हमे जिम्मेदारी दी थी। पार्टी ने हमें जो भी जिम्मेदारियां दी है उसका पूरे निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही साथ पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामने निकाय चुनाव है जिसे लेकर पार्टी के कार्यकर्ता अभी से निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जायं। उत्तर प्रदेश में निषाद पार्टी जहां भी जितने की स्थिति में रहेगी वहां चुनाव लड़ेगी। बूढ़नपुर और अतरौलिया नगर पंचायत में निषाद पार्टी के प्रत्याशी द्वारा निकाय चुनाव लड़ा जाएगा और चुनाव भी जीतेंगे। साथ ही जनपद के 16 विधानसभाओं में निकाय चुनाव को लेकर पार्टी रणनीति तय करेगी। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गोरखपुर में निषाद पार्टी द्वारा एक बड़ा आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के कार्यकारिणी का चुनाव आठ को

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन माध्यमिक शिक्षेत्तर संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष इन्द्रशेन सिंह उत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़ागाँव निजामाबाद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर संगठन के समस्त कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु चुनाव आगामी 8 जनवरी को डीएवी इण्टर कॉलेज में होगा।

## पंचायत सहायकों को दी गयी जानकारी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक प्रांगण के क्षेत्र पंचायत सभागार में पंचायत सहायको की बैठक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की उपस्थिति में हुई। बैठक में मनरेगा व ग्राम पंचायत विकास योजना के सम्बंध में पंचायत सहायको को विस्तार से बताया गया। बैठक में पंचायत सहायकों को कार्यवाही बनाना व कार्ययोजना को ई ग्राम स्वराज साइड पर अपलोड करना आदि के बारे में बताया गया। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने बताया कि माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में बुधवार को अपने समस्त अभिलेखों विकास कार्य सहित प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी आदि का मस्टररोल निकाल कर मजदूरों का भुगतान उनके खातों में भेजना सुनिश्चित करें। कहीं किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल मुझे अवगत कराएं जिससे समस्या का निदान हो सके और गावो के विकास के साथ सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का संचालन सुचारु रूप से हो सके। इस अवसर पर सन्देश कुमार कम्प्यूटर आपरेटर अनूप मौर्य, ममता श्रीवास्तव, चेतना, सपना, करिश्मा, अंतिमा, रंजना, नीलांजली, सोनू, शनि, रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जनसंदेश न्यूज



लम्बी कूद में छलांग लगाता खिलाड़ी।

**आजमगढ़।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शाहपुर मौलानी ग्राउंड कंधरापुर बिलरियागंज में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रबंधक सदर नेशनल स्कूल अल्तमस एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बबलू राय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम श्री मुसाफिर यादव द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई।

मुख्य अतिथि ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता नेहरू युवा केंद्र द्वारा हर वर्ष कराया जाता है, शिक्षा दीक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी शरीर के लिए अति आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में 5 प्रकार की प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़ 100 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में जोलहापुर को प्रथम तथा अंजू एकेडमी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शाहपुर मौलानी प्रथम तथा कंधरापुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आयुष कुमार प्रथम, विषेक यादव द्वितीय, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दिलीप चौहान प्रथम, रामचरण द्वितीय और लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रदुम प्रथम, ऋतिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को टी शर्ट एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

## एमएलसी चुनाव के लिए सपा ने बनायी रणनीति

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक चुनाव की रणनीति तैयार करने को लेकर सदर विधानसभा की बैठक हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों को मजबूती से चुनाव में लग जाने का निर्देश दिया तथा चुनाव में हर संभव संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से मूलचन्द यादव, शिव मूरत यादव, अशोक यादव, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश राजभर, भागवत मौर्या, एजाज अहमद, आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते वक्ता।

# रामायण कान्क्लेव के लिए डीएवी का मैदान चिह्नित

**तैयारी**

### 18 व 19 जनवरी को होगा आयोजन

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग की बैठक

जनसंदेश न्यूज



अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 18 व 19 जनवरी को रामायण कान्क्लेव-2023 के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में रामायण कान्क्लेव के आयोजन के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं विभागों के अधिकारियों को सौंपे गये कार्यों, जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने बताया कि रामायण कान्क्लेव-2023 हेतु डीएवी कालेज आजमगढ़ के मैदान को चिन्हित किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त अवसर पर कलाकारों की प्रस्तुति हेतु कार्ययोजना तैयार करायें। साथ ही कक्षा 6 से 8 तक के स्कूली बच्चों द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली कार्यक्रम, क्विज आदि प्रतियोगिता आयोजित कराते हुए उनकी सूची तैयार कर कार्ययोजना बनाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि रामायण कान्क्लेव में सरकारी, गैर सरकारी स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार कर आयोजन समिति को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जाने वाले स्टाल, प्रदर्शनी की सूची तैयार करने हेतु जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्पॉन्सरशिप के माध्यम से व्यवस्था करायें। उन्होने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि खान-पान स्टाल लगाये जाने की सूची, विवरण उपलब्ध करायें। उन्होने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मुख्य मार्गों को गड्ढ़ामुक्त करायें। इसी प्रकार विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम अवधि में विद्युत बाधित न हो, उसकी समुचित व्यवस्था करायें एवं स्ट्रीट लाईट को ठीक कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यक्रम स्थल के आस-पास समुचित साफ-सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल ट्वायलेट एवं कार्यक्रम अवधि में चैराहों पर तिरंगे रंग के झालर, लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर महत्वपूर्ण जीवन रक्षक यंत्र एवं औषधि युक्त सचल एम्बूलेन्स की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, जिला अग्निशमन अधिकारी, कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्ययोजना व सौंपे गये दायित्वों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## संक्षेप

### समस्या समाधान के लिए सांसद प्रतिनिधि से मिले ऋत्विक



**आजमगढ़।** मातवरगंज मोहल्ला कोतवाली पश्चिमी गेट के समीप नाली का निर्माण कार्य अधूरा होने से नालियां जाम थी व पानी का बहाव बाधित था। समाजसेवी ऋत्विक जायसवाल ने जनसमस्या का मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। सदर सांसद के प्रतिनिधि से मिलकर समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया। समाजसेवी ऋत्विक जायसवाल ने बताया कि उक्त कालोनी में रहने वाले लोगों की नाली का निर्माण कार्य अधूरा होने की वजह से नाली पूरी तरह से जाम थी। पानी का बहाव बाधित था। मौके पर जाकर दुर्गा प्रसाद अस्थाना, नसीम अहमद, आकाश त्रिपाठी आदि से बातचीत की गयी। तत्पश्चात सदर सांसद दिनेश लाल यादव के प्रतिनिधि संतोष श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र दिया गया। इसे संज्ञान में लेते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करा दिया जायेगा।

### सेवानिवृत्त 6 फार्मासिस्टों को दी भावभीनी विदाई



**आजमगढ़।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मंडलीय चिकित्सालय के रैन बसेरा में बुधवार की दोपहर विदाई व फार्मासिस्ट मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें सेवानिवृत फार्मासिस्ट डीपीए अध्यक्ष सुबेदार यादव, प्रभारी फामेर्सी ब्रिज नंदन कुमार, मुसाफिर यादव, प्रवीन कुमार यादव, रामचंद्र सिंह, रामचंद्र यादव का माल्यार्पण कर उपहार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डा.इंद्र नारायन तिवारी ने कहा कि कर्मचारी के नियुक्ति के बाद ही सेवानिवृत्ति का दिन तय हो जाता है। सभी सेवानिवृत्त फार्मासिस्टों का कार्यकाल उत्तम रहा है। इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। अगर इनकी कोई समस्या रही है तो उसको तत्काल निस्तारित किया गया है। डीपीए अध्यक्ष सूबेदार यादव ने कहा कि संगठन का 1995 से अध्यक्ष रहा हूं इस दौरान कई विकट समस्याएं आई जिसमें संगठन मजबूती सें लड़ा। परिणाम स्वरूप समस्याओं का त्वरित निराकरण हुआ। इस अवसर पर डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.संजय गुप्ता, वीबी प्रसाद, डा.संतोष गुप्ता, डा.अभिषेक, डा.विनय यादव, डा.विमल रंजन, महेन्द्र यादव, दिनेश सिंह, अनिल राय, राम चन्द्र चैहान, ऋषिदेव मौर्या, रामानंद यादव, एके भारती आदि उपस्थित रहे।

### साथी संस्थान ने गरीबों को दी कम्बल की गर्मी



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** इस भीषण और कड़ाके की ठंड में जहां लोग अपने आप को गर्म करने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं वहीं गरीबों में कंबल वितरण कर लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य साथी संस्थान द्वारा किया जा रहा है। संस्थान के जान्हवी दत्त ने बताया कि साथी संस्थान अयोध्या द्वारा एक फैलोशिप लिया हूं उस फेलोशिप में संविधान के जो चार मूल्य है उसके आधार पर लोगों को संविधान के बारे में बताते हुए, संविधान के चार मूल्य के बारे में जानकारी दी जाती है जो कि न्याय, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को लेकर एक मुहिम चला रहा है। उसी के अंतर्गत बुधवार को इस कड़ाके की ठंड में बेसहारा गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया। बांस फोर समुदाय के लगभग 30 लोगों को कंबल का वितरण किया गया। आगे और भी गरीबों को कम से कम 100 लोगों को कम्बल वितरण करने का उद्देश्य है। इस मौके पर संस्था के लोग उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर के वांछित आरोपी गिरफ्तार



**मेहनगर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्रवाई करते हुए मेंहनगर पुलिस ने गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित चल रहे दो आरोपियों को स्थानीय कस्बे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।मेंहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी किशोर कुमार पुत्र परशुराम प्रसाद निवासी वेलहाडीह (लोहारपुर) थाना तरवा व .मनोज कुमार पुत्र हरिप्रसाद निवासी जमुखा थाना मेंहनाजपुर को सिंहपुर कस्बा से बुधवार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवारा जदीद चिकनहवां गांव में मंगलवार की रात महिला ने घर के अंदर फांसी लगा कर जान दे दी। घटना की सूचना दूरभाष से मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका संगीता के पति चन्द्रिका के अनुसार शाम को खाना बनाने को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ जिसको लेकर मृतका आक्रोषित हो गयी तथा कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब वह उसे देखने अंदर गया तो कमरे में संगीता साड़ी से लटकी मिली। आनन-फानन में परिवार वालों ने उसे उतार कर नजदीक के अस्पताल ले गये परन्तु उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिवार वालों ने घटना की जानकरी संगीता के मायके वालों को दिया। मायके वालों ने इसकी सूचना महराजगंज पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा व हल्का इंचार्ज अमरनाथ यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विधिक कार्यवाही कर शव को कब्जे लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति द्वारा दी गयी तहरीर पर कार्यवाही करते हुए महराजगंज पुलिस जाँच में जुट गयी।

### जल जीवन मिशन के लिए चयनित भूमि का करें सीमांकन

**मेहनगर (आजमगढ़)।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घरों में पानी पहुंचाने का जहां संकल्प है वहीं विकास खंड मेहनगर के ग्राम पंचायतों में आवंटित भूमि के 27 ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित भूमि में आपत्ति दर्ज कराई गई है, जिससे सम्बंधित विभाग कार्य कराने में असहाय महसूस कर रहा है। विभाग द्वारा एसडीएम मेहनगर को सूची देकर अवगत कराया। इसे गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को देर शाम एसडीएम संत रंजन, डीसी (जलजीवन) जीत लाल सैनी संग राजस्व निरीक्षक व संबंधित लेखपाल के अलावा जल निगम कर्मचारियों के साथ बैठक किया। एसडीएम ने लेखपालों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो के साथ किसी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नही किया जाएगा। जल जीवन मिशन विभाग द्वारा प्राप्त सूची में प्रस्तावित ग्राम पंचायतों में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौके पर जाकर भूमि को चिंहित कर निशानदेही कराएं, यदि किसी प्रकार की दिक्कत हो तो हमे अविलम्ब बतायें। प्रस्तावित भूमि यथा शीघ्र निशान देही कराकर विभाग को सौंपते हुए मुझे अवगत कराएं। शासन के प्राथमिकता वाले कार्यो में लापरवाही पर सम्बंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### छुट्टा पशुओं से किसान परेशान

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार एवं आसपास के गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक व्याप्त है। सड़क पर झुंड में खड़े मवेशी एक तरफ जहां आवागमन करने वालों को परेशान कर रहे हैं, वहीं खेतों में धमा-चैकड़ी मचाते हुए फसलों को चरने के साथ ही नुकसान कर रहे हैं। इससे किसान परेशान हैं। आजमगढ़ से फैजाबाद मार्ग पर स्थित स्थानीय बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक छुट्टा पशु घूम रहे हैं। इससे आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पशुओं के इधर-उधर दौड़ने की वजह से खासकर बाइक सवार बचने के चक्कर में या तो अनियंत्रित होकर गिर जा रहे हैं, या फिर गिरते-गिरते बच रहे हैं। पशुओं के घूमने से पैदल आवागमन करने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों में भय बना हुआ है कि कहीं मवेशी उन्हें घायल न कर दें। कोयलसा, बूढ़नपुर, रानीपुर, भरौली, बांसगांव, देऊरपुर, कौड़िया पासीपुर, अतरौलिया, कप्तानगंज, गोपालगंज, अहरौला सहित दर्जनों गांव में छुट्टा पशुओं का आतंक बना हुआ है। वह फसल को चरने के साथ ही धमाचैकड़ी कर फसल बर्बाद कर रहे हैं। पशुपालक उन्हें भगा रहे हैं तो वह उन्हें दौड़ ले रहे हैं। परेशान किसानों ने कहा कि तहसील प्रशासन से फसलों को बचाने की कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन प्रशासन की तरफ से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने उपजिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है।

# खुले आसमान के नीचे बेसहारा गोवंशों ने बनाया अपना ठिकाना

## किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं आवारा मवेशी


खुले आसमान के नीचे मवेशी

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** विकास खंड के महोगढ़ी गांव स्थित गौ आश्रय स्थल से चंद कदम की दूरी पर स्थित दर्जनों बेसहारा गोवंश खुले आसमान के नीचे कड़ाके की ठंड में हफ्तों से अपना ठिकाना बनाकर रह रहे हैं। शासन के निर्देश के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते बेसहारा गोवंश ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं जबकि जिस स्थान पर गोवंशों ने अपना ठिकाना बनाया है वहां से महोगढ़ी गौशाला चंद कदम की दूरी पर स्थित है जहां इन गोवंशो को गौशाला में रखकर ठंड से इनका बचाव व समुचित देखभाल की जा सकती है। लेकिन क्षेत्र के हर गांवों में सैकड़ों की संख्या में बेसहारा पशु घूमते हुए देखे जा सकते हैं जो किसानों की बोई गई फसलों को चरकर नष्ट कर रहे हैं।

यदि इन गोवंशो को पशु आश्रय स्थल में भिजवाकर इनकी कारगर व्यवस्था कर दी जाए तो किसानों की फसलों की सुरक्षा एवं गोवंशो की भी देखभाल हो सकती है।

लेकिन इसी तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज बाजार में दिन ढलते ही सैकड़ों गोवंशों का जमावड़ा लग जाता है घूम रहे बेसहारा गोवंश आए दिन वाहनों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल होकर मौत के मुंह में समा जाते हैं। क्षेत्र के जय कृष्ण सिंह, महेंद्र दुबे, गुलाब मिश्र, अमित सिंह आदि किसानों ने बताया कि केसीसी कार्ड के द्वारा बैंकों से ऋण लिया गया है और पशुओं द्वारा नष्ट कर दिया जा रहा है कैसे इनकी भरपाई किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र के पशुपालकों द्वारा ही इन गोवंशो को छोड़ दिया गया है फिलहाल अभी इनके इंतजाम के लिए कोई ठोस इंतजाम नही है। क्षेत्र के नैड़ी कठारी में बनाए जा रहे अस्थायी पशु आश्रय स्थल पर बेसहारा पशुओं को रखा जाएगा।

### कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त

**खोजे नहीं मिल रहा है अलाव, परेशान है राहगीर**

**हलिया।** क्षेत्र में नव वर्ष के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बेजुबान जंगली जानवरों मवेशियों को ठंड का असर सता रहा है इसके लिये सरकारी महकमा अभी तक चट्टी चौराहे पर अलाव नहीं जलवा पाया है। कोहरे व ठंड से लोगों की परेशानी बढ़ गई। फूल की फसल सरसों चना की फसल को भी भारी छति होने का किसानों को अंदेशा सता रहा है। ठंड से बचाव के लिए अब तक प्रशासनिक व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। अभी तक क्षेत्र में कहीं भी सरकारी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई। कोहरे के साथ ठंड हवा चलने से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से कड़ाके की शीतलहर को देखते हुए क्षेत्र के चट्टी चौराहे पर अलाव जलाने की मांग किया है। मांग करने वालो में आजाद, लल्लन ओझा, राम जी, पंकज मोदनवाल, इंदल मौर्य, लालजी मौर्य, श्याम नारायण मौर्य, अनुज सिंह, सत्यनारायण तिवारी, श्याम नारायण तिवारी आदि लोगों ने वाहन स्टैंड सहित चट्टी चौराहों पर अलाव जलवाने की अपील किया है।

## चोरी की बाइक के साथ अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा पर 02 जनवरी को वादी महेश कुमार सिंह पुत्र स्व0प्रेम बहादुर सिंह निवासी गंगा दर्शन कॉलोनी थाना को0कटरा मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत घर के बाहर खड़ी अपाचे मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना को0कटरा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जहां एसपी के निर्देश क्रम में बुधवार को उ0नि0 अखिलेश कुमार मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर वाहन चेकिंग के दौरान अपाचे मोटरसाइकिल आरोपी हर्ष मिश्रा पुत्र विरेन्द मिश्रा निवासी जगरनाथपुर थाना गोपीगंज भदोही को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से चोरी की एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपी हर्ष मिश्रा द्वारा बताया गया कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त वाहन को चोरी किया था और वाहन का नम्बर प्लेट निकाल कर चला रहे थे। कार्रवाई रते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।

# यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की लगी कतारें

**इंतजार**

### नैनो यूरिया न लेने को किसानों ने ली इष्टमित्रों की सहायता

**कछवां।** क्षेत्र में स्थित सरकारी खाद डीपो के नाम से एक डाई और यूरिया खाद की दुकान है। जहां बुधवार को दुकान के अधिकृत खाद विक्रेता रामकुमार मौर्या द्वारा यूरिया खाद किसानों को बेचा जा रहा था।

खाद की किल्लत से परेशान किसान खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े रहे। सभी को खाद मिले इसके लिए दुकानदार के कहने पर किसान खुद कतार बद्ध होकर लाईन में खड़े तो हुए लेकिन जब उन्हे पता चला कि तीन बोरी यूरिया खाद लेने पर उसके साथ एक बोरी नैनो युरिया भी लेना पड़ेगा। तो किसानों ने भी तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की कहानी अपनाया जिसे तीन बोरी अधिक यूरिया की जरूरत थी किसानों ने उतने परिवार के सदस्य या इष्ट मित्रों को बुलाकर लाईन में खड़ा कर दिया। यहां तक की महिलाओं को भी कतार में लगवा कर एक एक बोरी युरिया लेना शुरू किया गया। जिससे भीड़ अत्यधिक बढ़ गई कि नियंत्रण से बाहर हो गयी। वहीं विक्रेता को खाद बांटना बंद करना पड़ा। इधर किसानों का कहना था कि किसी तरह से खाद मिल जाय नहीं तो फिर कब मिलेगा पता नहीं।


खाद के लिए कतार में लगे किसान

## छात्रा के अपहरण की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**लालगंज।** लालगंज दीपनगर मार्ग खजुरी गांव के सामने स्थित एक कालेज की छात्रा के अपहरण की सूचना मिलने के बाद प्रशासन पुलिस हड़कंप मच गया लेकिन जांच के बाद पाया गया कि मोबाइल छिनैती बदमाशों ने बाइक से की है। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। बताया गया कि हलिया निवासिनी युवती एमए की छात्रा लालगंज किसी कॉलेज से अपने घर काम से वापस लौटते समय वाहन की प्रतीक्षा में खड़ी थी। उसी समय अज्ञात ने बाइक से मोबाइल की छिनैती कर लिया। जिसके बाद हल्ला मचा की युवती का अपहरण कर लिया गया है। इस बात की सूचना परिजनों ने पुलिस और प्रशासन को दे दिया। पुलिस सजगता करते हुए मौके पर पहुंचकर सत्यापन और धरपकड़ के लिए प्रत्येक रोड की छानबीन की तो पाया कि मोबाइल की छिनैती की गई है और युवती मौके पर मौजूद है। थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया छात्रा से बात करने के बाद उसे परिजन अपने साथ ले गए।

## 34 आवेदन पत्रों को प्रदान की गयी स्वीकृति


समीक्षा करतीं डीएम

**बैठक**

### डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में परीक्षणोपरान्त दी गयी स्वीकृति

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला पंचायत में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के 33 व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के 01 आवेदन पत्र स्वीकृत प्रदान की गयी तथा 05 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के आवेदन पत्रों को जिलाधिकारी द्वारा पुनः सत्यापन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान माता पिता को खो देने वाले बच्चों के लिये प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना लागू की गयी। उन्होने कहा कि शासनादेश में उल्लिखित नियमों के तहत बाल सेवा योजना के तहत पूरी प्रक्रिया करते हुये प्राप्त आवेदन पत्रों का विधिवत सत्यापन कराने के उपरान्त ही समिति के समक्ष पत्रावली रखी जाय ताकि पात्र लोगो को योजना का लाभ पहुॅचाया जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला कार्यक्रम अधिकारी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राशन की दुकान पर बनेगा आय, जाति व निवास प्रमाणपत्र

**जनसंदेश न्यूज**

**सुविधा**

### सीएससी के साथ जुड़ेगी राशन की दुकान : एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** जिले में सरकारी राशन की दुकान पर जन सुविधा केंद्र की सारी सुविधाएं मिलेगी, जहां पर अब ग्रामीणों को खतौनी, आय, जाति निवास प्रमाण पत्र भी बनवा सकेंगे। शासन के द्वारा ग्रामीणों को सहूलियत देने के लिए लगातार कवायद किया जा रहा है। शासन के द्वारा अब सरकारी राशन की दुकानों को हाईटेक किया जा रहा है जहां पर अब सरकारी राशन की दुकानों को कॉमन सर्विस सेंटर के साथ जोड़ा जा रहा है।

जिले में 1033 सरकारी राशन की दुकान है। जहां पर अभी तक महिला 540 राशन की दुकान के द्वारा सीएसपी के लिए आवेदन किया गया है जहां पर 75 लोगों का सीएचसी का आवेदन स्वीकार कर लिया गया है।

सीएचसी खोलने के लिए कोटेदारों को बाकायदा प्रशिक्षित दिया जाएगा, जिसके बाद कोटेदार सीएससी संचालन का कार्य शुरू कर सकेंगे। इसके साथ ही कोटेदारों के आय में भी काफी इजाफा होगा। जिले में 4 लाख 54 हजार 321 कार्ड धारक है, जहां पर वो सीधे इस योजना से लाभान्वित होंगे।

जिले में शहरी क्षेत्र में 115 व ग्रामीण क्षेत्र में 918 राशन की दुकान है। एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि सरकारी राशन की दुकान को सीएससी के साथ जोड़ा जा रहा है, जिसके बाद सभी को अब उन सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा जिसके लिए उन्हें सहज जन सेवा केंद्र पर जाना पड़ता था। कोटेदार लगातार आवेदन कर रहे हैं, जहां प्रशिक्षण के बाद सभी अपना काम शुरू कर सकेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में मंडलायुक्त ने की समीक्षा

**बैठक**

### दुघर्टनाओं में कमी लाना सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य : मण्डलायुक्त


बैठक में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते आयुक्त

**मीरजापुर।** आगामी 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक शासन के निर्देश के क्रम में मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के दृष्टिगत विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे तैयारियों के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होने कहा कि जनपद में सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाये जाने हेतु परिवहन विभाग को शासन द्वारा नोडल अधिकारी बनाया गया है, वे पुलिस विभाग, यातायात विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण एवं सड़क निर्माण एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाये जाने हेतु आपस में समन्वय स्थापित करते हुये संयुक्त रूप से कार्य करें। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जन जागरूकता कार्यक्रम वृहद स्तर पर कराया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि पूर्व में चयनित ब्लैक स्पाट के अलावा सर्वाधिक दुघर्टनाओं वाले राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग सहित अन्य मार्गो पर पुनः सर्वे कर ब्लैक स्पाट का चिन्हाकन करते हुये सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि प्रमुख मार्गो पर अन्धा मोड़, बाजार, स्कूल, अस्पताल आदि स्थलों के कुछ दूर पहले संकेतक बोर्ड, टेबल टाप स्पीड ब्रेकर, रिफलेक्टिव टेप आदि लगाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुघर्टनाओं में घायलों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी एम्बुलेंस को सक्रिय व क्रियाशील किया जाय तथा एम्बुलेंस में रहने वाले कार्मिको को प्रशिक्षण दिया जाय ताकि वे घायलों को सुविधा पूर्वक अस्पताल पहुॅचा सकें। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के तहत सम्बन्धित शामिल विभाग के द्वारा प्रत्येक दिन का कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर विभिन्न कार्यक्रम कराये जाय तथा उसका वृहद प्रचार प्रसार कराया जाय। बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम पर सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा विशेष ध्यान दिया जाय तथा ओवर स्पीड को रोकने के लिये फोर लेन पर हाई फ्रीक्वेंसी कैमरा का उपयोग किया जाय। बैठक में अपर आयुक्त रमेश चन्द्र, संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्र, के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पहलवानों का हाथ मिलाकर शुरू कराई कुश्ती


अखाड़े में करतब दिखाते पहलवान

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

### वैशाली ने हरियाणा की सपना मिश्रा को किया पराजित

**लालगंज।** स्वर्गीय हफीज उर्फ मक्कड़ पहलवान की स्मृति में बिराट कुश्ती दंगल का बसही कला में बुधवार को आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आए पहलवानों ने अपने दांवपेच को दिखाते हुए हार जीत का आनंद लिया।

वही विराट कुश्ती दंगल में 11 सौ रुपए से लेकर 51000 तक की कुस्ती कराया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस/उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा फीता काटकर पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया। कुश्ती में वैशाली दिल्ली की सपना मिश्रा हरियाणा के मध्य हुई। जिसमें वैशाली ने हरियाणा की सपना मिश्रा को पराजित की।

दूसरी कुश्ती जम्मू कश्मीर के रिजवान व राजस्थान मुन्ना के बीच जमकर दांव-पेंच दिखाया गया और रिजवान विजेता बने। आयोजक मंडल ने प्रथम द्वितीय तृतीय और सांत्वना पुरस्कार से पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में ग्राम प्रधान रहीस अहमद खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख जय कुमार सिंह, हुबलाल दुबे, जगत शास्त्री सोहन गुप्ता, विजय गुप्ता, राजेंद्र यादव, गणेश यादव, थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया भारी पुलिस फोर्स को लेकर ग्रामीणों की शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटी रही। कार्यक्रम का संचालन अरविंद यादव व जय प्रकाश उपाध्याय ने किया।

### मेधावी विद्यार्थियों का पूर्व प्रमुख ने किया उत्साहवर्धन


छात्राओं को सम्मानित करते पर्वू प्रमुख

**कछवां।** विकासखंड मझवां क्षेत्र में स्थित उमेदा देवी इंटरमीडिएट कॉलेज चकनंदा, कछवां में बोर्ड परीक्षा मे उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र व छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख मझवां अखिलेश सिंह उर्फ लाखन सिंह ने छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कछवां मनोज पांडे व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नागेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ किया। और छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत, नृत्य एवं नाटक का बहुत ही जोरदार तरीके से प्रस्तुति भी की गई। प्रबंधक श्रीराम अचल सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, अध्यापक सुशील सिंह, दीनानाथ पाठक समेत समस्त अध्यापकों के साथ समाजसेवी भवानी सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अश्वनी सिंह द्वारा किया गया।

### पांच दिवसीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसडीएम

**चुनार।** नागरपुर स्थित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी स्कूल में मंगलवार से पांच दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय बालीवाल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीबीएसई बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ललित कुमार कपिल विशिष्ट अतिथि विधायक अनुराग सिंह व अन्य अतिथियों ने फीता काटकर एवं स्पोर्ट्स ध्वज फहराकर किया। तत्पश्चात खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत गीत, नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुति की गयी। जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा अतिथियों एवं अभिभावकों ने किया। खेल का शुभारंभ एसडीएम चुनार नीरज प्रसाद पटेल ने नेट पर लटके हुए बालीवाल के फीता को काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन कुल चार मैंच खेले गये। इस दौरान स्कूल के ऑनर तेजबली सिंह, प्रिंसिपल वेद प्रकाश सिंह, मैनेजर ओमप्रकाश सिंह, माया सिंह नीतू सिंह, प्रियंका गुप्ता, स्नेहा, अखिलेश सिंह, दिनेश सिंह, ऋतु सिंह, प्रदीप सिंह, रहे।

## संक्षेप

### प्रधान ने खुद के पैसे से जलवाया अलाव



**जिगना।** विकासखंड छानबे ग्राम पंचायत विजयपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल द्वारा अपने ग्राम पंचायत में अपने निजी खर्च से अपने घर से 100 कुंतल लकड़ी की व्यवस्था कर ग्रामीणों को ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था कराया। ठंड के मौसम में नेक भरा कार्य है। उन्होंने ठेला गाड़ी से सुबह जहां-जहां भी अलाव जलाने की आवश्यकता होती है वहां वहां पहुंचवा कर अलाव जलवा दिया जाता है। सुबह ही प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत में घूम कर जहां भी अलाव जलवाने की आवश्यकता रहती है वहां पर व्यवस्था कर दी जाती है। जैसे मुसहर बस्ती विजयपुर बाजार राजा साहब की कोठी प्रधान जी के घर के बगल चौराहे पर जैसे 25 जगहों पर यह अलाव जलाने का नेक कार्य किया जा रहा है। इस नेक कार्य में पूर्व ग्राम प्रधान नंद लाल उर्फ मेंटल, शाहाबाज सद्दाम हुसैन वसीम, यासीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

### पंचायत भवन का टूटा गेट, मरम्मत के अभाव में जर्जर

**कलवारी।** विकास पटेहरा के ग्राम सभा कलवारी खुर्द स्थित पंचायत भवन का मुख्य गेट वर्षों से टूटा है, इस टूटे हुए गेट का मरम्मत न होने से परिसर में अराजक तत्वों का आना जाना लगा है जिससे पंचायत भवन में रखें कंप्यूटर इत्यादि के चोरी होने का डर बना है। पंचायत भवन पर सचिव पुष्पराज सिंह आते ही नहीं हैं। जिससे ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल व मृतक प्रमाण पत्र के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ता है। जबकि हर पंचायत भवन पर सचिव की भी तैनाती की गयी है। कागजों पर ही उपस्थिति दिखाकर इतिश्री कर लेते हैं। सचिव ग्राम पंचायत में बने सुलभ शौचालय के पानी की टंकी टूटी है जिसे नहीं बदला जा रहा है। टंकी टूटने की सूचना ग्राम प्रधान के द्वारा सचिव को अवगत कराया गया है लेकिन सचिव के तानाशाही के चलते सुलभ शौचालय टंकी विहीन है। जिससे शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा। इस दौरान ग्रामीण पंकज, कमलेश, सुरेश, कल्लू, रविशंकर ने जल्द से जल्द शौचालय की टंकी लगवाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान उमेश केशरी ने बताया कि पंचायत भवन का टूटा गेट बजट के अभाव में नहीं बन पा रहा है, बजट आने पर पंचायत भवन के गेट को बनवाया जाएगा। सुलभ शौचालय की टंकी टूटी है इसकी जानकारी सचिव पुष्पराज सिंह को दी गयी है। बजट आने पर टंकी को भी लगवाया जाएगा।

### हलिया वनसेंचुरी क्षेत्र में नहीं रुक रहा अवैध खनन

**हलिया।** हलिया वनसेंचुरी क्षेत्र के हलिया प्रथम बीट के खरिहट खुर्द व केड़वर व देवघटा पांडेय वनक्षेत्र में वनविभाग द्वारा जोड़ी गई करीब चार किलोमीटर तक पत्थर चहारदीवारी के पत्थरों के गायब होने तथा अवैध रूप से पत्थर खनन कर गिट्टी तोड़े जाने का मंगलवार को किसी ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। एक पखवारे पूर्व वनसेंचुरी क्षेत्र के भुअरी वनक्षेत्र में वनविभाग द्वारा पौधों की सुरक्षा के लिए जोड़ी गई चहारदीवारी के पत्थरों को निकालकर बड़े पैमाने पर गिट्टियों के तोड़े जाने का किसी ने वीडियो वायरल कर दिया था। वनसेंचुरी क्षेत्र में चहारदीवारी के पत्थरों को निकालकर बड़े पैमाने पर तोड़ी गई गिट्टियों के ढेर को वनविभाग ने कब्जे में लेकर पड़री वनचौकी परिसर में रखवाकर सीज की कार्रवाई कर गिट्टी तुड़वाने में शामिल लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी। हलिया वनसेंचुरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वनों को नष्ट कर सरसों की खेती किए जाने का वीडियो भी वायरल हो चुका है लेकिन वनविभाग अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। वनकर्मियों की लापरवाही के चलते वनसेंचुरी क्षेत्र में अवैध खननकर्ताओं द्वारा पत्थर खनन कर गिट्टियों का तुड़ान किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है और वनसेंचुरी क्षेत्र में विचरण करने वाले वन्यजीवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। खननकर्ताओं तथा अतिक्रमणकारियों द्वारा बिना वनविभाग के सांठगांठ के संभव नही है। इस संबंध में डीएफओ कैमूर वन्यजीव प्रभाग अरविन्द यादव ने बताया कि हलिया वनसेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन तथा चहारदीवारी के जोड़े गए पत्थरों के गायब होने के मामले की जांच की जाएगी। वन तथा वनसंपदा के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**अदलहाट।** अदलहाट बाजार स्थित आदर्श इंटर कालेज के प्रांगण में बुद्धवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए 700 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, सलाह एवं निशुल्क दवा वितरित किया गया। शिविर में एलिट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ वाराणसी के मेडिसिन विभाग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग सहित ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोविन रोगियों के वरिष्ठ चिकित्कों डॉ. डी.के गुप्ता, डॉ. बबिता गुप्ता, डॉ.ओपी सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. अभिषेक, नाहिद, विशाल आशीष संजीव ने इलाज किया। मेगा स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशि शेखर भट्ट एवं डॉ. डीके द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया।

### तीन पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना अहरौरा कुमुद शेखर सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन चोरी करने वाले एक संगठित गैंग के 03 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी। गैंग लीडर हरिशंकर मिश्रा उर्फ बब्बन पुत्र स्व0 आद्या प्रसाद मिश्रा निवासी पुरा दुरवासा थाना अदलहाट मीरजापुर एक शातिर किस्म का पेशेवर अपराधी है तथा गैंग के सदस्य राजाबाबू पुत्र भोला निवासी सुरहा थाना अदलहाट मीरजापुर, संदीप पटेल उर्फ दीपक पुत्र स्व0 पृथ्वीसिंह पटेल निवासी ओड़ी थाना जमालपुर मीरजापुर का एक सुसंगठित गैंग है जोकि वाहन चोरी करने का अपराध करते है, के विरूद्ध जिलाधिकारी मीरजापुर के अनुमोदन के आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 3 (1) उ0प्र0गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### स्टेशन पर भिड़ीं दो महिलाएं, वीडियो हो रहा है वायरल

**मीरजापुर।** बुधवार की देर शांम रेलवे स्टेशन पर दो महिलाएं आपस में भिड़ गई जब दोनों महिलाओं में जंग छिड़ी तो स्टेशन पर खड़े अन्य यात्री भी मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करने लगे। इसी बीच कई महिलाएं मिलकर एक महिलाओं एक महिला की पिटाई करना शुरू कर दिया। यह मामला देख स्टेशन पर खड़े लोग दंग रह गए और मौके पर पहुंचे। वही महिलाओं की जंग में उनके साथ पुरुषों ने भी मैदान संभाला और देखते ही देखते आपसी जंग शुरू हो गई। इसी बीच किसी यात्री ने जीआरपी पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं को लाकर थाने में पूछताछ कर रही है। जब दोनों महिलाएं आपस में भीड़ रही थी तो इस दौरान स्टेशन पर गहमागहमी का माहौल भी व्याप्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक जीआरपी पुलिस दोनों महिलाओं के बीच पंचायत कर रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष जीआरपी संतोष कुमार सिंह का कहना था कि किराये के पैसे के लेन देन में मारपीट हुई थी। जिसकी जांच पड़ताल चल रही है।

### किसान स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

**राजगढ़।** विकासखंड क्षेत्र के नदिहार ग्राम पंचायत अन्तर्गत किसान इण्टर कालेज के किसान स्टेडियम में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैनवस बाल से टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि युवा नेता धर्मेंद्र सिंह पटेल जिला सचिव अपना दल एस रहे। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, और उन्हें आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। इसके पश्चात बहेरा और ददरा के बीच टॉस हुआ जिसमें बहेरा ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 8 ओवरों में बहेरा ने 70 रन बनाए वही जवाब में उतरी ददरा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 50 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। इस मौके पर सुजीत पटेल, जगजीत सिंह, निहाल पटेल, जितेंद्र पटेल, विमलेश यादव, संदीप यादव, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कैम्प लगाकर योजनाओं से पथ विक्रेताओं को करें लाभान्वित : डीएम

**निर्देश**

### केन्द्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु डीएम ने ली बैठक


बैठक को संबोधित करते डीएम चंद्र विजय सिंह

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में केन्द्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं की अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु बैठक की गयी। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वनिधि से समृद्धि हेतु जनपद के चयनित तीन नगर निकाय राबर्ट्सगंज, चोपन एवं ओबरा में सभी सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पथ बिक्रेताओं को आठ केन्द्रीय जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु कैम्प का आयोजन कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने कहा कि इसके लिए रोस्टर तैयार कर ली जाये, रोस्टर के अनुसार कैम्प का आयोजन किया जाये। कैम्प के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना एवं रूपे कार्ड के वितरण का कार्य जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा बीओसीडब्ल्यू के अन्तर्गत पंजीकरण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की कार्यवाही एवं वन नेशन वन कार्ड की कार्यवाही जिला पूर्ति विभाग, जननी सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य विभाग व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, ओसी प्रमोद तिवारी, डिप्टी कलेक्टर निखिल यादव, पीओ डूडा राजेश उपाध्याय, एलडीएम अरूण पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के पालन को चलाया जायेगा विशेष जागरूकता अभियान

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध में जनमानस में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा, जिसमें प्रत्येक दिन सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध में जनमानस को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। गुरुवार को संतकीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा।

## धान खरीद पर उठे सवाल, जांच की मांग


कृषि मंडी स्थित क्रय विक्रय केंद्र पर धान की बोरों में भर्ती करते मजदूर

**दुद्धी।** क्षेत्र के धनौरा स्थित कृषि मंडी परिसर स्थित पीसीएफ द्वारा संचालित क्रय विक्रय सहकारी धान क्रय केंद्र पर खरीद शुरू होने से अभी तक कुल 91 किसानों से 6000 कुंतल धान की खरीद हुई है। बिक्री के अगले ही दिन किसानों के खातों में रकम भेज दी जा रही है। केंद्र प्रभारी दशरथ कुमार ने बताया कि खरीद का लक्ष्य 10,000 कुंतल का है।

उसी परिसर में संचालित आरएफसी हाट क्रय केंद्र पर अभी तक कुल 112 किसानों से 8500 कुंतल धान की खरीद हो चुकी है, जबकि लक्ष्य 15000 कुंतल का है। एएमओ दीपक वशिष्ट ने बताया कि बिजली सुचारू रुप से नही होने पर खरीद प्रभावित हो रही है। किसान दिनेश कुमार व उमाशंकर ने बताया कि वे दो दिन से आये हैं,अभी तक धान की तौल नही हो पायी है।

तहसील क्षेत्र में संचालित पीसीएफ के ज्यादातर केंद्रों पर उतने किसान नहीं दिख रहे, जितनी कागजों पर खरीद केंद्र प्रभारियों ने कर रखी है। उन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। धान बेचने में जिन किसानों ने खतौनी लगाई है, उन्होंने धान की पैदावारी भी की है या नहीं। बता दें कि तहसील क्षेत्र में 12 केंद संचालित हो रहे हैं।

## अचलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक, उमड़े श्रद्धालु

**डाला।** नगरके अचलेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को शुक्लपक्ष त्रयोदशी तिथि मासिक रुद्राभिषेक के दौरान भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रुद्राभिषेक के समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बता दें कि महादेव के दरबार में मासिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है, जो पंचांग के अनुसार शुक्लपक्ष के त्रयोदशी तिथि के मौके पर होता है। जहां नगर समेत अन्य स्थानों से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। माना जाता है कि सच्ची श्रद्धा से की गई सभी कामनाएं अचलेश्वर महादेव पूर्ण करते हैं। रुद्राभिषेक के सफल आयोजन हेतु विद्वान आचार्य पंडित राजेश मिश्र ने गगनभेदी मंत्रोचार से संपूर्ण वातावरण की वैदिक शुद्धि की। इसके पश्चात वैदिक मंत्र एवं रुद्री पाठ से रुद्राभिषेक पूजन को सफल बनाया। महादेव मंदिर के संस्थापक महंत मुरली तिवारी ने बताया कि पर मंदिर के 54 वें स्थापना दिवस के उपरांत हर माह के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि को रुद्राभिषेक पूजन से नगर वासियों एवं समस्त सृष्टि के कल्याण हेतु यह आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर पं. ओम प्रकाश तिवारी, रोहित मेहरोत्रा, सूर्य प्रकाश, राजू दुबे, आशीष जायसवाल, संजय मिश्रा, जया तिवारी, जानकी तिवारी, ज्योति, सरिता अनुराधा आदि मौजूद रहे।


रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु

## भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस आज

**सोनभद्र।** भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस पांच जनवरी को प्रातः 6 से 7 बजे के बीच राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में संचालित नियमित योग कक्षा में कृपा नारायण मिश्र एडवोकेट चेयरमैन एल्डर कमेटी के मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। जिसमें सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक होंगे। इसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान होगा। उन्होंने सभी योग साधकों, अधिवक्ताओं व समाजसेवियों को कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक जिले भर में भारत स्वाभिमान स्थापना दिवस एक साथ मनाया जाता रहा है, लेकिन अबकी बार कड़ाके की ठंड की वजह से राबर्ट्सगंज के अलावा ओबरा, रेनुकूट, अनपरा, शक्तिनगर, दुद्धी, बीजपुर आदि जगहों पर मनाया जाएगा।

# पीपरडीह बालू साइट पर सीओ के पहुंचते ही मचा हड़कंप

**भगदड़**

### अवैध बालू परिवहन कर रहे दो ट्रक किए गए सीज

**जनसंदेश न्यूज**


पीपरडीह में नदी में खनन करती पोकलेन मशीनें

**सोनभद्र।** दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के पीपरडीह बालू खनन साइट पर बुधवार को जैसे ही सीओ दुद्धी आशीष मिश्रा पहुँचे खननकताओं में हड़कंप मच गया और खनन में लगे कुछ लोग इधर उधर खिसकने लगे। इस दौरान अवैध बालू परिवहन में दो ट्रकों पर कार्रवाई की गई।

सीओ ने बताया कि मंगलवार की देर शाम करीब आठ बजे पीपरडीह गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बालू साइट से बालू लादकर लौट रहे ट्रकों को देखकर, अवैध खनन व परिवहन की बात करते हुए विरोध जताना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके से चार ट्रकों को पकड़कर कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया गया। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल के साथ खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। खनन क्षेत्र की पैमाइश कर लेखपाल के रिपोर्ट के बाद कार्यवाही किया जायेगा। चार ट्रक में दो ट्रक के कागजात सही पाए गए हैं। दो अन्य ट्रकों के कागजात अधूरा होने के वजह से सीज कर कार्यवाही की गई है। अवैध खनन किसी कीमत पर नही होने दिया जायेगा। खनन क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता व लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि कोरगी,पीपरडीह बालू साईट पर मिल रही अवैध खनन की लगातार शिकायत पर विधायक समेत अपर जिलाधिकारी ने भी निरीक्षण किया। बीच नदी में भारी भरकम मशीनों एवं पोकलेन से हो रहे खनन से एक ओर जहां जलीय जंतुओं का अस्तित्व खतरे में है, वहीं दूसरी ओर नदी के मध्य कुंए जैसे बन रहे बड़े-बड़े गड्ढे नदी को आर पार करने वाले ग्रामीणों के लिए मौत का सामान साबित हो सकते हैं। जिसमें डूबने के बाद बचने की कोई गुंजाइश नही बचती। पूर्व में ऐसी घटनाएं घट भी चुकी हैं। बाहर से आने वाले कई अनजान बच्चे भी स्नान करते वक्त इसके शिकार होकर अपनी जान गवां चुके हैं।

## संक्षेप

### एसडीएम ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण, दिये निर्देश

**सोनभद्र।** नगर के अस्थाई गो आश्रय स्थल का बुधवार को उपजिलाधिकारी सदर रमेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निजाम व सभी गो सेवक उपस्थित पाये गये। आश्रम स्थल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 25 पशुओं को काऊ कोर्ट बनाया गया है। भूसा स्टाक अगले 20 दिन के लिए 108 कुंटल पर्याप्त है। इस दौरान एसडीएम ने सफाई व्यवस्था व पानी टंकी साफ सुथरी पाई। ठंड से बचाने के लिए पशुओं को तीन स्थान पर अलाव तथा 11 ब्लोअर लगाया गया है। एसडीएम ने संबंधितों को निर्देशित किया कि ठंड से किसी भी पशु की मृत्यु ना हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाए। गौ सेवारथ नगर पालिका द्वारा संचालित है, जिसके द्वारा सभी वार्डों से घर का सब्जी और चारा के रूप में अवशेष पदार्थ लाया जा रहा है। बुधवार को 185 किलो मटर का छिलका तथा गोभी का पत्ता इकट्ठा किया गया। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी में जो भी सब्जियों का अवशेष पदार्थ बचता है, उसको इकट्ठा करवाकर लें, उसे गोसेवा रथ द्वारा गोशाला में भेजा जाएगा।

### ट्रांसफार्मर चोरी करते अभियुक्त गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पन्नूगंज एसएचओ मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बुधवार की तड़के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोर को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसारी में लगे ट्रांसफार्मर को चोरी कर रहे चंद्र प्रकाश पुत्र जोखू निवासी ब्रम्ह नगर, रावर्ट्सगंज को रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस को आरोपी के पास से एक स्कूटी बरामद करते हुए संगत धाराओं में उसका चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियां पाए जाने पर आवश्यक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर।** पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इंजानी निवासी फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित आरोपी जमुना सिंह पुत्र स्व. सुरजबली सिंह, बासमती पत्नी जमुना सिंह फरार थे, जिनकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि उपरोक्त आरोपी कही जाने की फिराक में इंजानी पोखरे के पास खड़े हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

### जनपद को आईजीआरएस रैंकिंग में मिला प्रथम स्थान

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के नेतृत्व में दिसम्बर में जनपद के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद को शिकायत निस्तारण के पूर्णांक 140 के सापेक्ष 139 अंक प्राप्त हुए हैं और प्रदेश में प्रथम रैंक मिला है। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निस्तारण इसी प्रकार से समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये।

### अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग में 28 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते दो व तीन जनवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच की गयी, जिसमें 28 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही की गयी, जिसमे 10 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हाल में हेड कांन्स्टेबल की मौत

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन चुर्क में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत गोरखनाथ 52 की बुधवार की सुबह मौत हो गयी। इसकी खबर से पुलिस लाइन में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद उनका शव जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि कांस्टेबल सुबह परेड के लिए घर से निकला था। उसकी मौत किन कारणों से हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। फिलहाल पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

### गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने बुधवार को गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त जयराम गुप्ता पुत्र कन्हैया लाल गुप्ता, निवासी ग्राम बैना, बभनी, धर्मेन्द्र देव पाण्डेय पुत्र मुरारी देव पाण्डेय, निवासी ग्राम ममुआ, राबर्ट्सगंज, हालपता- डी प्लान्ट रोड डिबुलगंज, अनपरा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### हेलमेट जागरूकता बाइक रैली को एएसपी ने किया रवाना

**सोनभद्र।** पुलिस कर्मियों द्वारा हेलमेट जागरुकता रोटरी बाईक रैली निकाली गयी। जिसका शुभारंभ बुधवार को बढ़ौली चौराहा रॉबर्ट्सगंज से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली बढ़ौली चौराहा से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बढ़ौली चौराहा पर जाकर संपन्न हुआ। रैली में शामिल पुलिस अधिकारियों ने हेलमेट लगाकर आम जनमानस को अपने जीवन की सुरक्षा हेतु वाहन चलाने व यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार, यातायात प्रभारी प्रमोद यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से की आना कानी

**मीरजापुर।** मंडलीय चिकित्सालय परिसर में पुलिस चौकी होने के बाद भी आये दिन गाड़ियों की चोरी हो रही है और पुलिस विभाग हाथ पर हाथ रखे हुए है। जिससे मरीजों के तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी मंडलीय चिकित्सालय में फील्ड मानीटर कुंज बिहारी मिश्र का मोटर साइकिल चोरी हो गई। जिसका एफआईआर पुलिस द्वारा अभी तक नहीं लिखा गया। चिकित्साल्य स्थित चैकी पर तैनात लोगों का कहना है कि रिपोर्ट एक दिन बाद ही लिखा जायेगा। एक दिन व्यतीत होने के बाद भी एफआईआर समाचार के लिखे जाने तक दर्ज नहीं की गई थी।

# धारा 20 की भूमि पर काबिज जनजातियों को नहीं मिला वनाधिकार का लाभ

**नाराजगी**

### गांव पहुंचे ब्लॉक प्रमुख ने सुनी समस्या, प्रधान की मनमानी पर बिफरे

**जनसंदेश न्यूज**


ग्रामीणों से जानकारी लेते ब्लॉक प्रमुख

**म्योरपुर।** स्थानीय वन रेंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरडीहा और महुअरिया के शायल में सौ वर्षो से ज्यादा समय से वन भूमि पर निवास कर रहे परहिया, चेरो अनुसूचित जनजातियों की वन समिति के अध्यक्ष द्वारा वनाधिकार की फाइल रोके जाने और शिकायत कर वन विभाग से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री आवास निर्माण रोके जाने से जनजातियों में आक्रोश व्याप्त है।

पीड़ितों की शिकायत पर बुधवार को ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोंड़ और समाजसेवी सुधीर कुमार गांव पहुंच कर समस्या की हकीकत जानी। भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पीड़ित सत्यनारायण, राज नाथ, रमेश, जोगिंदर, राजेंद्र, धर्मजीत, शेर सिंह आदि ने बताया कि हम लोग चार-पांच पीढ़ी से यही रहकर खेती भी कर रहे हैं। प्रधान तथा वन समिति के अध्यक्ष ने उनकी वनाधिकार की फाइल दबाकर रख ली है और हम लोगों का पट्टा भी नही मिलने दिया गया। वहीं आवास भी आधा बन गया तो साजिश के तहत वन विभाग से शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। ऐसे में मुख्यमंत्री आवास निर्माण से पक्के घर का सपना अधूरा रह जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान सहित अन्य दबंग जंगल के बीच में दर्जनों बीघा वन भूमि कब्जा कर अवैध रूप से जोत कोड़ कर रहे हैं। उस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और इसके उलट हम गरीबों को परेशान किया जा रहा है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। वन दरोगा श्याम लाल ने बताया कि धारा 20 की जमीन पर नया निर्माण कार्य रोका गया है। पीड़ित वनाधिकार के पात्र हैं, लेकिन वनाधिकार समिति ही इसका निर्णय लेगी।

## वृद्धा पेंशन के लाभार्थी बैंक खाते से लिंक कराएं आधार

**सोनभद्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाये जाने के निर्देश निर्गत कर 15 जनवरी तक शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराये जाने एवं फरवरी से आधार आधारित भुगतान किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उन्होंने जनसाधारण को सूचित किया है कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने बैंक में सम्पर्क कर अपने खाते में केवाईसी कराते हुए आधार कार्ड को अपने बैंक खाते से अवश्य लिंक करा लें, जिससे पात्र पेंशनरों को पेंशन की धनराशि का आधार आधारित भुगतान प्रणाली से भुगतान किया जा सके। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक न होने की दशा में पेंशन का हस्तान्तरण नहीं हो सकेगा।

## सेनेटरी निर्माण का भारत सरकार के प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते रोहित गुप्ता

**सोनभद्र।** आधार निर्माण फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन के वितरण का निरीक्षण भारत सरकार से आये प्रतिनिधि रोहित गुप्ता ने बुधवार को किया। खजुरी शाहगंज में नैपकिन पैड का निर्माण और निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

दर्जनों महिलाएं गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रही हैं। इस दौरान भारत सरकार के प्रतिनिधि ने सेनेटरी पैड के निर्माण व वितरण की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सेनेटरी नैपकिन पैड को 2000 गरीब महिलाओं में बांटने का लक्ष्य रखा गया है।

इस मौके पर इरेडा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तीकरण पुनश्चर्या कार्यशाला का उद्घाटन


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर के तहत तीन से 10 जनवरी तक बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शीतकालीन सत्र कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी कार्यकारी निदेशक, जयिता गोस्वामी अध्यक्षा-वनिता समाज, सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, सभी महाप्रबंधकगण, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याओं व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ किया गया। बालिकाओं के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि व गणमान्य अतिथियों एवं जेम बालिकाओं द्वारा केक काटा गया। बसुराज गोस्वामी द्वारा ने कहा कि वे बालिका सशक्तीकरण रिफ्रेशर वर्कशॉप अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं एवं अपना समग्र व्यक्तित्व विकास कर अपने परिवार, समाज एवं एनटीपीसी का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों व जेम कोरडीनटोर्स से अनुरोध किया कि वे सभी बालिकाओं में पर्याप्त साहस और आत्मविश्वास भरें। जयिता गोस्वामी ने कहा कि एक विकसित समाज हेतु महिलाओं का विकसित होना बहुत जरूरी है। उन्हें गर्व है कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा इस दिशा में अनेकों सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। पुनश्चर्या कार्यशाला के तहत एनटीपीसी सिंगरौली के आस-पास के गांव कोटा, तारापुर, रणहोर, लोझरा, चिल्काडांड, कोहरौल में छठी कक्षा में अध्ययनरत 120 बालिकाओं को सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सतीश कुमार गुजरानिया, डा. एस के खरे, बिभास घटक, शुभ्रा घटक, एके सिंह, प्रबोध कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## कार्यकाल के अंतिम दिन पालिकाध्यक्ष ने किया रोड का शिलान्यास

**जनसंदेश न्यूज**



**मीरजापुर।** स्थानीय नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यकाल के अंतिम दिन लालडिग्गी स्थित पालिका के प्रधान कार्यालय पर शिलान्यास किया। इसके पूर्व उन्होंने पत्रकार वार्ता कर पांच साल की उपलब्धि बताया। कहा कि प्रेक्षागृह बन गया। म्युजियम के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

श्री जायसवाल ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन पांच सालो में किए गए विकास कार्यों को गिनाया। दो कार्यो का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस मौके पर एक दिन पूर्व हुए बोर्ड की बैठक में सदन के सदस्यों द्वारा प्रधान कार्यालय में सभासदों की नाम की शिलान्यास बोर्ड लगाने की मांग की। बोर्ड की प्रस्तावित मांग पर अंतिम दिन प्रधान कार्यालय पर शीलापट्ट लगाकर मरम्मत कार्य का भी उनके द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि इन पांच सालों के भीतर नगर में कई विकास कार्यों को कराया गया है।नगर की गलियो में सीसी सड़क,कई हजार स्ट्रीट लाइट, पार्को का सुंदरीकरण,मिनी टयूबवेल एवं बोरिंग जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य हुये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नगर के विकास कार्य को गति मिली है। नगर के विकास को लेकर आज भी दो कार्यो का शिलान्यास किया गया है। 15 वे वित्त के 32 लाख रुपयों से कार्य कराया जायेगा। बोर्ड की प्रस्तावित मांग पर अंतिम दिन प्रधान कार्यालय पर शीलापट्ट लगाकर मरम्मत कार्य का भी लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर सभासद नरेश जायसवाल, सभासद विरेन्द्र तिवारी, नगर अभियंता विपिन मिश्रा,अवर अभियंता सुनील कुमार मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# प्रसूता को 48 घंटे में एक बार मिला रोटी-चोखा

## डिलीवरी के बाद हाल लेने नहीं पहुंच रहीं नर्सें वार्डों में नहीं दिये गये कंबल, नही हैं रूम हीटर

**जनसंदेश न्यूज**


वार्ड में भर्ती प्रसूता के साथ परिजन

**दुद्धी।** इस समय समूचा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है ठंड का सितम यह है कि पिछले तीन दिनों से भगवान के दर्शन नहीं हो रहे,ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दुर्व्यवस्था का शिकार है। भर्ती मरीजों को न तो अच्छा भोजन दिया जा रहा है और ना ही ठंड से बचने के लिए कंबल आदि का प्रबंध है। ऐसे में मरीज परेशान हैं।

सीएचसी के जनरल वार्ड दो प्रसूता अपने नवजात के साथ बेड पर मिली ,एक कि डिलेवरी सोमवार की भोर में हुई थी वहीं दूसरे की मंगलवार को डेढ़ बजे प्रसूताओं ने बताया कि उन्हें वार्ड में ना तो कम्बल दिया गया और ना ही रूम हीटर व ब्लोअर की व्यवस्था मिली। घर से कम्बल मंगाकर काम चलाया जा रहा है। डिलेवरी के 24 घंटे बाद भी खाने को कुछ नहीं मिला वहीं दूसरी ने बताया भर्ती के 60 घंटे बीत चुके वहीं डिलेवरी के 54 घंटे के दरमियान उसे मंगलवार को सुबह 10 बजे एक टमाटर का चोखा व रोटी खाने को मिला और रात्रि में कुछ नही मिला। सरकार प्रसूताओं को पौष्टिक भोजन के लिए पैसे भेजती है और जिम्मेदार इसे डकार जा रहे हैं इस संदर्भ में चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम ने दावा किया कि जो वेंडर है वह समय दो बार भोजन देता है आज व्यस्तता के कारण इसका संज्ञान नही ले पाया हूँ। पता करवाता हूं कि ऐसा क्यों हुआ,वहीं कम्बल को लेकर कहा कि डिमांड भेजी गई है अभी जिले से कम्बल नही मिला है जैसे ही मिलेगी यह मरीजों को मुहैया कराया जाएगो ब्लोवर व रूम हीटर के लिए कहा कि इसकी व्यवस्था हम अपने तरफ से करवाते हैं।

# शहाबगंज-इलिया में निमार्णाधीन बैरक का डीएम ने किया निरीक्षण

**जायजा**

## समय से कार्य पूर्ण न होने पर जेई व ठेकेदार को लगाई फटकार



शहाबगंज में निमार्णाधीन बैरक का निरीक्षण करती डीएम।

**शहाबगंज।** जिलाधिकारी ईशा दुहन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को थाना परिसर में बन रहे पुलिस बैरक व विवेचना कक्ष का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने का ठेकेदार को निर्देशित दिया।

थाना में विवेचना कक्ष व बैरक का निर्माण पुलिस कर्मियों के लिए किया जा रहा है। जिसकी निर्माण कार्य धीमी गति से होने पर डीएम ने निरीक्षण किया। जहां विवेचना कक्ष के निर्माण में मात्र एक राजगीर द्वारा कार्य होते देख ठेकेदार को श्रमिकों की संख्या और अधिक बढ़ाने व हर हाल मे 25 जनवरी तक दोनों भवनों का कार्य पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। साथ ही बैरक में खिड़की पर जाली लगाने व विद्युत के कार्य को समय से पुरा करने को निर्देशित किया।बैरक जाने वाले मार्ग तक इंटर लाकिंग कार्य कराने व महिला बैरके के जाने वाले रास्ते को सही करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग के जेई सुनिल मौर्य द्वारा सही जानकारी न देने पर कड़ी फटकार लगायी। उन्होंन बताया कि भवन निर्माण में लगभग 1 करोड़ 23 लाख के सापेक्ष 1 करोड़ 10 लाख रुपया का भुगतान हो चुका है। फिर भी ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरता जा रहा है। भवन निर्माण में पहले ही बहुत विलंब हो चुका है जबकि भवन को 2021 में ही पूरा करना था।

उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य को निरीक्षण करने को निर्देशित किया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा की 25 जनवरी तक कार्य पूरा कर विभाग को हैंडओवर कर दें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रघुराज सिंह, थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी, आलोक सिंह, लालजी कुशवाहा, उपनिरिक्षक आकाश त्रिपाठी, अनिल सिंह, रमाशंकर राय सहित पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

**इलिया।** डीएम बुधवार की शाम मेगा चौपाल से वापस लौटने के बाद सीधे स्थानीय थाना का औचक निरीक्षण करने पहुंच गयी। जहां उन्होंने निमार्णाधीन महिला बैरक तथा विवेचना कक्ष का निरीक्षण किया। निर्माण में विलंब को देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई तथा कार्यदाई संस्था को 26 जनवरी तक निर्माण कार्य को हर हाल में पूरा किए जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, उप जिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद, थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग, उप निरीक्षक अखिलेश सोनकर सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### जनचौपाल में बच्चों से रूबरू हुई डीएम

**इलिया।** डीएम के निर्देश पर मेगा ग्राम जन चौपाल का आयोजन बुधवार को माल्दह ग्राम पंचायत के खझरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कैलाश खरवार ने फीता काटकर किया। चकिया विधायक तथा डीएम ने मेगा जन चौपाल में दो महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार की रस्म भी निभाई। इसके अलावा डीएम ने उपस्थित विद्यालय के बच्चों के बीच घुल मिलकर बातचीत की तथा उनसे कई प्रश्न पूछे तथा समुचित उत्तर मिलने पर बच्चों को बधाई दी। मौके पर एसपी, एसडीएम, सीओ, बीडीओ, ग्रामप्रधान मौजूद रहे।

# एसडीएम ने निरीक्षण कर कठौरी गौशाला का लिया जायजा



कठौरी गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम अवनीश कुमार।

**जनसंदेश न्यूज**

**नियामताबाद।** स्थाई गोवंश आश्रय स्थल कठौरी का औचक निरीक्षण उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा किया गया। कठौरी स्थित गौशाला में नगर पालिका परिषद से आए 22 निराश्रित पशुओं का टीकाकरण डॉ. वाईके यादव की देखरेख में किया गया और उनका टैगिंग भी की गयी।

इस दौरान उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार और खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने गौशाला का निरीक्षण कर प्रधान प्रतिनिधि कमलेश बिंद से जानकारी ली और ठंड से निजात दिलाने के लिए पशुओं को काऊ कोट की व्यवस्था तुरंत कराने के लिए कहा। गौशाला में चारों तरफ तिरपाल लगने और अलाव की व्यवस्था देखकर प्रसंता भी व्यक्त की और साथ ही निर्देश दिया कि खाने पीने में किसी प्रकार की समस्या ना हो और पशुओं के लिए हरा चारा भी उपलब्ध होना चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके यादव, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, प्रधान प्रतिनिधि कमलेश बिंद उपस्थित रहे।

**संक्षेप**

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**डीडीयू नगर।** सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह विगत दिनों हुए ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट में मृतक परिजनों से मिले। इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही सक्षम अधिकारियो से बात कर पीड़ित परिवार को अविलम्ब आर्थिक सहायता हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष आलोक वरुण, बाबला मुखर्जी, किरण शर्मा, विश्वनाथ चौहान, आलोक सिंह, संतोष खरवार, अंशु चतुर्वेदी, कुंदन सिंह, भरत चौहान, रंजन शाह, सौरभ चंद्रा, महेंद्र पटेल, जय प्रकाश गुप्ता, अमित चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुगलसराय बार एसोसिएशन के लिए दो ने की दावेदारी

**नियामताबाद।** मुगलसराय बार एसोसिएशन के होने वाले वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को मुकम्मल हो गई। चुनाव अधिकारी सोहन प्रसाद व स्वामीनाथ पाठक ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के आज अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अंबिका प्रसाद यादव और ओमप्रकाश खरवार ने नामांकन किया, वहीं शेष पदों के लिए एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 5 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी वहीं 6 जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर 4 बजे तक नामांकन वापसी होगी। चुनाव प्रक्रिया नई गाइडलाइन के अनुसार होगी। इसमें सीओपी अनिवार्य है चुनाव में कुल 222 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इनमें 124 वार्षिक वह 98 आजीवन सदस्यता वाले अधिवक्ता हैं। इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्य विजय कुमार, अभय मौजूद रहे।

### चाय की जगह पी ली चूहे मारने की दवा, तीन बीमार



**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम आवास पॉकेट संख्या चार पर बुधवार को चूहे मारने की दवा खाने से तीन लोगों की हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजनों में तत्काल सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताते हैं कि मंगलवार की देर रात राजधनी 38 वर्ष की पुत्री चाय बना रही थी। तभी अचानक लाइट कट गई और उसने गलती से चाय पत्ती की जगह चूहे मारने की दवा डाल दी, जिसको राजधानी व उसके दो पुत्र गणेश 18 वर्ष दिनेश 12 वर्ष में पी लिया। थोड़ी देर बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी घटना से पूरे घर में अफरातफरी मच गया। परिजनों ने तत्काल तीन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। इस बाबत ईएमओ डा.संजय कुमार ने बताया कि तीनों ने चाय समझ कर चूहे मारने की दवा पी लिए थे जिनका इलाज चल रहा है।

### एसपी ने कोतवाली के नवनिर्मित कक्ष का किया उद्घाटन



**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल बुधवार को मुख्यालय स्थित सदर कोतवाली परिसर में बने प्रभारी निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया। सदर कोतवाली परिसर में बने प्रभारी निरीक्षक के कक्ष के उद्घाटन करने के बाद एसपी ने परिसर का निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था देखी। साथ ही रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन के साथ ही आवश्यक व्यवस्थाओं का हाल जाना। कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्र में सक्रियता बनाए रखें, ताकि जनता में पुलिस की छवि बेहतर हो। शस्त्रों के साथ-साथ कागजों व असलहों का रखरखाव बेहतर ढंग से किया जाए। कोतवाली निरीक्षक राजीव प्रताप सिंह को निर्देश जारी करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रात्रि में चक्रमण के साथ साथ गश्त की व्यवस्था और प्रभावी बनाएं। इस दौरान सीओ सदर रामवीर भी मौजूद रहे।

### धान खरीद में आड़े न आए बोरे व संसाधन की कमीः डीएम

**इलिया।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने बुधवार को स्थानीय सहकारी समिति पर बनाए गए धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से धान खरीद के बारे में जानकारी ली। किसानों के धान को तौल कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा व बोरे के विषय में भी विस्तारपूर्वक पूछताछ की। इस दौरान टोकन वितरण में लापरवाही बरतने पर उन्होंने केंद्र प्रभारी भोलानाथ को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि धान खरीद में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा धान खरीद में बोरे की कमी आडे नहीं आयेगी। डीएम ने नंबर लगा चुके सभी किसानों के धान को क्रम के अनुसार नियमानुसार तौल कराए जाने का निर्देश दिया। केंद्र पर रात्रि के दौरान पिछले दिनों कुछ किसानों के धान को चोरी होने की शिकायत पर उन्होंने पुलिस की ड्यूटी लगाए जाने की भी बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद सहित कई पुलिसकर्मी तथा किसान मौजूद रहे।

# उर्वरक विक्रेताओं द्वारा शोषण को लेकर की बैठक



**बबुरी/ चंदौली।** स्थानीय क्षेत्र के बबुरी कस्बा में दिपराज पैलेस में उर्वरक के फुटकर दुकानदारों ने डीलरों द्वारा शोषण से आहत होकर एक अहम बैठक की। वही जिलेभर से आए हुए सभी खाद बेचने वाले दुकानदारों ने डीलरों द्वारा उर्वरक के साथ जिंक, जाइम आदि देने पर नाराजगी व्यक्त किया। थोक विक्रेता (डीलरों) के कारण खुदरा विक्रेता एवं किसानों का शोषण किया जा रहा है। जो हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वही नवनिर्वाचित उर्वरक खाद दुकानदारों के अध्यक्ष कुडाल सिंह ने बताया कि डीलरों द्वारा अधिक रेट पर डीएपी, यूरिया उसके साथ अन्य सामानों का पैकिंग करके जबरदस्ती देना और निर्गत उर्वरक मात्रा से अधिक का बिल देना हम व्यापारियों के लिए सिरदर्द बन गया है। जिससे हम किसानों को उचित मूल्य पर खाद नहीं बेच पा रहे हैं, जिसके कारण हमारे किसान भाइयों को भी अनेक समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि डीलरों के मनमानी तरीके से खाद देने के कारण खुदरा व्यवसायियों मे रोष व्याप्त है। जिसको लेकर अब फुटकर दुकानदारों ने भी डीलरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मौके पर संगठन को मजबूत करते हुए नए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। अध्यक्ष कुडाल सिंह, महामंत्री धर्मदेव पाल व कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी गुप्ता, को चुना गया। मौके पर जिलेभर से सैकड़ों दुकानदार उपस्थित रहे।

### डीलरों के शोषण से आहत हैं जनपद के खाद विक्रेता

**बबुरी।** स्थानीय कस्बे में उर्वरक के फुटकर दुकानदारों ने डीलरों के शोषण से आहत होकर बैठक की। वहीं जिलेभर से आए हुए सभी खाद बेचने वाले दुकानदारों ने डीलरों द्वारा उर्वरक के साथ जिंक, जाइम आदि देने पर नाराजगी व्यक्त की। नवनिर्वाचित उर्वरक खाद दुकानदारों के अध्यक्ष कुणाल सिंह ने कहा कि डीलरों द्वारा अधिक रेट पर डीएपी, यूरिया उसके साथ अन्य सामानों का पैकिंग करके जबरदस्ती देना और निर्गत उर्वरक मात्रा से अधिक का बिल देना हम व्यापारियों के लिए सिरदर्द बन गया है। जिससे हम किसानों को उचित मूल्य पर खाद नहीं बेच पा रहे हैं, जिसके कारण हमारे किसान भाइयों को भी अनेक समस्या हो रही हैं। उन्होंने कहा कि डीलरों के मनमानी तरीके से खाद देने के कारण खुदरा व्यवसायियों मे रोष व्याप्त है। जिसको लेकर अब फुटकर दुकानदारों ने भी डीलरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मौके पर संगठन को मजबूत करते हुए नए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। अध्यक्ष कुणाल सिंह, महामंत्री धर्मदेव पाल व कोषाध्यक्ष डा. श्याम बिहारी को चुना गया। मौके पर जिलेभर से सैकड़ों दुकानदार उपस्थित रहे।

# प्रो. डॉ. दीप नारायण ने दान किया नाड़ी शक्ति रॉड

**पहल**

## माल्दह में आयोजित कार्यक्रम में डीएम व एसपी समेत 10 राड किया दान

**चंदौली।** अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रवक्ता व नाड़ी उपचार विशेषज्ञ डा. दीप नारायण सिंह बुधवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान जनपद के माल्दह गांव में आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुए। गांव के लोगों की सेहत में सुधार के लिए खुद के द्वारा खोजी गई नाड़ी शक्ति राड स्थानीय जन को समर्पित किया। इसके साथ ही उन्होंने नाड़ी शक्ति राड के फायदे गिनाए और लोगों को स्वस्थ व सेहतमंद रहने के प्रेरित व जागरूक किया। इसके बाद उन्होंने डीएम ईशा दुहन व एसपी अंकुर अग्रवाल समेत कुल 10 नाड़ी शक्ति राड भेंट किया।

उन्होंने डीएम को यह जानकारी दी कि वह निजी खर्च से नाड़ी शक्ति राड लगवा रहे हैं। जनपद में 50 राड स्थापित करने की योजना है जो वह खुद के खर्च पर करेंगे। उनके द्वारा दान किए गए नारी शक्ति राड को विद्यालय भवन पर स्थापित किया जाएगा, ताकि स्कूली बच्चे, शिक्षक व आसपास रहने वाले ग्रामीण व आमजन नकारात्मक शक्तियों से दूर होकर अपने जीवन को सकारात्मकता के ओश से रौशन कर सके। बताया कि ऋग्वेद में इस नाड़ी शक्ति का उल्लेख है, जिसे आधार मानकर 2017 एमआईटी और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के सहयोग रिसर्च शुरू किया गया और 2022 जून तक क्वांटम आधारित नाड़ी शक्ति राड की खोज पूरी कर ली गई।

फिलहाल यह राड अमेरिका, यूरोप, दुबई में उपयोग में लाए जा रहे हैं। भारत की बात करें तो यहां उडीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के अलावा यूपी के इलाहाबाद और जनपद चंदौली में 160 नाड़ी शक्ति राड सक्रिय है। बताया कि बकायदा इन राडों का विशेषज्ञों द्वारा इस बात का मूल्यांकन किया जा रहा है कि जिन इलाकों में राड लगाए गए हैं वहां क्या स्थिति है? उन्होंने बताया कि चंदौली उनकी जन्मभूमि है लिहाजा वह जनपद चंदौली को 50 नाड़ी शक्ति रॉड उपलब्ध कराएंगे, जिनकी खोज उन्होंने स्वयं की है और इसका खर्च भी वह खुद ही उठा रहे हैं। बताया कि नीति आयोग ने 2046 तक देश के सभी विद्यालयों में नाड़ी शक्ति राड लगाने का लक्ष्य रखा है।

### धानापुर में आज से शुरू हो रहा फुटबॉल का महाकुंभ

**धानापुर।** स्थानीय अमर वीर इंटर कॉलेज के मैदान पर गुरुवार 5 जनवरी को अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन मैच खिजीरपुर गाजीपुर बनाम कुर्रा. गाजीपुर के बीच खेला जाएगा। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष रुस्तम खान ने दिया है। बताया कि खिजीरपुर टीम में विदेशी खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे, जिसके कारण मैच बहुत ही रोमांचक होगा। प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन गुरुवार की दोपहर ब्लाक प्रमुख अजय सिंह द्वारा किया जायेगा।

# कोतवाली पहुंचा सामूहिक दुष्कर्म का मामला



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी को गांव के ही एक दबंग युवक अपने सहयोगियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश ने आया है। परिजनों ने बताया कि 2 जनवरी को शाम 6 बजे किशोरी अपने घर से कुछ समान की खरीदारी करने दुकान जा रहीं थी कि इसी बीच गांव का एक युवक जो दबंग किस्म का है उसने किशोरी को अपने सहयोगियों के साथ उठाकर ले गया तथा एक घर के कमरे में उसके साथ जबरदस्ती की।

साथ ही उसके साथ मारपीट कर उसे किसी से भी इस मामले में शिकायत करने पर जान से मारने कि धमकी दी, वहीं परिजनों द्वारा काफी खोज बिन कर लड़की को मंगलवार को बरामद कर उक्त मामले की शिकायत डायल 112 पर किया गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा मामले की लिखित शिकायत चन्धासी पुलिस चौकी को दी। जब चौकी प्रभारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं तो परिजनों ने बुधवार को चन्दासी पुलिस चुकी पहुंचकर हंगामा करने लगे जिसके बाद मामला मुगलसराय कोतवाली पहुंचा। परिजनों व लड़की के बयान पर लिखित तहरीर पर जांच में जुटी पुलिस। वही पीड़िता ने बताया कि युवक की बहन और मौसी ने मुझे जान से मारने के इरादे से मेरे हाथों और गर्दन पर धारदार हथियार से वार भी किया है। साथ ही अपने साथियो से मुझे बेचने की बात कर रहा था। लड़की की तहरीर पर मुगलसराय कोतवाली पुलिस जांच में जुटी है।

इस बाबत कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### विशेष श्रेणी के बच्चों के लिए खुलेगा बचपन डे केयर सेंटर

**चंदौली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश कुमार नायक ने बताया कि जनपद चंदौली में 03 से 07 आयु वर्ग के विशेष श्रेणी के बालक-बालिकाओं को प्री-प्राइमरी स्तर पर शिक्षित प्रशिक्षित किये जाने हेतु उद्देश्य से विभाग द्वारा संचालित बचपन डे केयर सेन्टर की स्थापना व संचालन किया जाना है। जनपद के 03 से 07 आयु वर्ग के विशेष श्रेणी के बालक-बालिकाएं जो शारीरिक रूप से अक्षम, मानसिक रूप से अक्षम, बोलने सुनने में अक्षम, एवं देखने में अक्षम है। ऐसे दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक सात जनवरी 2023 तक कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद के इन विशेष श्रेणी के बालक-बालिकाओं को बचपन डे केयर सेन्टर में शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकें।

### आठ मवेशी बरामद, पुलिस ने एक तस्कर को दबोचा

**बबुरी।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप वाहन में क्रूरता पूर्वक लादे गए 8 राशि गोवंश को बरामद किया। पुलिस ने जहां एक तस्कर को दबोच लिया, वहीं तीन तस्कर कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बुधवार को बबुरी थानाध्यक्ष राजेश सरोज को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की क्षेत्र के अकोढवा गोगहरा के रास्ते पशु तस्कर पिकअप वाहन से कुछ पशुओं को गोवध के लिए बिहार लेकर जाने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष बबुरी ने संबंधित क्षेत्र में घेराबंदी कर दिया। इसी बीच पशुओ से लदी वाहन आती दिखाई दी। पुलिस को वहां पहले से मौजूद देख पशु तस्कर कोहरे का फायदा उठाते हुए पशुओं से लदे पिकअप वाहन को छोड़ कर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक पशु तस्कर अब्दुल कयूम निवासी गोगहरा को गिरफ्तार कर लिया, वहीं तीन तस्कर भागने में सफल हो गए। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर उसमें क्रूरता पूर्वक बधे 8 राशि गोवंश बरामद हुए। इस संबंध में बबुरी थानाध्यक्ष राजेश सरोज ने बताया कि वाहन से 8 राशि गोवंश बरामद हुआ है तथा एक चापड़ मिला है।

# शिवशंकर अग्रहरि पप्पू बने व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष



शिवशंकर अग्रहरि पप्पू को मनोनयन पत्र सौंपते प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल।

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 गांधीनगर निवासी शिव शंकर अग्रहरी उर्फ पप्पू को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों के हित में संगठन को मजबूत करने और ईमानदारी और निष्ठा से काम करने के लिए आह्वान किया और नियुक्ति पत्र सौंपा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने नगर निवासी शिव शंकर उर्फ पप्पू अग्रहरी को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। कहा कि व्यापार संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापारियों को जोड़ें और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है।

जिला उपाध्यक्ष शंकर अग्रहरि पप्पू ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास होगा। साथ ही व्यापार संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द ही अभियान चलाकर नए सदस्यों को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा।

### चहनियां व धानापुर में क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मिली ट्रेनिंग



**चहनियां।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ व उपनिदेशक(पंचायत) वाराणसी मंडल के द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत विकास खण्ड चहनियां के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को ब्लॉक सभागार चहनियां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन ब्लॉक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल व खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के प्रतिनिधि के रामचन्द्र यादव, सहायक विकास अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आनंद सिंह, रविकांत चौहान, नरेंद्र गुप्ता, मुकेश निषाद, संजय चौरसिया, अनिल यादव, सोनी सिंह, राधिका यादव, सुनीता देवी, नेहा मिश्रा, आशा देवी आदि उपस्थित थे। धानापुर। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ व उपनिदेशक(पंचायत), वाराणसी मंडल, वाराणसी के माध्यम से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत ब्लाक धानापुर के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज हुआ। इसका उद्धाटन ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश सिंह धानापुर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, जानकारी को बढ़ाता हैं, समय समय पर होने वाले परिवर्तन से परिचित कराता हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके तहत क्षेत्र पंचायत का गठन, क्षेत्र पंचायत समितियों, क्षेत्र पंचायत विकास योजना (बीपीडीपी) तथा केन्द्रीय व राज्य वित्त की जानकारी प्रथम दिन दी गयी। प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के प्रतिनिधि के रूप में रामचन्द्र यादव उपस्थित रहे व प्रशिक्षण को सफल बनाने में अपना सम्पूर्ण सहयोग प्रदान की।

### कोहरे की मार, लगातार रद्द हो रही प्रमुख यात्री ट्रेनें



**डीडीयू नगर।** पूर्वांचल में सर्दी का सितम जारी है। पारा दिनों दिन लुढ़क रहा है। कोहरे की सबसे अधिक मार रेलवे पर पड़ी है। प्रमुख ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला जारी है। ऐसे में यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देश के नामचीन डीडीयू जंक्शन पर प्रतिदिन हजारों रेल यात्री पहुंचते हैं, ट्रेनों के रद्द होने से परेशान होना पड़ रहा है। यात्री ऐसी विषम परिस्थिति में मंगलवार की देर रात डीडीयू आरपीएफ यात्रियों की मददगार बनकर सामने आई है। कड़ाके की ठंड में आरपीएफ कर्मी पूरी रात स्टेशन का चक्रमण कर न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं बल्कि यात्रियों का हाल जान उनकी मदद भी कर रहे हैं। आरपीएफ के इस प्रयास की खूब वाहवाही हो रही है। कोहरे और ठंड के चलते ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। अधिकांश ट्रेनें या तो विलंब से चल रही हैं या उन्हें रद्द करना पड़ जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। डीडीयू आरपीएफ ने यात्रियों की मदद का जिम्मा उठाया है। पोस्ट प्रभारी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ कर्मी न सिर्फ यात्रियों की सहायता कर रहे हैं बल्कि भीड़ को सकुशल ट्रेनों में चढ़ा भी रहे हैं। ठंड की परवाह किए बगैर पूरी रात आरपीएफ का यह अभियान जारी है, जिसकी खूब सराहना हो रही है।

### बरहनीः धराशाई होगा अंग्रेजों के जमाने का विद्यालय भवन

**कंदवा।** ब्लाक संसाधन केंद्र बरहनी के सभागार मे बुधवार को भारी गहमागहमी के बीच परिषदीय विद्यालयों पर स्थित जर्जर व निष्प्रयोज्य भवनों की नीलामी प्रक्रिया सकुशल संपन्न हुई। कुल 13 जर्जर भवनों की नीलामी हुई सबसे ज्यादा बोली अंग्रेजों के जमाने के बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरहनी के लिए लगी निर्धारित 63367 रुपये से बोली शुरू होकर 1,91000 हजार तक पहुंच गई। इस भवन को लेने के लिए चार खरीदार आगे आए। विकास खंड बरहनी में कुल 27 परिषदीय विद्यालयों पर जर्जर निष्प्रयोज्य हो चुके भवनों के लिए नीलामी होनी थी। मंगलवार, बुधवार दो दिन नीलामी की तिथि निर्धारित थी। इसी क्रम मे बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर नीलामी की प्रक्रिया संपन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बरहनी रामआसरे की मौजूदगी मे कुल 13 भवनों की नीलामी हुई। सबसे ज्यादा बोली पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरहनी तो वहीं सबसे कम 16 हजार की बोली बगही परिषदीय विद्यालय के लिए लगी, जिसकी निर्धारित राशि 12 हजार थी। इस दौरान योगेश सिंह, आशीष दूबे, अमित, जयप्रकाश, जितेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# चहनियां ब्लॉक प्रमुख ने निजी खर्च से जलाया अलाव



**चहनियां।** विगत कई दिनों से ठंड में काफी इजाफा हुआ है। ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। किंतु प्रशासन द्वारा किसी भी चौराहे पर कोई अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। बुधवार की शाम को प्रमुख अरुण जायसवाल ने कस्बा में कई जगहों पर अलाव जलाया। वहीं जिलाधिकारी से वार्ता कर अलाव जलाने की मांग की है।

कड़ाके की ठंड में तहसील प्रशासन द्वारा कस्बों के चौराहे व वाहन स्टैंडों, सहित अन्य जगहों पर अलाव जलवाया जाता है। किन्तु इस बार कड़कड़ाती ठंडी के बावजूद तहसील प्रशासन से अलाव नहीं जलाया गया। लोगों द्वारा जानकारी मिलने पर ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने अपने निजी खर्च से चहनियां बाजार, पावर हाउस, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खुद अपने हाथों से अलाव जलाया। उन्होंने कहा कि बाजार में क्षेत्र व दूरदराज से खरीदारी करने आ रहे लोग ठंड के मारे कंपकंपा जा रहे है।

अलाव जलाने पर लोगों को राहत मिल जाता है।गर्मी का एहसास पा लेते थे। लेकिन इस बार तहसील प्रशासन द्वारा चौराहे व वाहन स्टैंड पर अलाव नहीं जलाये जाने पर लोग परेशान नजर आ रहे है। उन्होंने ने जिलाधिकारी से बात कर चहनियां विकास खंड क्षेत्र के बाजारों व गंगा नदी तट व वाहन स्टैंड पर अलाव जलाने के लिए मांग किया। इस दौरान पूर्व प्रधान सरिद्वार यादव, प्रधानपति सतीश गुप्ता, राकेश जायसवाल, रमेश पासवान, गणेश सिंह, सोनु सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तहसीलदार वंदना मिश्रा ने बकायेदारों से वसूले दस लाख

**धानापुर।** धानापुर विकासखंड क्षेत्र में बुधवार को तहसीलदार वंदना मिश्रा द्वारा चलाए गए। वसूली अभियान से बकायेदारों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार की टीम ने लगभग दर्जन भर बकायेदारों से दस लाख रुपये की वसूली की। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदारों में खलबली है। तहसीलदार वंदना मिश्रा के नेतृत्व में टीम क्षेत्र के बयानपुर से बिजली कर के बकाएदारों से वसूली की जबकि अटौली और महुजी में बैंक के बकायेदारों के साथ धानापुर, जिगना, ओदरा, बिशुनपुर में ईंट भट्ठों के रॉयल्टी देय तीस हजार की वसूली की। जबकि धानापुर के दो बड़े व्यापारियों से व्यापार कर की वसूली की गई। सकलडीहा तहसीलदार द्वारा बुधवार को कुल दस लाख रुपए की वसूली की गई। तहसीलदार वंदना मिश्रा ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान जारी रहेगा। राजस्व टीम में उमाशंकर सिंह,प्रमोद कुमार सिंह,अरुण उपाध्याय,काशीनाथ सिंह मौजूद रहे।

# एक दर्जन बालू ट्रैक्टर को प्रशासन ने किया सीज



भोजापुर के पास ओवरलोड वाहनों को रोककर कार्रवाई करते अधिकारी।

**सकलडीहा।** अपर जिलाधिकारी और एएसपी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को सुबह एसडीएम और सीओ ने भोजापुर रेलवे क्रासिंग के समीप अभियान चलाकर एक दर्जन ओवर लोड बालू ट्रैक्टर को बंद कर सीज करा दिया। संयुक्त रूप से प्रशासन की कार्रवाई से बालू कारोबारियों में खलबली मचा हुआ है।

शासन की ओर से कोहरा में हो रही दुर्घटना को रोकने के लिये मंगलवार की देर शाम बीसी के माध्यम से सीएम ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस क्रम में सुबह छ बजे से आठ बजे तक एडीएम और एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदौली और भोजापुर में एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय के देखरेख में अभियान चलाया गया। इस दौरान नईबाजार और चंदौली से आने वाले एक दर्जन बालू बोगा ट्रैक्टर को पकड़कर सीज करा दी गयी। सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारियों ने ओवर लोड वाहनों के खिलाफ देर शाम तक कार्रवाई में जुटे रहे। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि कोहरा में हो रहे दुर्घटना को रोकने के लिये लगातार अभियान चलाया जायेगा। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, एसआई शिवमणी त्रिपाठी, महफूज अहमद, मनेश शंकर द्विवेदी, शिव प्रसाद गिरी, खनन अधिकारी अरविंद यादव सहित अन्य पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

### साहूपुरी में भंडारे का हुआ आयोजन

**पड़ाव।** क्षेत्र के साहूपुरी स्थित बंद पड़े फैक्ट्री हरि फर्टिलाइजर के प्रांगण में तपस्वी संत आत्मानंद दास नेपाली बाबा के नेतृत्व में 14 वर्षीय अखंड सीताराम नाम जाप कीर्तन व प्रसाद वितरण एवं बुधवार के दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। विदित हो कि यह कीर्तन सीताराम का जाप 4 सितंबर 2017 से आरंभ हुआ है जो अनवरत 14 वर्षों तक चलता रहेगा वहीं इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महंत महामंडलेश्वर सुरेंद्र गिरी, महाराज रमेश दास, हंसराज, शिवाजी पटेल, शिवशंकर, हंसराज, सत्यनारायण, राकेश कुमार, संतोष जायसवाल, सत्येंद्र दास इत्यादि रहे।

## शारजाह वारियर्स के साथ हस्ताक्षर करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने मार्कस स्टोइनिस

**शारजाह।** अंतरराष्ट्रीय लीग ट्वेंटी 20 (आईएलटी20) की टीम शारजाह वारियर्स ने आक्रामक ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस से अनुबंध किया है। तैंतीस साल के स्टोइनिस टीम से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के पहले खिलाड़ी हैं। स्टोइनिस के जुड़ने से छह टीम की लीग की अंतरराष्ट्रीय अपील बढ़ेगी जिसमें यूएई के 24 क्रिकेटर भी होंगे। यह प्रतियोगिता अगले साल 13 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जाएगी। स्टोइनिस अभी बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेल रहे हैं और वे वारियर्स टीम में इंग्लैंड के उपकप्तान मोईन अली, क्रिस वोक्स, अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी और नामीबिया के जेजे स्मिट के साथ जुड़ेंगे।



# पांड्या का बड़ा बयान, मैच हारने में समस्या नहीं, मुश्किल हालात को महसूस करना महत्वपूर्ण

## पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर भी आशंकाओं को दूर करते हुए कहा, श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में जकड़न के कारण उन्हें थोड़ी देर के लिए मैदान छोड़ना पड़ा




**मुंबई।** भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा है कि अगर उनकी टीम कुछ मैच हार जाती है तो वह अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होंगे और सबसे महत्वपूर्ण चीज कठिन परिस्थितियों का सामना करना है जिससे टीम को बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर भी आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में जकड़न के कारण उन्हें थोड़ी देर के लिए मैदान छोड़ना पड़ा क्योंकि पिछली रात उन्हें अच्छी तरह नींद नहीं आई और उन्होंने पर्याप्त पानी भी नहीं पिया। दीपक हुड्डा (नाबाद 41) और अक्षर पटेल (नाबाद 31) ने छठे विकेट के लिए 68 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचाया। ये दोनों उस समय क्रीज पर उतरे जब भारत 94 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में था। भारत ने श्रीलंका को दो रन से हराया। पांड्या ने मैच के बाद कहा, हम कुछ मैच हार जाते हैं तो इसमें कोई समस्या नहीं है। मैं इस टीम को कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करना चाहता हूं क्योंकि इससे हमें बड़े मुकाबलों में मदद मिलेगी। द्विपक्षीय मुकाबलों में हम बहुत अच्छे हैं और इस तरह हम खुद को चुनौती देने जा रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो आज सभी युवा खिलाड़ियों ने हमें मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। कैच लेने के बाद पंड्या को थोड़ी देर के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा और कप्तान ने मजाकिया लहजे में कहा कि उन्हें लोगों को डराना अच्छा लगता है। पांड्या ने कहा, ह्यह्यह सिर्फ ऐंठन है। अब मुझमें लोगों को डराने की प्रवृत्ति है। मैंने अच्छी नींद नहीं ली और पर्याप्त पानी भी नहीं पिया इसलिए ऐंठन हो गई। मैं अस्वस्थ था और शरीर में तरल पदार्थ कम थे। शिवम मावी ने पदार्पण करते हुए प्रभावित किया। कप्तान ने इस तेज गेंदबाज की जमकर तारीफ की जिसने अपने पहले टी20 मैच में 22 रन देकर चार विकेट चटकाए। पंड्या ने कहा, बातचीत बहुत सरल थी, मैंने उसे (मावी) आईपीएल में अच्छी गेंदबाजी करते देखा है और मुझे पता है कि उसकी ताकत क्या है, बस अपना समर्थन करो और अपने खिलाफ शॉट लगने की चिंता मत करो। उन्होंने कहा, मैंने उसे बस गेंदबाजी करने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, मैं तुम्हारा समर्थन कर रहा हूं। यहां तक कि अगर तुम्हारे खिलाफ बड़े शॉट भी लगते हैं तो भी कोई दिक्कत नहीं। अगर यही स्थिति रही तो मैं नई गेंद से गेंदबाजी करूंगा पांड्या ने कहा, जब से मैं आईपीएल में लौटा हूं तब से नेट में नई गेंद से गेंदबाजी कर रहा हूं। मैंने गेंद को स्विंग कराना सीखा है। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा कि मेहमान टीम को मैच जीतना चाहिए था। शनाका ने कहा, यह हमारा मैच था। हमने जिस तरह मुकाबला समाप्त किया उससे बेहद निराश हैं। वानखेड़े में आपको जीत दर्ज करने के लिए बल्लेबाजों की आवश्यकता होती है। श्रीलंका के कप्तान ने कहा, मैंने मैचअप (निश्चित गेंदबाज बनाम बल्लेबाज का मुकाबला) का अच्छी तरह से उपयोग किया और यही कारण है कि हमने भारत को 162 रन पर रोक दिया।

यह अभी भी पहला मैच है और वे (बल्लेबाज) वास्तव में युवाओं का अच्छा समूह हैं, वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मावी ने कहा कि वह सीनियर भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए पिछले छह साल से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अंडर-19 वर्ग में खेलने के बाद छह साल से इंतजार कर रहा था। उन छह वर्षों में कड़ी मेहनत की-चोटिल भी हुआ। कुछ समय के लिए ऐसा लग रहा था कि मेरा सपना, सपना ही रहेगा। लेकिन मैं उस पर कायम रहा। मावी ने कहा, आईपीएल खेलने के बाद उतना नर्वस नहीं हूं। पावरप्ले में मेरा विचार आक्रमण करना और बल्लेबाजों को आउट करना था। पहला विकेट पसंदीदा था, बल्लेबाज को बोल्ड करना।

## अचानक वृंदावन पहुंचे अनुष्का शर्मा-विराट कोहली



विराट कोहली और अनुष्का शर्मा दुबई से नया साल मनाने के बाद भारत वापस लौट आए हैं। देश लौटते ही दोनों रिलीजियस टूर पर निकले हैं। हाल ही में दोनों को वृंदावन में स्पॉट किया गया। वृंदावन में दोनों नीम करोली बाबा के समाधि आश्रम पहुंचे। विराट- अनुष्का के मैनेजर ने बताया कि दोनों धार्मिक यात्रा पर हैं। विराट और अनुष्का ने इस दौरान मीडिया से दूरी बनाए रखी। जानकारी के मुताबिक आश्रम के अंदर करीब एक घंटे रहकर दोनों ने ध्यान लगाया। विराट और अनुष्का नीम करोली बाबा के बहुत बड़े भक्त हैं। पिछले साल भी दोनों उत्तराखंड के कैंची धाम में स्थित उनके आश्रम पहुंचे थे।

***आश्रम में ध्यान लगाकर लिया आशीर्वाद***

4 जनवरी की सुबह विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने वृंदावन के सुप्रसिद्ध नीम करोली बाबा के समाधि स्थल का दर्शन किया। इसके बाद दोनों मां आनंदमयी आश्रम रवाना हो गए। उनके इस कार्यक्रम को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया था।

# लाबुशेन ने सिगरेट पीने का इशारा कर लाइटर मंगाया

## पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 147/2, लाबुशेन का 14वां अर्धशतक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला बुधवार को सिडनी ग्राउंड पर शुरू हुआ। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। स्टंप्स पर उस्मान ख्वाजा 54 रन पर नाबाद लौटे। स्टीव स्मिथ भी नाबाद हैं। जबकि मार्नस लाबुशेन 79 रन बनाकर आउट हुए।

डेविड वार्नर 10 रन ही बना सके। मुकाबले के पहले ही दिन एक अनोखा वाक्या देखने को मिला। तब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन बल्लेबाजी कर रहे थे और हेलमेट का एक कपड़ा बार-बार उनकी आंखों के सामने आ रहा था। ऐसे में लाबुशेन ने ड्रेसिंग रूम की ओर देखकर सिगरेट जलाने का इशारा दिया। इसे देखकर ऐसा लगा कि वे सिगरेट मांग रहे हैं। सभी चौक गए। कुछ देर पता चला कि



वे हेलमेंट के उस कपड़े को जलाने के लिए लाइटर मांग रहे थे। उन्होंने हेलमेट के कपड़े को जलाकर फिर से बल्लेबाजी की।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने अपना 14वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 79 रन की पारी में 151 गेंदों का सामना किया। उनकी पारी में 13 बाउंड्री शामिल हैं।ऑस्ट्रेलिया को 12 रन के टीम स्कोर पर पहला झटका लगा। यहां डेविड वार्नर आउट हुए। वे महज 10 रन ही बना सके। वार्नर को नोर्त्या ने जानसन के हाथों कैच कराया। उसके बाद उस्मान ख्वाजा और लाबुशेन ने पारी को संभाला। साउथ अफ्रीका को 2 सफलताएं तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्या ने दिलाई। उन्होंने वार्नर के बाद लाबुशेन का विकेट लिया।

# सांतोस के कब्रिस्तान में हुआ पेले का अंतिम संस्कार

**सांतोस।** ब्राजील ने मंगलवार को पेले को अंतिम विदाई दी जब इस पूर्व महान खिलाड़ी को उस शहर के कब्रिस्तान में दफनाया गया जिसे उन्होंने दुनिया भर में पहचान दिलाई। नव नियुक्त राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने विला बेल्मिरो स्टेडियम में पेले के अंतिम दर्शन किए। पेले अपने करियर में अधिकांश समय इसी स्टेडियम में खेले। पेले का पिछले सप्ताह 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया और उन्हें सांतोस शहर में दफनाया गया। यह दिग्गज 15 साल की उम्र में सांतोस एफसी की ओर से खेलने के लिए शहर में आया था और फिर यहीं वह प्रसिद्ध हुए। पेले के पार्थिव शरीर को विला बेल्मिरो स्टेडियम से काले ताबूत में अग्निशामक वाहन में रखकर कब्रिस्तान ले जाया गया। इस दौरान बैंड ने टीम का आधिकारिक गीत और एक रोमन कैथोलिक गीत बजाया। सुनहरी रंग के कपड़े से लिपटे ताबूत के आने से पहले उपस्थित लोगों ने सांबा गाने गाए जो पेले को पसंद थे। हालांकि ब्राजील के कुछ दिग्गज फुटबॉलर वहां नहीं पहुंचे जिससे लोगों में नाराजगी थी। स्टेडियम के समीप बेकरी चलाने वाले 67 साल के क्लॉडियोनर एल्वेस ने पूछा, रोनाल्डो नजारियो कहां है? काका कहां है, नेमार कहां है? उन्होंने कहा, क्या उन्हें लगता है कि उन्हें पेले की तरह याद किया जाएगा? ये लोग अपनी छुट्टियां नहीं रोकना चाहते थे, यही समस्या है।

सत्रह साल की जियोवाना सरमेंटो ने पेले के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए तीन घंटे इंतजार किया। वह अपने पिता के साथ आई थी जिन्होंने पेले के नाम की ब्राजील की टीर्शट पहन रखी थी। जियोवाना ने कहा, मैं सांतोस की प्रशंसक नहीं हूं और ना ही मेरे पिता। लेकिन इस आदमी ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम को नई पहचान दी। उन्होंने सांतोस को मजबूत बनाया, उन्होंने इसे बड़ा बनाया, आप उनका सम्मान कैसे नहीं कर सकते? वह अब तक के




सबसे महान लोगों में से एक हैं, हमें उनका सम्मान करने की जरूरत है। पेले 1960 और 1970 के दशक में शायद दुनिया के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी थे। उन्होंने कई देशों के राष्ट्रपति और रानियों से मुलाकात की। नाइजीरिया में एक गृहयुद्ध को रोक दिया गया ताकि लोग उन्हें खेलते हुए देख सकें। ब्राजील के कई लोग देश को पहली बार विश्व मंच पर लाने का श्रेय पेले को देते हैं। स्टेडियम के एक गोल के पीछे पेले की 10 नंबर की जर्सी पंक्तियों में रखी गईं थी। स्टैंड का एक हिस्सा शोक मनाने वालों द्वारा रखे गए फूलों के गुलदस्ते से भर गया और इनमें से कुछ गुलदस्ते दुनिया भर के क्लबों और स्टार खिलाड़ियों ने भी भेजे थे जिसमें नेमार और रोनाल्डो भी शामिल हैं।

भीड़ में ज्यादातर स्थानीय लोग थे, हालांकि कुछ काफी दूर से आए थे। कई शोक मनाने वाले इतने छोटे थे कि उन्होंने पेले को खेलते हुए शायद ही कभी देखा हो।

फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेनटिनो ने पत्रकारों से कहा कि हर देश को एक स्टेडियम का नाम पेले के नाम पर रखना चाहिए। इंफेनटिनो ने कहा, मैं यहां बहुत अधिक भावनाओं, दुख के साथ आया हूं, लेकिन एक मुस्कान के साथ भी हूं क्योंकि उन्होंने हमें बहुत सारी मुस्कान दी हैं। फीफा की ओर से हम किंग को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और हम पूरी दुनिया से एक मिनट का मौन रखने के लिए कहते हैं। उनके दर्शन करने वालों में एक प्रशंसक और मित्र ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति गिलमार मेंडेस भी थे। मेंडेस ने पत्रकारों से कहा, यह बहुत दुखद क्षण है लेकिन अब हम इस महान खिलाड़ी का हमारे देश के लिए वास्तविक अर्थ देख रहे हैं।

# कोहली, रोहित शर्मा निभाएंगे विश्व कप 2023 में अहम भूमिका : गंभीर

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने कहा है कि अक्टूबर में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में विराट कोहली और रोहित शर्मा भारत के लिये अहम भूमिका निभायेंगे। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम रोड टू वर्ल्ड कप ग्लोरी पर एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के चयन को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि बीसीसीआई को सबसे पहले ऐसे खिलाड़ियों को पहचानने की जरूरत है जो निडर रवैये के साथ खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में हर तरह के खिलाड़ी की जरूरत होगी, ऐसे खिलाड़ियों की भी जो पिच पर टिककर खेल सकते हैं।



विश्व कप 2011 जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे गंभीर ने कहा, खिलाड़ियों की भूमिका बदलने से भी खेल पर प्रभाव पड़ा है। मुझे हमेशा लगता है कि जब हम इस नये रवैये के बारे में बात करते हैं, तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की पहचान करनी होगी जो उन भूमिकाओं या उस खाके को बहुत आसानी से अपना सकते हैं। कुछ लोग उस खाके के अनुकूल नहीं खेल सकते, इसलिये उन्हें एक निश्चित तरीके से खेलने के लिये धकेलने के बजाय सही खिलाड़ियों की पहचान करना और साथ ही टीम में सही मिश्रण हासिल करना बहुत जरूरी है।


गंभीर ने कहा, मुझे लगता है कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और वे सभी खिलाड़ी जो विकेट पर टिक सकते हैं और स्पिन को वास्तव में अच्छी तरह से खेल सकता है, वह आने वाले विश्व कप में बड़ी भूमिका निभाएंगे। गंभीर ने यह भी कहा कि भारत को एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस साल ज्यादा से ज्यादा वनडे क्रिकेट खेलना चाहिये। उन्होंने कहा, इस साल जरूर वनडे पर ध्यान देना चाहिये। तीन से ज्यादा प्रारूप खेलने वाले खिलाड़ी अगर ब्रेक लेना चाहें तो टी20 क्रिकेट से ब्रेक जरूर ले सकते हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट से तो बिल्कुल नहीं। उन्हें एक साथ खेलना है। मुझे लगता है कि पिछले दो विश्व कप में भारतीय क्रिकेट ने सबसे बड़ी गलती यह की है कि इन लोगों ने एक साथ पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेली है। मुझे बताओ कि हमने मैदान में कितनी बार सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारी है? हमने ऐसा नहीं किया, केवल विश्व कप के दौरान हमने सर्वश्रेष्ठ एकादश रखने का फैसला किया, लेकिन दुर्भाग्य से वह कभी भी सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं रही। इसलिए इन खिलाड़ियों को पर्याप्त सीमित ओवर क्रिकेट खेलनी होगी, खासकर 50 ओवरों के विश्व कप के लिये, भले ही वे टी20 या फिर आईपीएल से ब्रेक लेना चाहते हों। ब्रेक टी20 प्रारूप में होना चाहिये न कि 50 ओवरों में। अगर फ्रेंचाइजी को नुकसान उठाना पड़ता है तो यह ही सही।

## टीम इंडिया को दूसरे टी20 से पहले बड़ा झटका, स्टार खिलाड़ी हुआ चोटिल

**पुणे।** संजू सैमसन का गुरुवार को पुणे में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 मैच में खेलना संदिग्ध है। विकेटकीपर बल्लेबाज के घुटने में चोट लगी है और उसने भारतीय टीम के साथ पुणे नहीं गए हैं। वह स्कैन के लिए मुंबई में रुके हुए हैं। भारत ने मंगलवार को मुंबई में हुए सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। अब पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। संजू सैमसन को यह चोट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंकाई टीम पहले ओवर में डाइव लगाकर पकड़ने का प्रयास करने के कारण लगी है। हालांकि उन्होंने गेंद को पकड़ लिया लेकिन जमीन पर गिरने के बाद वह उनके हाथ से निकल गया। उन्होंने मैच में फील्डिंग जारी रखी। 13वें ओवर में भी उनके घुटने पर चोट लगी थी। उमरान मलिक की गेंद पर डीप पॉइंट पर गेंद रोकने के दौरान उनका घुटना जमीन पर फंस गया था।

# बॉलीवुड न्यूज

## 'तेरी मेरी डोरियां' में दीपिका-रणवीर से इंस्पायर्ड जोड़ियां दिखेंगी



**मुंबई।** स्टारप्लस का 'तेरी मेरी डोरियां' अपने बिग टेलीविजन प्रीमियर के लिए तैयार है और दर्शक मोंगा सिस्टर्स और बराड़ ब्रदर्स के बीच की अपोजिट लेकिन एक्साइटिंग केमिस्ट्री देखने के लिए अपना उत्साह नहीं रोक पा रहे हैं। जितना फिल्मी यह शो अपने ग्रैंड विजुअल्स और शानदार सेटअप की वजह से लग रहा है, वहीं शो को बॉलीवुड फील भी दिया गया है जो कि शो की जोड़िया के बीच दिखाई गई केमिस्ट्री में नजर आएगा और शो की शोभा बढ़ाता दिखेगा। मोंगा सिस्टर्स-बराड़ ब्रदर्स की जोड़ी हमें बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय जोड़ी दीपिका-रणवीर की याद दिलाती हैं। जैसा कि हम देखते हैं कि दीपिका पादुकोण बेहद शांत और शालीन हैं, वहीं रणवीर सिंह एनर्जी से भरपूर, उत्साही और क्रेजी हैं। ऐसे में जहां यह जोड़ी मेड इन हेवन है, वहीं स्टारप्लस ने हमें विश्वास दिलाया है कि 'तेरी मेरी डोरियां' की जोड़ियां भी कम नहीं हैं। अब तक, दर्शकों ने कई प्रोमो देखे हैं, और साहिबा की शांत आभा और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पृष्ठभूमि उन्हें दीपिका पादुकोण की याद दिलाती है, जबकि अंगद, जो एक रिच परिवार से हैं, जो रणवीर सिंह की याद दिलाते हैं। ये सीरीज पंजाब के बहुत ही खूबसूरत लोकेशन पर सेट है, एक ऐसी सेटिंग जो इसके साथ अद्वितीय रोमांस, उत्साह और ऊर्जा लाती है। तो स्टार प्लस पर तेरी मेरी डोरियां देखने के लिए हो जाइए तैयार जो हर दिन शाम 7 बजे टेलीकास्ट होगा।

## क्रिस गेथिन ने ऋतिक रोशन को बताया मेहनती



**मुंबई।** विक्रम वेधा' के साथ 2022 के बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक देने के बाद, ऋतिक रोशन ने भारत की पहली एरियल एक्शन एंटरटेनर 'फाइटर' की शुरूआत कर दी हैं। ऋतिक एक ऐसे एक्टर के रूप में जाने जाते हैं जो अपने कैरेक्टर की त्वाचा में उतर जाते हैं और जरूरत के मुताबिक फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन तक करने से नहीं चूकते। ऐसे में फाइटर के लिए भी उन्होंने अपनी बॉडी पर खूब काम किया हैं। एक्टर को इंटरनेशनल सेलिब्रिटी ट्रेनर क्रिस गेथिन के मार्गदर्शन में फिल्म के लिए 12 हफ्ते के भीतर बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा। बता दें, क्रिक दुनिया के नंबर 1 ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट में से एक हैं। हाल में उन्होंने अपने पॉडकास्ट पर ऋतिक रोशन को कड़ी मेहनत और अनुशासन के उदाहरण के रूप में पेश किया। अभिनेता के साथ अपने सफर के बारे में बात करते हुए क्रिस ने कहा कि ऋतिक के बारे में बहुत सारे लोग नहीं जानते कि वह वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं। मुझे याद है 2013 में मैनें ऋतिक के साथ काम किया था, और उन्होंने 7 महीने तक एक दिन की छुट्टी नहीं ली। उन्होंने अपना दिन रात खूब काम किया, कभी-कभी घंटों का पता ही नही चलता कि कब सुबह 4 बजे शुरू हुआ और शाम को 7 बजे खत्म हो जाता। क्रिस ने ऋतिक के साथ अपना पिछला ट्रेनिंग अनुभव भी याद किया। लाखों लोगों को अपने शरीर को बदलने में मदद करने वाले क्रिस ने ऋतिक रोशन की तारीफ करते हुए कहा कि डाइट और फिटनेस के मामले में भी उनकी कमिटमेंट काबिल-ए-तारीफ हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर क्रिस गेथिन ने कहा था, "क्या आप बहाने बनाते हैं या कमिटमेंट करते हैं? खाने के मामले में ज्यादातर लोग फेल हो जाते हैं। ऋतिक रोशन और मुझे यहां कुछ दिन पहले एक बिल्डिंग साइट पर मीटिंग के दौरान खाना खाते हुए क्लिक किया गया है। उन्होंने मिटिंग या बिल्डिंग स्थल को नहीं छोड़ा, उन्होंने सिर्फ अपनी कोल्ड मील खाया क्योंकि यह खाने का समय था (वह प्रतिदिन 6 और एक प्रोटीन शेक खाते हैं) क्योंकि वह अपने गोल्स के प्रति कमिटेड है।

## दस जनवरी को पठान का ट्रेलर होगा रिलीज



**इंदौर।** बहुत दिनों से प्रतीक्षित फिल्म पठान का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 10 जनवरी को सोशल मीडिया पर रिलीज किया जाएगा! यह खबर सुनकर प्रशंसक और दर्शक निश्चित रूप से उत्साहित हो जायेंगे क्योंकि लोग पठान के ट्रेलर के लिए तभी से मांग कर रहे हैं जब से यशराज फिल्म्स ने एज ऑफ सीट विजुअल एक्सट्रावेगैंजा का टीजर रिलीज किया था। एक ट्रेड सोर्स से पता चला है की, "10 जनवरी को पठान का ट्रेलर रिलीज हो रहा है, इस तारीख को मार्क कर लीजिए।! यह टीजर इंटरनेट पर तहलका मचा देगा। तो, ट्रेलर की वजह से मेल्टडाउन के लिए तैयार रहिए! विजुअली स्टनिंग ट्रेलर बड़े पैमाने पर एक्शन एंटरटेनर प्रेमियों के लिए एक उत्सव है। इस ट्रेलर में शानदार एक्शन सेट हैं जिन्हें देखते ही आप वाह-वाह करने लगेंगे। पठान एक ट्रू ब्लू थिएट्रिकल इवेंट फिल्म है और इसके ट्रेलर से ये साबित हो जाएगा। सूत्रों ने आगे बताया यश राज फि ल्म्स हमेशा से फिल्म की रिलीज के दो हफ्ते पहले ट्रेलर को लॉन्च करना चाहते थे। वो फिल्म के इर्द-गिर्द दिलचस्पी पैदा करना चाहते थे जिससे ट्रेलर के लिए अधिक अपेक्षा और हिस्टीरिया पैदा हो जाए। उन्होंने अच्छा काम किया है। इससे लंबे समय तक पठान सबसे हॉट फिल्म बनी रहेंगी और यह ट्रेलर में देरी करने की स्पष्ट रणनीति है जिससे पठान के लिए चारों ओर हलचल हो। पठान को भारत की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बताया जा रहा है, जिसे दर्शकों ने कभी भी बड़े पर्दे पर नहीं देखा होगा। यश राज फिल्म्स का शानदार एक्शन शो पठान आदित्य चोपड़ा की महत्वाकांक्षी स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और इसमें देश के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम शामिल हैं।

# शीत लहर का प्रकोप जारी, नहीं हुए भगवान भास्कर के दर्शन

**कहर**

**लकड़ी के अभाव में लोग कुर्सियां व गत्ता जलाकर ठंड से पा रहे निजात**

**24 घंटे में हवा सामान्य गति से पछुआ चलने और औसत तापमान सामान्य से नीचे रहने का अनुमान**

**कोचिंग जाने वाले छात्र ठंड में ठिठुरकर जा रहे हैं पढ़ने**



भीषण ठण्ड में अलाव के सहारे लोग

**जौनपुर।** जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने लोगों के जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। वहीं भगवान भाष्कर के न दिखाई देने से लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ गयी हैं। उधर मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक ठंड का ये प्रकोप जारी रहेगा।

जिले में कई दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दो-तीन दिन से सर्दी और बढ़ने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कड़ाके की सर्दी का सितम जारी रहा। इससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लिया। दिन भर लोग अलाव के पास इकट्ठा रहे। मौसम विभाग के मुताबिक अभी शीतलहर से राहत नहीं मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने अगले 24 घंटे में हवा सामान्य गति से पछुआ चलने और औसत तापमान सामान्य से नीचे रहने का अनुमान लगाया है। ठंड का कहर अब लोगों पर मुसीबत बनकर टूट रहा है। लकड़ी के अभाव में लोग कुर्सियां व गत्ता जलाकर आग सेकते देखे जा रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है। कोचिंग पढ़ने जाने वाले छात्र ठंड में ठिठुरते देखे जा रहे हैं। जगह-जगह नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। अब लकड़ी के अभाव में लोगों को जो भी मिल रहा है उसे जलाकर लोग ठंड भगाते दिख रहे हैं। कोचिंग सेंटरों पर छात्र कांपते हुए पहुंच रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच शहर में अलाव की व्यवस्था चरमरा गई है। शहर में बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन समेत कुछ प्रमुख स्थानों को छोड़ अन्य चिह्नित जगहों पर अलाव बुझ गए हैं। इसकी वजह से आवाजाही करने वालों को भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक शीतलहर से अभी राहत नहीं मिलने के आसार नहीं हैं।

# खिलाड़ियों ने कुलपति को सौंपी ट्राफी



**जनसंदेश न्यूज**

**सरायख्वाजा।** बुधवार को कुलपति सभागार में खेलकूद परिषद के अध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार पाठक एवं सचिव प्रो. ओम प्रकाश सिंह तथा अन्य सदस्यों द्वारा पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्राप्त ट्राफी कुलपति को भेंट किया गया। एपीएस विश्वविद्यालय रीवां म.प्र. द्वारा पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय क्रिकेट महिला एवं बैडमिन्टन पुरूष प्रतियोगिता में विजेता एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय हाकी पुरूष प्रतियोगिता में विजेता एवं हाकी महिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलपति द्वारा खेलकूद परिषद की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनायें दी। उक्त अवसर पर कुलसचिव महेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, डॉ. विजय कुमार सिंह अध्यक्ष शिक्षक संघ, डॉ. राहुल सिंह महामंत्री शिक्षक संघ, प्रो. शेखर सिंह पूर्व संयुक्त सचिव, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, बबिता सिंह सहायक कुलसचिव, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ. राजेश सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक अल्का सिंह चौहान, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रसूता ने एम्बुलेंस में नवजात शिशु को दिया जन्म



**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी अंतर्गत स्थित मवई गांव निवासी एक प्रसूता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाते समय बीच रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव कराया। महिला ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा को पीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

मवई गांव की 24 वर्षीय ममता चौहान पत्नी अनिरुद्ध चौहान गर्भवती थी। बुधवार की सुबह लगभग साढ़े छः बजे प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजन ने एम्बुलेंस पर काल करके बुलवाया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिवाकर पाठक के साथ चालक सतीष चन्द्र सक्सेना एम्बुलेंस लेकर प्रसूता के घर पहुंचे। परिजन के साथ प्रसूता को एम्बुलेंस से लेकर पीएचसी सोंधी ले जा रहे थे। बीच रास्ते में ही महिला को बुधवार की सुबह तड़के साढ़े छः बजे तक प्रसव पीड़ा बढ़ने से हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में चालक ने एम्बुलेंस रोक दी।

एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी दिवाकर पाठक ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद महिला व नवजात शिशु को पीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद महिला को परिजनों संग घर भेज दिया गया। सुरक्षित प्रसव पर परिजनों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कुएं में गिरकर किशोरी की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव जलाया**

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली के मतरी गाँव में एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में कुँए में गिर पड़ी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को जला दिया।

उक्त गाँव निवासी विजय यादव की पुत्री आसमा यादव 14 वर्ष मिर्गी रोग से पीड़ित थी। परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह वह खेत मे गेंहू की सिंचाई कर रही थी। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और खेत के बगल स्थित कुँए में गिर पड़ी। परिजनों और ग्रामीणों ने जब तक उसे कुँए से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को कुँए से निकालने के बाद परिजनों ने किशोरी के शव को जला दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि ऐसी किसी घटना की जानकारी पुलिस को नहीं मिली है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सत्यापन समिति की बैठक



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि केराकत तहसील के 11 जाति प्रमाण पत्र व सदर तहसील 51 प्रमाण पत्रों पुनः जॉच राजस्व कर्मियों से करायी जाय। जॉच में अनिवार्य रूप से शासनादेश में वर्णित अभिलेखों यथा फसली - 1359, 1356, कुटुम्ब रजिस्टर की नकल, शैक्षिक संस्थाओं की टीसी, जनगणना 2011, 2001 आदि में यदि उस ग्राम में अनु. जनजाति/अनु. जाति की संख्या दर्शायी गयी है के दृष्टिगत तथ्यात्मक जॉच करते हुये जॉच आख्या समाज कल्याण विभाग जौनपुर को प्रस्तुत करें। तहसील केराकत सभी प्रकरणों में तहसीलदार केराकत द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के सम्बन्ध में तहसीलदार केराकत से स्पष्टीकरण उपलब्ध लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील सदर के कुल 51 अनु. जनजाति के जारी प्रमाण पत्र को तहसीलदार सदर द्वारा दिये गये आख्या के क्रम में निर्देशित किया गया है कि तहसीलदार सदर द्वारा कारण बताओ नोटिस व स्पष्टीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है कि उक्त सन्दर्भित प्रमाण पत्र किस आधार पर जारी किये गये थे, अब किसी आधार पर इसे निरस्त किये जाने हेतु आख्या उपलब्ध करायी जा रही है। संदर्भित प्रकरण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को प्रकरण की जाँच किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी केराकत व सदस्य सचिव/जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शशि शेखर उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ठंड से युवक की मौत



मृत युवक के शव पर विलाप करते परिजन

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के बंदनपुर गांव में बुधवार को ठंड की चपेट में आकर एक युवक ने दम तोड़ दिया। स्वजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर शव का अंतिम संस्कार सुतौली घाट पर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 42 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद वर्मा बुधवार की सुबह घर से सीवान की तरफ शौच के लिए गया था। वापस लौटते समय खेत में ही गिर कर छटपटाने लगा। गांव वाले उसे उठाकर घर लाये। उन्होंने सीने और पेट में तेज दर्द बताया। स्वजन उन्हें उपचार हेतु जौनपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### पिलर को तोड़कर सरिया चुरा ले गए चोर

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में एक अजीबो गरीब चोरी की वारदात हो गयी। विद्यालय बनाने के लिए ढ़ाले गए 9 पिलर को तोड़कर उसमें लगी हुई सरिया को चोर चुरा ले गए। पूर्वांचल इंटर कॉलेज कुरेथू में मंगलवार की रात किसी समय पहुंचे चोर पिलर से सीमेंट तोड़कर सरिया काट कर उठा ले गए। विद्यालय प्रबंधक रामबृज सिंह ने पुलिस को सूचना दी है। एक अन्य घटना में थाना क्षेत्र के गजना गांव बाजार में स्थित बृजेश यादव की दुकान में दीवार फांद कर घुसे चोर दुकान में रखे ग्यारह हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस देर तक जांच में जुटी रही।

### आयरन स्टोर की दुकान में चोरी

**चंदवक।** थाना क्षेत्र के बजरंग नगर चौकी से करीब पांच सौ मीटर दूर अइलिया के पास एक आयरन स्टोर के बाहर रखा सामान चोर बीती रात उठा ले गए। सामानों की कीमत लाखों में बतायी जा रही है। दुकान मालिक सचिन कुमार जायसवाल ने बताया कि दुकान के बाहर 17 सालों से सरिया, सीमेंट सीट सहित अन्य सामान बाहर रखा रहता है। सुबह देखा तो वहां पर सामान गायब था। तत्काल बजरंग नगर चौकी पर तहरीर देकर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। सालों से दुकान के बाहर सामान रखा जा रहा था लेकिन ऐसी घटना कभी नहीं घटी।

### 20 हजार का इनामिया गिरफ्तार



**जौनपुर।** अजय कुमार साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जलालपुर मय हमराह द्वारा वांछित व 20 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त रोशन बिन्द पुत्र रामबक्श बिन्द निवासी बशीरपुर थाना सरायख्वाजा को मुखबिर की सूचना के आधार पर जेसीज चौराहा शाहगंज बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

# चोरी की सात बैटरी के साथ दो गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



बैटरी के साथ गिरफ्तार आरोपी और पुलिस टीम

**गभिरन।** तिघरा बाजार तिराहे पर बुधवार की भोर गश्त के दौरान पुलिस ने सात बैटरी के साथ दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने वाहनों से बैटरियां चुराकर बाजार में बेचना कबूल किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सात बैटरियां बरामद की। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद दोनों को चालान न्यायालय भेज दिया गया। सीओ शाहगंज चोब सिह ने बताया कि भोर में उक्त तिराहे पर उप निरीक्षक राजित राम यादव व हमराहियों संग गश्त कर रहे थे तभी दो युवक वहां खड़े वाहनों के बीच दिखाई दिए। पास बुलाने पर वे भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ की गई तो एक ने अपना नाम विवेक कुमार गौतम और दूसरे ने अतुल कुमार गौतम बताया। दोनों इसी थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव के निवासी निकले। उन्होंने गाड़ियों से बैटरी निकालकर बाजार में बेचना स्वीकार किया। निशानदेही पर दोनों के घरों से चोरी की सात बैटरियां बरामद की गई।

# मारपीट में मां और तीन बेटियां घायल

**खेतासराय।** क्षेत्र के सोंगर गांव में बुधवार को मां के खाते से पैसा निकालने के विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया जिसमें बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी और तीन बेटियों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का पीएचसी सोंधी में मेडिकल जांच कराया। पीड़ित दीपचंद का आरोप है कि उसकी वृद्ध मां के खाते से दो हजार रुपए निकाल लिए गए। बड़ा भाई सुरेंद्र अपने छोटे भाई दीपचंद के परिवार पर रुपए निकलवाने का आरोप लगाने लगा। इस पर दोनों भाइयों के परिवार में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के दौरान सुरेंद्र ने 40 वर्षीय अनीता पत्नी दीपचंद और उसकी बेटियां 18 वर्षीय सोनी, 16 वर्षीय नेहा और 13 वर्षीय आंचल की पिटाई कर घायल कर दिया।

# अज्ञात बीमारी से दस बकरियां मरीं



**जफरबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के राजेपुर रामेश्वरम गांव में गुरुवार को अज्ञात बीमारी से दस बकरियों की मौत हो गयी। पूरे गांव में हाहाकार मच गया। गांव के किसान काफी चिंतित हैं। उक्त गांव निवासी हुबलाल पाल तथा गजराज पाल की दर्जन भर बकरियां चरने गयी थी। अचानक चरते चरते बकरियां गिर गयीं और उनके मुंह से झाग निकलने लगा। लोगों ने तत्काल चिकित्सक को बुलवाया। जलालपुर पशु चिकित्सक डॉ. संजय पांडेय तत्काल मौके पर आकर उपचार शुरू कर दिये। हालांकि उपचार के पहले ही दस बकरियां मर चुकी थीं। दो बकरियों को बचा लिया गया है। डॉ. पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ठंड से मौत का लग रहा है।

# सौ दिन तक होगा गरीबों का निःशुल्क ऑपरेशन व उपचार

**जनसंदेश न्यूज**

**गुड न्यूज**

**लक्ष्मी नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज आरा में चिकित्सक ने की घोषणा**

**छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**



वार्षिकोत्सव समारोह को सम्बोधित करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि

**करंजाकला।** करंजाकला ब्लॉक के आरा राजपत नगर के लक्ष्मी नर्सिंग कॉलेज वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें भाजपा नेता व चिकित्सकों ने सौ दिन करंजाकला ब्लॉक के लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन व उपचार का संकल्प दिलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया।

आरा के राजपत नगर लक्ष्मी नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज का वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार मम्मन ने कहा कि स्वास्थ सेवा बड़ा धर्म है। डॉक्टर धरती के दूसरे भगवान के रूप होते हैं। चिकित्सा सेवा में भी छात्र-छात्राएं अपने जिले प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं और देश के कोने कोने में स्वास्थ सेवा दे रहे हैं। इस कॉलेज से भी भारी संख्या में चिकित्सक निकलेंगे और जनहित मे काम करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव ने कहाकि इस नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया है जिसके चलते दूरदराज लोगों को पढ़ने नहीं जाना पड़ता। ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा मुहैया कराई गई है जो काबिले तारीफ है।

इस दौरान अतिथियों के समक्ष कॉलेज के प्रबंधक डॉ. संदीप मौर्य ने संकल्प लिया कि वह कुत्तुपुर स्थित अपने लक्ष्मी हास्पिटल से करंजाकला ब्लॉक के सभी जरूरतमंदों गरीबों का 100 दिन तक ऑपरेशन, भर्ती, ओपीडी उपचार बिल्कुल मुफ्त करेंगे। सिर्फ जांच व दवा का भुगतान उन्हें वहन करना होगा जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस दौरान पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं ने ग्रुप डांस, नाटक, डबल डांस, गीत संगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसकी लोगों ने काफी सराहना की। इस अवसर पर श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. केसी मौर्य, डॉ. महेंद्र प्रताप, सुशील सिंह, राकेश यादव, अनिल यादव, रमेश यादव, गुलाब पांडे मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में महिला जख्मी

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के कुसिया बहार गांव में जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला सहित उसके पुत्र को पीटकर जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अखिलेश बिन्द और पड़ोसी हरिश्याम बिन्द के बीच जमीन सम्बन्धी विवाद चल रहा था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर नन्हे लाल, रमई, गुड्डी और अनीता लाठी डण्डा लेकर अखिलेश के परिवार वालों पर हमला बोल दिया जिसमें अखिलेश की पत्नी केवला तथा पुत्र विनोद गम्भीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित पक्ष द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। पुलिस मामले में घायलों का उपचार कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



# सीडीओ के साथ डीएम ने किया सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण



कार्य का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के साथ शिवापार स्थित चौरा माता मंदिर के पास पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका संतोष मिश्रा को निर्देशित किया कि खाली स्थान पर मिट्टी डालकर उसे लेबल किया जाए और शौचालय का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए।

एपीएम यूपी पीसीएल विनय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि यहां पर तीन तल का गेस्ट हाउस जिसमें 12 कमरा, रेस्टोरेंट तथा टूरिज्म सेंटर, लाइब्रेरी रूम, बच्चों के खेलने का मैदान, पार्क स्थापित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यह कार्य जल्द से जल्द किया जाए, जिससे आने जाने वाले पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध हो सके। उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि अतिक्रमण करने वालो को हटाया जाये और उचित स्थान पर व्यवस्था किया जाय। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएचसी पर ठंड में ठिठुरने के लिए लोग मजबूर, नहीं जल रहा अलाव

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** इस कड़ाके की सर्द लहर में जहां शासन प्रशासन अलाव जलाने के लिए जिम्मेदारानों को निर्देश दे रखा है, वहीं स्थानीय सीएचसी मानों उक्त मामले में अपने को परे रखे हुए है। आलम यह है कि इस कड़ाके की सर्द लहर में जहाँ लोग गर्म कपड़ों से लदे घर में दुबककर अपने को ठण्ड से बचाने में लगे हुए हैं, वहीं बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर आने वाले मरीज और तीमारदार वहाँ अलाव के अभाव में ठण्ड से ठिठुरते नजर आए। लोग अलाव को लेकर सीएचसी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आये। सीएचसी पर आने वाले बरौद निवासी जोखन राम ठण्ड लगने की दुहाई देते हुए अलाव की व्यवस्था न होने पर जहाँ नाराजगी जताई वहीं सुइथाकला निवासी रामदवर शासन प्रशासन को कोसते नजर आये। मामले में जब खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव से सम्पर्क साधा गया तो उन्होंने काल रिसीव करना उचित नहीं समझा। जबकि चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव अलाव का कोई मद न होने का हवाला देते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था दो दाईयों पर छोड़ रखने की बात बताई। उन्होंने बताया कि रोज जलाया जाता है, आज नहीं जला होगा। बहरहाल स्थानीय सीएचसी पर अलाव की व्यवस्था न होने के कारण मरीज और तीमारदार कड़ाके की सर्द लहर में ठिठुरते नजर आये। सूत्रों की मानें तो अभी तक सीएचसी अलाव की कोई भी व्यवस्था नहीं है।



## रात्रि भ्रमण कर जरूरतमंदों को बांटा गया कम्बल


जरूरतमंद को कम्बल देते भाजपाजन

**शाहगंज।** भीषण ठंड में भाजपाजनों ने रात्रि भ्रमण कर जरुरत मंदो को कम्बल प्रदान किया। कम्बल पाकर ठंड से कपकपा रहे लोगों के चेहरे खिल उठे। भाजपा के रुपेश जायसवाल के नेतृत्व में नगर के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर ठिठुरते लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस पहल में भाजयुमों के महामंत्री धीरज पाटिल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जयसवाल, नीतिन अग्रहरि व सामाजिक संस्था जेसीआई शिखर के कई सदस्य भी सम्मिलित थे। रोडवेज परिसर में बनें रैन बसेरा, रेलवे स्टेशन, मुख्य मार्ग, घासमंडी चौक, एराकियाना, कोतवाली चौक, विवेकानंद तिराहा आदि स्थानों भ्रमण कर सैकड़ों कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान रुपेश जायसवाल ने कहा कि सरकार नगरपालिका व जिला प्रशासन ठंड से बचाव हेतु जुटी हुई है। हालांकि प्रत्येक व्यक्ति को भी सर्द मौसम में मददगार बनना चाहिए। लोग आगे बढ़ कर कम्बल व गर्मी के कपड़े वितरित करे।

## पुण्य के परिणाम से मानव जीवन की होती है प्राप्ति


श्रीराम कथा सुनाते वशिष्ठ महाराज

**महराजगंज।** क्षेत्र के सवंसा स्थित हनुमान मंदिर पर चल रहे श्री राम मानस कथा के कथा वाचक वशिष्ठ महाराज ने लंका कांड के महत्ता को बताते हुए कहाकि जिस समय रावण की आत्मा निकली उसमें से भी श्री राम का ही नाम निकला। रावण के स्वार्थ व अहंकार ने रावण की लंका को नष्ट कर दिया। इसलिए मनुष्य को जीवन में कभी अहंकार नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहाकि जिस प्रकार रावण ने अंतिम में राम का नाम लिया वह तर गया उसी प्रकार मानव जीवन में यदि राम नाम आ जाये तो जिंदगी तर जाएगी। कथा के अंत में महाराज ने कहाकि श्रीराम का पिता के प्रति आदर व लक्ष्मण के भाई के प्रति प्यार इंसान को बहुत कुछ सिखाता है। हमें अपने बच्चों को भी ऐसे संस्कार देने चाहिए। जीवन में मर्यादा का होना आवश्यक है। वेदों का ज्ञाता रावण अगर मर्यादा लांघकर सीता माता का हरण न करता तो शायद उसका वध न होता। उन्होंने कहा कि राम हमारी संस्कृति हैं। हमें अपने बच्चों को उनके आदर्शों व संस्कारों के बारे में बताना चाहिए, ताकि वे संस्कारवान बनकर अनुशासन में रहें। इस दौरान कथा आयोजन समिति में पुजारी श्यामशंकर उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह, केवटली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश सेठ, उदयपाल सिंह, शीतला मौर्या, राहुल मिश्रा, राजीव सिंह, रामआसरे पाण्डे, ओमकार सिंह, ज्वाला प्रसाद, ओमकार सिंह, भोला प्रसाद सेठ, शिवपूजन सेठ, सूरज सिंह सहित आदि सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### कानपुर को पराजित कर जेसीएफ जौनपुर सेमीफाइनल में

**जौनपुर।** राज्य स्तरीय यादवेश क्रिकेट मेले में खेले गए मुकाबले में जेसीएफ जौनपुर की टीम ने कानपुर को 80 रन से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेसीएफ जौनपुर की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए संदीप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन का योगदान दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम 99 रनों पर सिमट गई। अनुज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच संदीप रहे। मैच के अंपायर मोहम्मद अनीस और संदीप सिंह रहे। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर हरिओम निगम रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अमरीश उपाध्याय के द्वारा दिया गया।

### सुरियावां रेलवे स्टेशन पर नही है ठहरने की व्यवस्था

**सुरियावां।** इन दिनों कड़कड़ाती ठंड में सुरियावां रेलवे स्टेशन पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं है। प्लेटफार्म नंबर दो पर एक हैंडपंप लगा था वह गत सप्ताह से पानी नहीं दे रहा है, बिगड़ा हुआ है, पेयजल की दिक्कत है। दूसरी तरफ इस शीतलहर में देखा जाए तो लोकमान्य तिलक से गोरखपुर जाने वाली काशी एक्सप्रेस ट्रेन 10.35 समय था 3.22 पर सुरियावां आई जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। इस संबंध में यात्रियों ने बताया कि शुरू से ही ट्रेन लेट चल रही थी, इसमें हम लोगों को काफी परेशानी हुई अपने घर समय से नहीं पहुंच पाए और बाकी जो ट्रेनें हैं बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन यह भी 10.20 मिनट के अंतर से लेट चली है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 15 मिनट इस तरह से बाकी और ट्रेनों की हालत करीब-करीब ठीक रही है स्टेशन पर कोई यात्री विश्राम स्थल नहीं है। इससे लोग स्टेशन पर आते हैं देर हो जाती है तो अपने घर फोन करके साधन बुलवाकर घर चले जाते हैं रात्रि में ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में स्टेशन मास्टर संदीप कुमार ने बताया कि केवल लोकमान्य तिलक से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन ज्यादा विलंब से आई है बाकी ट्रेनों में बहुत खास अंतर नहीं है। सफाई व्यवस्था के लिए कोई सरकारी सरकार के तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है जिससे प्लेटफार्म पर जगह-जगह गंदगी रहती है। सप्ताह में प्राइवेट आदमियों से निजी खर्चे से सफाई कराई जाती है।

### सीएमओ ने किया इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सन्तोष कुमार चक व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बुधवार को इमरजेंसी कक्ष का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ व एसीएमओ के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी कक्ष में फार्मासिस्ट डॉ. असलम अंसारी व स्वास्थ्यकर्मी आलोक पांडेय एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहें।

### काव्य गोष्ठी आज

**ज्ञानपुर।** साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में आज हनुमत निकेतन पुरानी बाजार ज्ञानपुर में नव वर्ष के स्वागत में दोपहर 12 से काव्य गोष्ठी संपन्न होगी। यह जानकारी हिंदी साहित्य परिषद के सचिव डॉ सुरेश पांडेय मंजुल ने दी है।

### चुनाव छह जनवरी को

**ज्ञानपुर।** राजस्व संग्रह अमीन संघ उत्तर प्रदेश के जिलामंत्री विद्याधर चौबे ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिला कार्यकारिणी का चुनाव 6 जनवरी को प्रातः11बजे से तहसील ज्ञानपुर में आहूत की गयी है। बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ में प्रांतीय अध्यक्ष महामंत्री द्वारा जनपद एवं मण्डलो की कार्यकारिणी का गठन कराकर प्रांतीय नेतृत्व को अविलम्ब निर्देश दिये है।

### भीषण ठंड में अलाव जलाने की उठी आवाज

**भदोही।** नगर के कई मोहल्ले में अलाव नहीं जलाए जा रहे हैं जिसको लेकर मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। वार्ड नंबर 25 के निवासियों ने अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मस्जिद के पास अलाव जलाने की मांग की ताकि आने जाने वाले राहगीरों समेत नमाजी ठंड से बच सके। मांग पत्र देने वालों में तारिक, नुरैन, सलमान, चांद बाबू, नसीम अहमद, आरिफ, हाफीज जी, मोनू समेत लोग शामिल रहे।

# दंगल का हुआ आयोजन, भीषण ठंड में भारी संख्या पहुंचे लोग

**आयोजन**

**लकी थापा ने ठाकुर जल्लाद पहलवान को किया चित**

**महिला पहलवानों ने की जोर आजमाइश**


पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारम्भ करते अतिथिगण

**खेतासराय।** क्षेत्र के उसरहटा स्थित आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की दोपहर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे गैर प्रान्तों से आये हुए पहलवानों ने हिस्सा लिया। भीषण ठंड में कुश्ती देखने के लिए देर शाम तक लोग जमे रहे।

उद्घाटन मुकबला जौनपुर के भोलू पहलवान व दिल्ली के सोनू पहलवान के बीच कुश्ती हुई जिसमें टक्कर के बाद मुकाबला बराबर का हो गया। दूसरा मुकाबला काठमांडू नेपाल से आये पहलवान लकी थापा व हरियाणा से आये हुए जल्लाद पहलवान से सीधी टक्कर हुई जिसमें कड़ा मुकाबला देते हुए थापा ने जल्लाद पहलवान की चित कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं महिला पहलवानों ने भी अपना करतब दिखाया। कानपुर से आयी महिला पहलवानों की टक्कर सोनीपत हरियाणा की पहलवान ब्यूटी से टक्कर हुई जिसमें हरियाणा की पहलवान ने कानपुर की पहलवान को पटखनी दी और मुकाबला अपने नाम किया। इसी क्रम में कश्मीर से आये रियाजुद्दीन पहलवान का मुकाबला काशी के गोपी पहलवान के बीच हुआ जिसमें कश्मीरी पहलवान ने कांटे का मुकाबला अपने नाम किया। एक से बढ़ कर एक मुकाबला दर्शकों को देखने को मिला। भीषण ठण्ड में देर शाम तक दर्शक कुश्ती देखने के लिए डटे रहे। दंगल का उद्घाटन सपा नेता सैय्यद उरूज ने फीता काटकर अखाड़े के दोनों पहलवानों को हाथ मिलाकर किया। इस अवसर पर मिर्जा अजफर बेग, प्रधान नदीम अहमद, नोमान अहमद, खुर्शीद अनवर खान, वसीम अहमद चेयरमैन, सरफराज अहमद, अबु सहमा, गुफरान अहमद, प्रधान मो. खालिद आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दंगल के आयोजक कमाल खान ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# पोप का जाना सम्पूर्ण विश्व के लिए अपूर्णीय क्षति : फादर पी विक्टर

**शोक**

**आत्मा की शांति के लिए विद्यालय में प्रार्थना-सभा का आयोजन**


पोप को श्रद्धांजलि अर्पित करता विद्यालय परिवार

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में दिवंगत निवर्तमान पोप वेनिडिक्ट सोलहवें की याद में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिनका देहावसान 31 दिसम्बर 2022 को वेटिकन सिटी में हुआ था। दिवंगत पूर्व पोप के अंतिम शब्द थे 'ईश्वर मैं आप से प्रेम करता हूँ'। उनका जन्म 16 अप्रैल 1927 ई को मार्कटल, जर्मनी में हुआ था। 19 अप्रैल 2005 से 28 फरवरी 2013 तक आपने पोप के रूप में कैथोलिक चर्च के प्रमुख की भूमिका निभाई। उनकी स्मृति में आज के दिन सम्पूर्ण विश्व में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सेंटजॉन्स स्कूल के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना-सभा में गिरीश गुप्ता द्वारा दिवंगत पूर्व पोप के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। दीप्ती कश्यप ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किया। समीना फारूकी ने पवित्र ग्रन्थ का पाठ किया। सुनीता दुबे ने दिवंगत पोप के अंतिम शब्द 'लार्ड आई लव यू' पर विचार प्रकट करते हुए पोप के ईश्वरानुराग को दर्शाया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पूर्णिमा पाठक ने प्रार्थना किया। दीप्ती कश्यप के नेतृत्व में अध्यापिकाओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भजन गाया। प्रार्थना-सभा के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने दिवंगत पूर्व पोप की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया और कहाकि निवर्तमान पोप वेनेडिक्ट सोलह ने अपना सम्पूर्ण जीवन धर्म की सेवा में अर्पित कर दिया था, उनका जाना कैलिसिया एवं सम्पूर्ण विश्व के लिए अपूर्णीय क्षति है। पोप वेनिडिक्ट सोलहवें ने जर्मनी में रहते हुए नाजी विचारधारा के अत्याचार एवं दर्द को देखा और सहा था इसलिए जीव मात्र के प्रति करुणा एवं दया की विशेष भाव-धारा आपके हृदय में सदा प्रवाहित होती रहती थी। उनका जीवन कैलिसिया के साथ-साथ दीन दुखियों के लिए अर्पित रहा। उनके सम्मान में कैथोलिक चर्च द्वारा संचालित विश्व भर के समस्त स्कूल एवं कॉलेज कल 5 जनवरी को बंद रहेंगे। इस विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर दिवंगत निवर्तमान पोप को पुष्पांजलि अर्पित किया।

# विकास कार्य की जांच के लिए टीम गठित

जनसंदेश न्यूज

**जांच**

**एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश**

**ज्ञानपुर।** भदोही ब्लॉक के तुलसीचक और परगासपुर में कराए गए विकास कार्यों और मनरेगा भुगतान की जांच होगी। शिकायत पर डीएम गौरांग राठी के निर्देश पर डीपीओ और भूमि संरक्षण अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया।

एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। तुलसीचक निवासी अजय कुमार यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि महत्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में ग्राम प्रधान ने बेटे, भाई, भतीजों के नाम जाबकार्ड बनाकर फर्जी तरीके से भुगतान किया जबकि सभी वाराणसी और भदोही में निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। इसके अलावा समतलीकरण के नाम पर भी मनरेगा में धांधली की गई। इसके अलावा हैंडपंप रिबोर, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मदों में भी गड़बड़ी की गई। राशन कार्ड के सत्यापन में कई करोड़पति लोगों को सचिव ने पात्र बना लिया। डीएम के निर्देश पर सीडीओ ने डीपीओ, जिला प्रोबेशन अधिकारीद्ध शत्रुघ्न कन्नौजिया को जांच अधिकारी नामित किया। इसी तरह परगासपुर गांव में भी ग्रामीणों की शिकायत पर भूमि संरक्षण अधिकारी को जांच अधिकारी बनाया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव ने कहा कि तुलसीचक और परगासपुर में जांच अधिकारी नामित किए गए हैं। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी।

# खादी एक वस्त्र ही नहीं एक विचार धारा है: अनिरुद्ध

**गोपीगंज।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा रामलीला मैदान, मीरजापुर रोड, गोपीगंज में आयोजित जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी वृहद प्रदर्शनीका जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोपीगंज प्रहलाद दास गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा चरखे पर सूत कातकर व प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टालों के उत्पादों का अवलोकन व महत्व पर चर्चा किया गया।अतिथियों द्वारा दस लाभार्थियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल एक करोड़ 72 लाख रुपए का डेमो चेक वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी और विधायक दीनानाथ भास्कर ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी विंध्याचल मंडल मीरजापुर ध्यानचंद ने खादी के उत्पादों के विक्रय व प्रचार-प्रसार पर बल दिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भदोही अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि 3 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित दस दिवसीय खादी मेले के द्वारा खादी के उत्पादों ,स्थानीय हस्तशिल्प व खादी विचार धारा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान मिजार्पुर के लोक गीत गायक मंचासीन लोगो के लिए स्वागत गीत गा कर मंत्रमुग्ध कर दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से गिरजा प्रशाद,मो सलीम, महेंद्र मिश्रा,नागेंद्र मिश्रा, राजेश कुमार सिंह,जिला सूचना अधिकारी पंकज कुमार,रवि पाण्डेय समेत लोग रहे।


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व विधायक दीनानाथ भास्कर

**आयोजन**

**खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का जिपं अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

**हर हुनरमंद हाथों को काम मिले इस दिशा में खादी बोर्ड सक्रिय**

## कटरा डीघ में विवादित स्थल पर हो रहे निर्माण को राजस्व व पुलिस टीम ने रोकवाया

**ज्ञानपुर।** कोइरौना थाना क्षेत्र के डीघ ग्राम पंचायत के कटरा बाजार में विवादित भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को राजस्व और पुलिस की टीम ने रोकवा दिया। बताते चलें कि डीघ गांव के कटरा बाजार स्थित एक भूमि का मामला न्यायालय में चल रहा है। बाबजूद इसके एक पक्ष के लोग इस पर जबरन निर्माण को आमादा है। इस मामले में डीघ गांव निवासी राजेश कुमार चौबे ने इस स्थल पर हो रहे निर्माण को रोकने की गुहार राजस्व अफसरों से लगाई थी। इस मामले में पहले एडीएम और एसडीएम कोर्ट ने निर्माण कार्य रोककर यथास्थिति का आदेश दिया था, जिस पर आज राजस्व निरीक्षक अनिल तिवारी ने लेखपाल और कटरा चौकी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रोक दिया। मामला कोर्ट में होने की जानकारी दोनों पक्षकारों को देते हुए कानूनगो ने किसी तरह का निर्माण नहीं करने की हिदायत दोनों पक्षों को दी है।

# समाजसेवी ने गरीब बच्चों में वितरित की पाठ्य सामग्री



**करंजाकला।** क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पतहना में नव वर्ष के अवसर पर समाजसेवी द्वारा गरीब बच्चों को कॉपी कलम और मिष्ठान बांटे गए। पिछले कई सालों से समाजसेवी विनय द्वारा ऐसे सराहनीय कार्य किए जाते है। इसके पूर्व उन्होंने ठंड को देखते हुए बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कंबल भी वितरित किया था। इसी क्रम में उन्होंने बुधवार को ग्राम सभा पतहना के बच्चों को कॉपी, कलम और मिष्ठान बांटे। इस अवसर पर ग्राम प्रधानपति चंद्र भुवन, जितेन्द्र कुमार अध्यापक आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में चालीस अभ्यर्थियों का चयन

**भदोही।** जिला सेवायोजन कार्यालय भदोही एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फत्तूपुर भदोही एवं कौशल विकास मिशन भदोही के संयुक्त तत्वाधान में एमबी एण्ड सन्स प्राईवेट आईटीआई सिंघापुर सारीपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन बुधवार को किया गया।


रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी

रोजगार मेले में कुल 8 कम्पनियों ने प्रतिभाग में किया, जिसमें में लगभग 450 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, तदोपरान्त 250 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर कुल 40 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेला के मुख्य अतिथि औराई विधायक दीनानाथ भाष्कर ने बेरोजगार अभ्यर्थियों को मिशन रोजगार के बारे में बताया उक्त के अतिरिक्त प्रदेश सरकार की चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अभ्यर्थियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी शिवानी , प्रधानाचार्य सत्यदेव दूबे, कौशल विकास मिशन के प्रबन्धक शैलेन्द्र यादव, एमबी एण्ड सन्स से शिवबहादुर विजय बहादुर, अमरनाथ शर्मा सेवायोजन के वरिष्ठ सहायक लव कुमार मिश्र, वीरेन्द्र कुमार यादव, योगेन्द्र कुमार, कृपाशंकर एवं एमबीएण्ड सन्स प्राईवेट आईटीआई के समस्त स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## पैरोकारों के साथ गोष्ठी कर एएसपी ने दिया दिशा निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद के थानों में नियुक्त समस्त पैरोकारों के साथ बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बैठक किया। बैठक में एएसपी ने न्यायालय से जारी होने वाले प्रासेस वसूली वारंट का शत प्रतिशत तामीला सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए। न्यायालय में सुनवाई के दौरान चल रहे जिन मुकदमों में आरोपी तारीख पर ससमय उपस्थित नहीं हो रहे हैं, उन्हें जरिए जमानतदार समक्ष न्यायालय उपस्थित कराएं जाने के सम्बंध में भी निर्देशित किया।


गोष्ठी के दौरान पैरोकारों को जरूरी निर्देश देते एएसपी राजेश भारती

# ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी देश के भविष्य: आशीष सिंह

जनसंदेश न्यूज

**सुरियावा।** क्षेत्र के अभिया बाजार में एसीबी हैंडर्म क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह ने किया।

जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है और यह ग्रामीण अंचल के जो खिलाड़ी हैं ये आज नहीं कल हमारे देश के भविष्य है, इन्हीं में से कोई चल करके प्रदेश और देश के लिए खेलेगा।

आयोजन समिति अध्यक्ष अजय साव उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता कोषाध्यक्ष राम कुमार साव ने जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया। युवा समाजसेवी दिनेश कुमार यादव दादा ने कहा है कि खेल हमारे शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक हैं। युवा पीढ़ी को अध्ययन के साथ खेलों पर पूरा ध्यान देना चाहिए।


एसीबी हैंडर्म क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह

व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारे का प्रतीक है खेल को खेल की भावना से खेलनी चाहिए। इस अवसर पर राकेश वर्मा दिनेश यादव दादा, धीरज सिंह, पूर्व प्रधान सुरेंद्र विश्वकर्मा, डॉ. जय नाथ, एकाली प्रसाद, अच्छे लाल गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति, फूलचंद साहू, पवन, सलीम अली, राजेश हलवाई, पूर्व प्रधान जयप्रकाश गौतम, अमन सरोज, अजय, अनिल गुप्ता, रामकुमार काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कोई यूं ही नहीं बन जाता रघु राय



## कलाकार-लेखक के अलावा कुशल छायाकार भी हैं गणेशन

## दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय और बनारस पर लिखी पुस्तक

## बनारस प्रवास के दौरान रघु राय के साथ मिला था सानिध्य

## कोरोना काल की आपदा को घाटों पर कैमरे में किया था कैद



**राधेश्याम कमल**

काशी के डा. राधाकृष्ण गणेशन पिछले चार दशकों से छायांकन कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व भी एक विशाल कैनवास की तरह है। बनारस में रह कर यहां पर फोटोग्राफी करना उनका शौक रहा है जो आज तक लगातार जारी है। चार दशक पूर्व (वर्ष 1980) में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद भारत कला भवन में 1990 में बतौर सीनियर आर्टिस्ट के पद पर नौकरी शुरू की। डा. राधाकृष्ण गणेशन ने कई पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया। कोरोना काल के दौरान 2020 में जब पूरा शहर सूनसान पड़ा था उस दौरान विरान पड़े गंगा घाटों पर जाकर फोटोग्राफी कर उन चित्रों को कैमरे में कैद किया। जो आज भी उस कोरोना काल की विभीषिका को दर्शाते हैं। फोटोग्राफी के दिग्गज रघु राय पर उन्होंने रघु राय और बनारस पुस्तक की रचना की। जो दुर्लभ के साथ ही संग्रहणीय भी है।

बनारस सुख, समृद्धि सुकून एवं मोक्ष का शहर है, बनारस गलियों, घाटों, मंदिरों, फक्कड़ियों, विद्वानों एवं रहस्यों का शहर है, राह चलते शांत अनमोल खजानों से मुलाकात हो जाना यहां आम है। ऐसे ही खजानों को खोज-खोज कर सामने लाने में लीन हैं विविध गुणों से संपन्न काशी के कलाकार डॉ. राधाकृष्ण गणेशन। रहस्यों के अथाह सागर में गोता लगाते हुए एक अनजान यात्रा पर निकल जाना और डूबकर आंखों के सामने छाए हुए धुंधलके को छांटते हुए एक ऐसे अनजान मंजिल तक पहुंच जाना जहां वह और कई ऐसे रहस्यों से संवाद करने में सफल हो जाते हैं जिसका उन्हें भान तक नहीं होता, कुछ ऐसी ही यात्रा लगभग हर रचनाशील व्यक्ति की होती है। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, काशी विद्यापीठ वाराणसी से व्याख्याता का सफर तय करते हुए भारतीय संग्रहालयः प्रचार तथा विपणना' विषय पर पीएचडी के साथ ही भारत कला भवन संग्रहालय में सीनियर आर्स्टिस्ट के पद पर कार्यरत रहे। उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हैं, आलेख निरंतर तमाम पत्रिकाओं को समृद्ध करती रहती हैं। छायांकन में डी एल बोहरा जैसे गुरु का सानिध्य उनके लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। 10 सितंबर 1962 में काशी में जन्में डॉ आर गणेशन की हाल ही में प्रकाशित 'रघु राय और बनारस' एक महत्वपूर्ण कृति है। संस्कृति, संग्रहालय, लोक कला परंपरा, धरोहर जैसे तमाम विषयों पर ज्ञानवर्धक पुस्तकों एवं आलेखों के प्रकाशन के साथ ही तमाम एकल एवं सामूहिक प्रदर्शनियों में वह लगातार पुरस्कृत भी हुए हैं। काशी के (हनुमान घाट) में ही जन्मे, पले-बढ़े डॉ. राधाकृष्ण गणेशन की प्रारम्भ से ही चित्रकला, आन्तरिक सज्जा, संगीत, अभिनय, लेखन आदि अनेक विषयों में रूचि थी, जिसमें इन्होंने उपाधियाँ भी अर्जित की। इनकी भारतीय कला एवं संस्कृति के विविध पक्षों के अध्ययन में भी गहरी रुचि एवं पैठ है जो इनके विविध पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध-पत्रों, लेखों व पुस्तकों से स्पष्ट है। इन्होने चित्रकला, क्राफ्ट, कोलम आदि विषयों पर अनेक प्रदर्शनियां, कार्यशालाए की एवं स्कूलों में इन कलाओं को प्रोत्साहित भी करते रहे। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर अनेक पुस्तकें लिखीं, एवं हिंदी शोध पत्रिका शाश्वत का सम्पादन भी किया।

जनसंदेश टाइम्स

**डा. राधाकृष्णन गणेशन से खास मुलाकात**

### छाया चित्रण में है विशेष अभिरुचि

डॉ.गणेशन का छायाचित्रण में विशेष अभिरुचि है। सन् 1995 में इन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित हॉबी सेन्टर में यहॉ के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को पारम्परिक फोटोग्राफी में प्रशिक्षित करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान इन्होंने अनेक कार्यशालायें, व्याख्यान एवं विविध विषयों पर छायाचित्र प्रदर्शनियॉ भी आयोजित की। प्रारम्भिक प्रमुख प्रदर्शनियों में एगेइन्स्ड द लाइट-1998, फोकस-1999, आरोरा-2003, वात्सल्य,2003 आदि हैं। इनके छायाचित्र एवं आलेख देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अनवरत प्रकाशित होते रहते हैं ।



### कोरोना काल की भयावह तस्वीरों को किया कैद

कोरोना काल में घाटों पर व्याप्त काटने को दौड़ता सूनापन, भयावह दिखती सड़के, हलचल विहीन नजर आती गंगा, यात्री और नाविक की प्रतीक्षा में नाव, नावों के बीच से और भी रूद्र रूप में झांकता सूरज, खाने की तलाश में सुनसान घाटों पर भटकते बंदर, कुत्ते, गाय, निरीह आंखें, दाने को भटकता कबूतरों का झुंड जैसे विषय आपके छायांकन में रहे हैं, जो बरबस ही उस दौर के विभीषिका को बयां कर रहे हैं। ऐसे समय में जबकि बाहर निकलना खतरों से खेलना था, कितने मुश्किलों के बीच मिले होंगे ऐसे फोटोग्राफ्स, कला को लेकर ऐसी दीवानगी आर. गणेशन के यहां ही संभव है शायद ही लॉकडाउन के समय की ऐसी तस्वीरें कहीं देखने को मिलें सिवाय गणेशन के संग्रह के।

### चार दशकों से कर रहे हैं बनारस पर छायांकन

डॉ.गणेशन पिछले चार दशकों से बनारस को छायांकित कर रहे हैं, जो अब इनका खास शौक बन चुका है। वर्तमान में बनारस की विरासत के संरक्षण, संवर्धन की दिशा में आधुनिक डिजिटल कैमरे से भी अंकन कर बनारस की देखे-अनदेखे विविध पहलुओं को प्रस्तुत करने हेतु ये अनवरत प्रयासरत हैं। इनके ऐसे विविध छायाचित्र (लगभग 500 से भी अधिक) देश-विदेश के कई फोटोग्राफिक संस्थानों द्वारा पुरस्कृत एवं उनकी दीघाओं हेतु चयनित हो चुके हैं। बनारस श्रृंखला में इनकी अनेक प्रदर्शनियां भी विविध शहरों पर आयोजित हो चुकी हैं। इनकी दो फोटो पुस्तक अल्बम साधुज आफ बनारस तथा ह्यरघुराय एंड बनारस भी प्रकाशित हुई है। बनारस विषय पर अन्य पुस्तकें भी प्रकाशनाधीन हैं। श्री गणेशन ने बनारस के सौन्दर्य को ही अपने छायांकन का विषय नहीं बनाया, अपितु उसके धार्मिक, आध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक बिन्दु को भी समाहित करते हुए, यहॉ की जीवन शैली को अपने अर्जित अनुभव व ज्ञान द्वारा प्रत्यक्ष दशार्ने का प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त संग्रहालय विज्ञान, चित्रकला में भी इनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हैं। इन्होंने हिंदी के विकास हेतु हिंदी शोध पत्रिका शाश्वत का सम्पादन भी किया। बचपन से ही मां-पिता द्वारा दिए गए संस्कार को पाकर चित्र बनाने की जो शुरूआत हुई जो धीरे-धीरे बहुत दूर तक पहुंच गई। दृश्य कला संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय से व्यावहारिक कला में शिक्षा, दक्षिण भारतीय पारिवारिक परिवेश तथा काशी कला संगीत से भरी-पूरी धरती का योगदान रहा। वेद, भारतीय संस्कृति और परंपरा का ज्ञान भी कृतियों में साफ झलकता है। चित्रकला के साथ ही संगीत, साहित्य,फोटोग्राफी, कंप्यूटर ग्राफिक्स पर भी अच्छी पकड़ है।



### पल-पल अपने विषय क्षेत्र को पैना बनाया

डा. राधाकृष्ण गणेशन कहते हैं कि ऐसे ही कोई रघु राय नहीं बन सकता है। उसके लिए पल-पल अपने विषय क्षेत्र को पैना बनाये रखना पड़ता है। छायांकन की दुनिया में रघु राय एक ऐसे शख्स हैं जिन्होंने पिछले सात-आठ दशकों से विश्व पटल पर अपनी खास पहचान बनायी है। उनकी फोटोग्राफी की यात्रा की शुरूआत एक लंबी व जटिल प्रक्रिया से हुई थी। उस समय उपर्युक्त संसाधनों की कमी थी। रघु राय का बनारस सबसे प्रिय शहर था। रघु राय का मानना था कि काशी अब आधुनिकता व वैश्विकरण की ओर उन्मुख होता जा रहा है। लेकिन जनसाधारण की आस्था इस शहर की प्रधानता है। रघु राय का कहना था कि काशी जो मोक्ष की नगरी के नाम से प्रसिद्द है। कुछ लोग इसे शिव की नगरी भी कहते हैं। हिंदुत्व व उसके उद्भव को समझने की दृष्टि से मेरे सबसे पसंदीदा शहरों में से एक काशी है। रघु राय सर्वप्रथम 1975 में बनारस आये थे। तब से वह इस शहर के प्रति अनवरत खिंचाव सा महसूस कर रहे थे। उनका कहना था कि बनारस के घाटों पर एक ओर जहां जन्म व विवाह के उत्सव व अन्य मांगलिक कार्य संपादित होते हैं वहीं मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार भी सम्पन्न होते हैं। यह शहर पर्यटकों के लिए सदैव आकर्षण का केन्द्र रहा है।



### दिग्गज छायाकार रघु राय का बनारस से रहा गहरा नाता


फोटोग्राफी के जादूगर रघु राय का बनारस से काफी गहरा नाता रहा है। एक छायाकार होने के नाते काफी लंबे समय से राधाकृष्ण गणेशन रघु राय के शानदार व्यक्तित्व के फोटोग्राफी की पेचीदगियों को करीब से देखना चाहते थे। उनका सपना वर्ष 2020 में महाशिवरात्रि पर बनारस प्रवास के दौरान पूरा हुआ। राधाकृष्ण गणेशन काशी प्रवास के दौरान रघु राय के साथ पांच दिनों तक उनके साथ रह कर उनके अनुभव व छायांकन की बारीकियों को सीखें और समझने का प्रयास किया। इसके साथ ही रघु राय के अविस्मरणीय पलों को अपने कैमरे में कैद किया। बाद में उन्होंने रघु राय और बनारस पुस्तक की रचना की। रघु राय पर लिखी गई यह पुस्तक अपने आप में दुर्लभ व संग्रहणीय है। आर. गणेशन बताते हैं कि वह अपने छात्र जीवन से ही फोटोग्राफी के दिग्गज रघु राय का प्रशंसक रहा। लाइब्रेरी में उनकी फोटोग्राफी की पुस्तकें देख कर वह उत्साहित व प्रेरित होते रहे। उनके बारे में और भी जानने व समझने की इच्छा मन में उठती रही। उनके लिए गये फोटो की तकनीक समझने के लिए पत्र-पत्रिकाओं में उनका लेख व इंटरव्यू भी पढ़ते रहे। कहते हैं कि इंडिया टुडे व इलस्ट्रेटड वीकली जैसी पत्रिकाओं में उनके चित्र उन्हें अचम्भित करते रहे।



### गणेशन की कृतियों में सीमा से परे जाकर प्रयोग की गुंजाइश

आर गणेशन का कहना है कि मेरे प्रत्येक सर्जना के प्रायः आयाम होते हैं। प्रथम सतही या सामान्य बिंब और दूसरा मिथकीय अथवा तात्विक आयाम'। कलाकार आर. गणेशन के ये शब्द उनके रचना प्रक्रिया एवं उद्देश्य को बहुत ही सटीक तरीके से बयां करते हैं। उनकी कृतियों में सीमा से परे जाकर प्रयोग की गुंजाइश है, अधिकतर कृतियां बिना पेंसिल एवं तुलिका से बनाई गई हैं। सूखा एवं कोमल रंग, सशक्त स्ट्रोक, रेखाओं का मंझा हुआ खेल, लयात्मक एवं कई परतों में छिपी हुई संवेदनात्मक भावनाओं से ओतप्रोत कृतियां विषय के साथ पूर्णतः न्याय करती दिखाई पड़ती हैं। उनकी कृति 'स्वच्छ गंगा-३' में जल एवं मछलियों के आपसी सामंजस्य को दर्शाया गया है। गंगा को स्वच्छ रखने हेतु मछलियों की आवश्यकता, जल का चलायमान होना जैसे गंभीर मुद्दों को लयात्मक प्रवाही धाराओं एवं रंगों के हल्के-गहरेपन से इतनी बारीकी से संवारा गया है कि स्वच्छता खुद-ब-खुद प्रदर्शित हो जा रही है। मछली और जल का अंकन एवं रंग संयोजन एक-दूसरे में इस कदर घुल-मिल गए हैं कि अलग कर पाना मुश्किल हो जाता है। उनकी स्वच्छ गंगा पर पूरी श्रृंखला तैयार होने को है। गणेश श्रृंखला भी बहुत ही महत्वपूर्ण बन पड़ी है, कागज पर सूखे रंग तथा अंगूठे से दिया गया उस पर लयात्मक और संतुलित आघात, समृद्ध संयोजन, कागज की सफेदी का सार्थक उपयोग और गणेश के कई-कई भाव कलाकार आर गणेशन को और समृद्ध बनाते हैं।







# अपने उद्देश्य में कितने सफल हैं राहुल



**ध्यान खींचा है**

**कितना लोगों को जोड़ रही भारत जोड़ो यात्रा**

राहुल ने दक्षिण से उत्तर भारत तक यात्रा इसलिए शुरू की थी कि वे जान सकें कि भारत में क्या लोग वैसे ही हैं, जैसा कि राष्ट्रीय चैनल या अखबार उसे दिखाते हैं। उन्होंने ही मान लिया कि ऐसा नहीं है। देश में नफरत का माहौल नहीं है जैसा कि दिखाया या बताया जाता है। दिल्ली में संबोधन के दौरान इसे उन्होंने स्वीकार किया था और अब भारतीय राजनीति के मर्मस्थल यूपी के पश्चिमी हिस्से को स्पर्श करते हुए जानना चाहा है कि क्यों प्रदेश का हिस्सा वैसा ही है या बदल चुका है। उनकी स्वीकार्यता कुछ है या नहीं। बुधवार को लोग उन्हें देखने, जानने और समझने के लिए जुटे और संवाद भी किया और उसकी नतीजा भी बताया।

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में एंट्री के समय यात्रा को हिट करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। समूचे उत्तर प्रदेश से ज़िला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने यूपी बॉर्डर पर डेरा डाल दिया। राहुल गांधी जब दिल्ली से लोनी बॉर्डर के जरिए यूपी में दाखिल हुए तो कांग्रेस की कोशिशें प्रभावी दिखीं।

ऐसी किसी भी रैली में भीड़ का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। जहां तक नजर जाए और उससे पार भी सिर्फ. लोगों का हुजूम था। लोनी और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग पूरे रास्ते पर कतारबद्ध खड़े थे। इनमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी थीं जो राहुल गांधी की एक झलक पाना चाहती थीं। ऐसी ही दो बुजुर्ग महिलाओं का कहना था कि राहुल गांधी को देखना है, कभी देखा नहीं है इसलिए देखना है। हमें आकर अच्छा लगा, आगे चल कर अगर वो कुछ करके दिखाते हैं तो उन्हें वोट भी दे सकते हैं।

ये महिलाएं कहती हैं, हमारी गली में पानी की टंकी तक नहीं है। महंगाई बहुत ज्यादा है। गैस सिलेंडर देखिए कहां पहुंच गया है.।अगर राहुल इस बारे में कुछ करते हैं तो बहुत अच्छा होगा। कुछ बुजुर्ग महिलाएं ऐसी भी थीं जिनकी जुबान पर राजीव गांधी का नाम था। हालांकि बाद में उन्होंने अपने आप को दुरुस्त करते हुए कहा कि वो राहुल को देखने आई हैं। कांग्रेसी वर्कर्स के अलावा बड़ी तादाद में ऐसे आम लोग भी थे जो कौतूहल की वजह से ये देखने आए थे कि यात्रा कैसी चल रही है। एक सवाल यह भी उछला कि भीड़ तो बहुत ज्यादा है, पर क्या ये वोट में बदलेगी। इस पर तो अभी संदेह है। कई संगठनों के सदस्य भी राहुल गांधी से मुलाकात करके उन्हें अपने मुद्दों पर जानकारी देने का प्रयास कर रहे थे। गाज़ियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन से जुड़ी सीमा त्यागी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ राहुल गांधी से मिलीं। उनका कहना था कि एक देश, एक शिक्षा एक बोर्ड ही हमारी मांग है, जब तक हिंदुस्तान के सभी बच्चों को एक जैसी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक भारत विकसित नहीं होगा। हमें राहुल गांधी से उम्मीद है कि वो समान शिक्षा की दिशा में कुछ करेंगे। इस यात्रा में बड़ी तादाद में ऐसे युवा भी थे जो राजनीतिक रूप से तटस्थ हैं, लेकिन यहां आकर यात्रा के भाव को महसूस करना चाहते थे। एक युवती का कहना था कि मैं राहुल जी को देखने आई हूं और उनके मुद्दे से भी जुड़ना चाहती हूं। मैंने केमिस्ट्री में एमएससी की है, नेट की परीक्षा पास की है। लेकिन नौकरी नहीं लगी। बेरोजगार हूं. अब राहुल से उम्मीद है कि वो इस बारे में कुछ करेंगे। पहले जब मोदी जी आए थे तब उनसे बहुत उम्मीद थी, उन्होंने दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन कुछ किया नहीं, इसलिए इस बार राहुल से उम्मीद है। पढ़-लिख कर खाली बैठे हैं, हमारे जैसे बेरोजगारों की कोई सुनने वाला नहीं है।

वो यहां अकेली नहीं थीं जिन्हें रोजगार को लेकर शिकायत थी। आसपास छोटे-मोटे काम करने वाले कई युवा एक सुर में कहते हैं, सरकार चाहे जिसकी भी हो, बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। हम सिर्फ.राहुल को देखने नहीं आए हैं. हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित हो। एंब्रॉयडरी का काम करने वाले एक शख्श ने कहा कि एक मजदूर सिर्फ. 450-500 रुपए ही कमा पाता है। मौजूदा सरकार के शासनकाल में महंगाई इतनी ज्यादा हो गई है कि एक आम आदमी खाने-पीने के आगे सोच ही नहीं पा रहा है। उसकी सारी कमाई दो रोटी के जुगाड़ में चली जा रही है। इसलिए ही हम बदलाव चाहते हैं और पहले जैसी सरकार चाहते हैं। अमेठी से आए कांग्रेस के एक सक्रिय कार्यकर्ता ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि 2024 में हम फिर से वापस आ रहे हैं। गांव-गांव जाकर यात्रा का संदेश देंगे. लोगों को बताएंगे कि लाखों की भीड़ थी।

कांग्रेस ने यूपी के गांव-गांव से अपने कार्यकर्ताओं को दिल्ली बॉर्डर पर बुलाया था। एक कार्यकर्ता का कहना था कि इतनी भीड़ और जोश देखकर बहुत अच्छा लग रहा है, ऐसा लग रहा है पार्टी फिर से मजबूत हो रही है। अब आगे हम और भी मेहनत करेंगे। दिल्ली से चले एक कार्यकर्ता का कहना था कि यात्रा अद्भुत है, लोगों में राहुल गांधी को देखने और सुनने का गजब उत्साह है। अब लग रहा है कांग्रेस फिर से मजबूत हो रही है। कांग्रेस का कार्यकर्ता फिर से खड़ा हो गया है। इस यात्रा ने राहुल गांधी को कमजोर (शारीरिक रुप से) कर दिया है, लेकिन कांग्रेस मजबूत हो गई है। पार्टी में नई जान आ गई है। नफरत के इस दौर में वो इकलौता गांधी है जो मोहब्बत बांट रहा है, प्यार बिखेर रहा है। मैं अपने नेता का साहस बढ़ाने आया हूं. मैं उनकी एक झलक देख पाया। उनके तेज, उनका तप, उनका त्याग सब दिख रहा है। सोशल मीडिया पर मैं यात्रा को देखता था और मन में प्रश्न उठता था कि वो इतने ऊजार्वान कैसे हैं। आज उन्हें देखा तो उस प्रश्न का जवाब मिल गया। उन्हें देखकर मुझे कैसा लगा शब्दों में बयान नहीं कर सकता। एक युवा ने कहा कि कांग्रेस से नहीं जुड़ा हूं। यात्रा में ये मेरा पहला दिन है, मैं 10 किलोमीटर चल चुका हूं। आज देश का जो माहौल है उसमें इस भारत जोड़ो यात्रा की जरूरत महसूस होती है। मुझे लगा कि राहुल ने पैदल देश में निकलकर बिल्कुल सही काम किया और मैं बस इसी सही काम में उनका साथ देने आया हूं।

देश में एक मुख्य विपक्ष की जरूरत थी. विपक्ष का सामने आना बहुत जरूरी था. राहुल गांधी सड़क पर लोगों से मिल रहे हैं और उनके मुद्दों को समझ रहे हैं. जब वो कश्मीर तक पहुंचेंगे तब हिंदुस्तान की उस जनता को समझ चुके होंगे जो सड़क पर अपने मुद्दों के साथ उनसे मिलने आई थीं। क्या भारत जोड़ो यात्रा का स्थानीय राजनीति पर कुछ असर होगा, इस पर एक स्थानीय व्यक्ति कहते हैं, यात्रा बहुत अच्छी लग रही है, यात्री बहुत अच्छे हैं। मुद्दा भी ठीक है, लेकिन ये इलाका लोकदल का है, ऐसे में वोटों पर इसका बहुत अधिक असर नहीं होगा।

# खरमास बाद एक बार फिर गूंजेगी शहनाई

**होगा आगाज**

**इस साल मई में सबसे अधिक मुहुर्त जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्तूबर में शादी का कोई शुभ मुहूर्त नहीं**

**वाराणसी।** नववर्ष 2023 का आगाज हो चुका है। इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा शादी-विवाह एवं मांगलिक कार्य के कुछ कम ही मुहुर्त मिलेंगे। खरमास खत्म होने के बाद वैवाहिक लग्न मिलेंगे। खरमास के बाद सूर्य ग्रह के दक्षिणायन आने के बाद से वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ हो जायेंगे। सूर्य ग्रह मकर राशि में 14 जनवरी 2023 की रात्रि 8.45 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही खरमास समाप्त हो जायेगा। सूर्य ग्रह के मकर राशि में प्रवेश करने पर सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आ जाते हैं। उत्तरायण में सूर्य के आने से मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है।

प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक 15 जनवरी 2023 से 26 फरवरी 2023 तक वैवाहिक कार्यों के लिए शुभ शुभ रहेगा। 27 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक होलाष्टक के कारण समय अशुभ रहेगा। 8 मार्च से 14 मार्च तक शादी विवाह के लिए शुभ समय रहेगा। 15 मार्च 2023 से 29 अप्रैल 23 तक गुरु अस्त रहेंगे। इस दौरान खरमास भी रहेगा। जिसके चलते विवाह शादी 30 अप्रैल के बाद प्रारंभ होंगे। जो 29 जून तक चलेगा। 30 जून से 22 नवम्बर तक सूर्य कर्कायन हरिशयन, अधिकमास शुक्र के अस्त होने से विवाह नहीं हो पायेगा। 23 नवम्बर 2023 में देवउठनी एकादशी से 15 दिसम्बर 2023 तक मांगलिक कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। 16 दिसम्बर 2023 से वर्ष के अंत तक सूर्य ग्रह के धनु राशि में आने पर खरमास प्रारंभ हो जायेगा जो अगले वर्ष 13 जनवरी 2024 तक रहेगा।

**कब-कब रहेगा वैवाहिक मुहुर्त**

**जनवरी**-15, 16, 18, 19, 25, 26, 27, 30, 31
**फरवरी**-6, 7, 9, 10, 12, 13,14, 16, 22, 23, 27, 28
**मार्च** -6, 9, 11, 13
**मई**-3, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15,16, 17, 20, 21, 22, 29,30
**जून**-1, 3, 5, 6, 7, 11, 12, 23, 26
**नवंबर**-23, 27, 28, 29
**दिसंबर**-6, 7, 9, 15